CMYK

अधिकतम :29°C
न्यूनतम: 16°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुजफ्फरनगर, बुधवार 15 अक्टूबर 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 274 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com कार्तिक कृष्ण पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2082 22 रबी उल सानी 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



आजम खां ने ठुकराई वाई श्रेणी की सुरक्षा पेज 2



केएल राहुल का अर्धशतक, भारत ने पूरी की जीत की औपचारिकता खेल टाइम्स



बिहार विधानसभा चुनावः पीके को नजरअंदाज करना भूल होगी सम्पादकीय



गाजा में इजरायल ने मचाई 13 परमाणु बमों जितनी तबाहीः यूएन पेज 12


# भारत एक महान देश, मोदी मेरे बहुत अच्छे दोस्तः ट्रम्प

**अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के सामने की प्रधानमंत्री मोदी की तारीफ**

शर्म अल शेख, वार्ता

**अमेरिका के** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जमकर तारीफ की है। उन्होंने कहा कि भारत एक महान देश है और मेरे एक बहुत अच्छे दोस्त वहीं शीर्ष पर हैं।

उन्होंने शानदार काम किया है। ट्रम्प ने यह बयान मिस्र के शहर शर्म अल-शेख में हुए विश्व नेताओं के शिखर सम्मेलन के दौरान दिया, जो गाजा में युद्धविराम समझौते के बाद आयोजित किया गया था। गाजा में युद्धविराम समझौते के बाद मिस्र में आयोजित वैश्विक नेताओं के शिखर सम्मेलन में ट्रम्प ने पीएम मोदी को अपना बहुत अच्छा मित्र करार दिया और भारत की तारीफ की। ट्रम्प ने कहा कि भारत एक महान देश है और उसके शीर्ष पर मेरा एक बहुत अच्छा मित्र है, जिसने शानदार काम किया है। मुझे लगता है कि भारत और पाकिस्तान अब बहुत अच्छे से साथ रहेंगे। बता दें कि इस दौरान खास बात यह रही कि जब ट्रम्प पीएम मोदी की तारीफ कर रहे थे तब पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ उनके पीछे ही खड़े थे। मोदी की तारीफ करते समय ट्रम्प ने शहबाज की ओर भी देखा। इस पर शरीफ ने मुस्कुराते हुए ट्रम्प की बात का स्वागत किया।



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि वर्षों की पीड़ा और रक्तपात के बाद, गाजा में युद्ध समाप्त हो गया है। अब मानवीय सहायता पहुंच रही है, जिसमें सैकड़ों ट्रक भरकर भोजन, चिकित्सा उपकरण और अन्य सामग्री शामिल है, जिसका अधिकांश भुगतान इस कमरे में बैठे लोगों द्वारा किया जा रहा है। नागरिक अपने घरों को लौट रहे हैं। बंधकों का पुनर्मिलन हो रहा है... एक नए और खूबसूरत दिन को उगते देखना बहुत ही सुंदर है और अब पुनर्निर्माण शुरू हो रहा है। इस दौरान ट्रम्प ने गाजा शांति शिखर सम्मेलन में कहा कि यह मध्य पूर्व से परे दुनिया के इतिहास में एक महत्वपूर्ण क्षण है। हम सभी इस बात पर सहमत हैं कि गाजा का समर्थन लोगों के उत्थान के लिए ही किया जाना चाहिए। लेकिन हम अतीत में हुए रक्तपात, घृणा या आतंक से जुड़ी किसी भी चीज को वित्तपोषित नहीं करना चाहते। हम इस बात पर भी सहमत हैं कि गाजा के पुनर्निर्माण के लिए यह आवश्यक है कि इसे विसैन्यीकृत किया जाए और गाजा में लोगों के लिए सुरक्षित वातावरण बनाने के लिए एक नए ईमानदार नागरिक पुलिस बल की स्थापना की जाए।

# चलती बस में आग लगने से 20 यात्री जिंदा जले

**जैसलमेर।** राजस्थान में जैसलमेर से जोधपुर जाने वाली यात्रियों से भरी निजी बस में मंगलवार को करीब साढ़े तीन बजे आग लगने से करीब 20 लोगों के जिंदा जलने की सूचना है।

मृतकों में महिलाएं और छोटे बच्चे भी शामिल हैं। मृतकों की संख्या अधिक भी हो सकती है। बस में आग लगने का प्रारम्भिक तौर पर कारण एसी में शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। कलक्टर प्रताप सिंह ने बताया कि हादसे के बाद बस पूरी तरह से जलकर खाक हो गई थी। मंगलवार करीब साढ़े तीन बजे यह बस जैसलमेर से जोधपुर के लिए रवाना हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक रास्ते में करीब 20 किलोमीटर दूर थईयात मार्ग पर वार म्यूजियम के पास बस के पिछले हिस्से में धुआं निकलना शुरू हुआ, जिसने देखते ही देखते भीषण रूप ले लिया। कुछ ही देर में पूरी बस आग का गोला जैसी नजर आने लगी। बस में 57 जने सवार थे। इनमें से अधिकांश सवारियां जैसलमेर से पोकरण के बीच के गांवों की थी।

## संक्षिप्त समाचार

### सितम्बर में थोक महंगाई दर घटकर 0.13 प्रतिशत हुई

**नई दिल्ली।** सितम्बर महीने में थोक महंगाई दर में मामूली गिरावट देखी गई। इस दौरान खाने-पीने की चीजों, ईंधन और विनिर्मित वस्तुओं की कीमतों में नरमी दिखी। इसके असर से थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) घटकर 0.13 प्रतिशत पर पहुंच गई। मंगलवार को जारी सरकारी आंकड़ों में इसकी पुष्टि हुई। थोक महंगाई दर अगस्त में 0.52 प्रतिशत तथा पिछले वर्ष सितम्बर में 1.91 प्रतिशत थी। उद्योग मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि सितम्बर 2025 में थोक महंगाई के सकारात्मक रहने का कारण खाद्य उत्पादों, गैर-खाद्य वस्तुओं, परिवहन उपकरणों और कपड़ों के विनिर्माण कीमतों में वृद्धि है। थोक मूल्य सूचकांक के आंकड़ों के अनुसार, खाद्य वस्तुओं की कीमतों में सितम्बर में 5.22 प्रतिशत की गिरावट दिखी। अगस्त में इसकी कीमतें 3.06 कम हुई थी। इस दौरान सब्जियों की कीमतों में गिरावट देखी गई। सब्जियों की कीमतों में सितम्बर में 24.41 प्रतिशत की नरमी आई।

### कर्नाटक में मालूर विस का चुनाव रद्द पर सुप्रीम कोर्ट की रोक

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कर्नाटक के मालूर विधानसभा का चुनाव रद्द करने वाले कर्नाटक उच्च न्यायालय के आदेश पर मंगलवार को रोक लगाते हुए पुनर्मतगणना का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाले कांग्रेस विधायक नानजेगौड़ा की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता एएम सिंघवी की दलीलें सुनने के बाद यह निर्देश दिया। पीठ के समक्ष उन्होंने दलील दी कि उच्च न्यायालय ने चुनाव याचिका में सात मुद्दे तय किए थे, लेकिन एक पर भी फैसला नहीं सुनाया। इस दलील पर शीर्ष अदालत ने उच्च न्यायालय के उक्त आदेश पर रोक लगाई।

### वरिष्ठ पुलिस अफसरों के घर गिफ्ट ले जाने पर लगी रोक

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस मुख्यालय ने अपने सभी अधिकारियों और कर्मियों को निर्देश जारी करते हुए कहा है कि दीपावली के अवसर पर कोई भी पुलिसकर्मी या अधिकारी अपने वरिष्ठ अधिकारियों के आवास पर उपहार, मिठाई या फूल लेकर न जाए। पुलिस कमिश्नर कार्यालय से जारी इस सर्कुलर में कहा गया है कि इस निर्देश का उल्लंघन अनुशासनहीनता मानी जाएगी और इसे प्रतिकूल दृष्टि से देखा जाएगा। यह आदेश जिला पुलिस उपाधीक्षक (डीसीपी) मुख्यालय-द्वितीय बी. भारत रेड्डी द्वारा जारी किया गया है।

### नियंत्रण रेखा पर सुरक्षा बलों ने किया दो आतंकियों को ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर सेना ने घुसपैठ की कोशिश नाकाम करते हुए दो आतंकियों को मार गिराया। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। नियंत्रण रेखा पर सुरक्षा व्यवस्था की कड़ी सतर्कता के बीच सेना ने घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया। अधिकारियों को भारी बर्फबारी के कारण पहाड़ी दर्रे बंद होने से पहले ऐसी कोशिशों में बढ़ोतरी की आशंका है।

# यूपी के 14.82 लाख राज्य कर्मियों को दिवाली गिफ्ट

## योगी सरकार ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए बोनस देने का किया ऐलान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दीपावली के शुभ अवसर पर राज्य कर्मचारियों को बड़ा उपहार देते हुए वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए बोनस देने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह निर्णय कर्मचारियों के परिश्रम और निष्ठा के प्रति राज्य सरकार की सराहना का प्रतीक है।

प्रदेश की प्रगति में सरकारी कर्मचारियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और सरकार हर स्तर पर उनके कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर वित्त विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार, राज्य सरकार के कर्मचारियों को उत्पादकता असम्बद्ध बोनस अनुमन्य किया गया है। यह बोनस मासिक परिलब्धियों की अधिकतम सीमा 7,000 के आधार पर 30 दिनों की परिलब्धियों का आगणन करते हुए दिया जाएगा, जिससे प्रत्येक पात्र कर्मचारी को 6,908 रुपये का लाभ मिलेगा। दीपावली से पहले यह आर्थिक लाभ कर्मचारियों के परिवारों के लिए आनंद और उत्साह लेकर आएगा तथा शासन- प्रशासन में नई ऊर्जा का संचार करेगा। इस निर्णय से राज्य सरकार के लगभग 14 लाख 82 हजार कर्मचारी लाभान्वित होंगे, जिस पर कुल व्ययभार लगभग 1,022 करोड़ आएगा। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया है कि पात्र कर्मचारियों को बोनस का भुगतान समयबद्ध रूप से सुनिश्चित किया जाए ताकि सभी परिवार इस पर्व को उल्लासपूर्वक मना सकें।



> यह निर्णय कर्मचारियों के परिश्रम और निष्ठा के प्रति राज्य सरकार की सराहना का प्रतीक है: सीएम योगी

### सीएम योगी महिलाओं को देंगे निःशुल्क सिलेंडर का उपहार

**आज लोकभवन सभागार में योजना का करेंगे शुभारंभ**

**लखनऊ।** उप्र सरकार ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग और वंचित परिवारों को राहत देते हुए दो निःशुल्क एलपीजी सिलेंडर रिफिल देने का निर्णय लिया है।

सीएम योगी आदित्यनाथ बुधवार को लोकभवन सभागार में इस योजना का शुभारंभ करेंगे और पात्र महिलाओं को मुफ्त सिलेंडर रिफिल का उपहार सौंपेंगे। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की शुरुआत मई 2016 में की गई थी, ताकि वे ग्रामीण और वंचित परिवार जो अब तक लकड़ी, कोयला, गोबर के उपले जैसे पारंपरिक ईंधन का उपयोग कर रहे थे, उन्हें एलपीजी जैसे स्वच्छ ईंधन की सुविधा मिल सके। इस योजना ने ग्रामीण भारत की रसोई को न केवल धुएं से मुक्त किया, बल्कि महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों को भी कम किया।

# भारत से युद्ध लड़ने की स्थिति में नहीं पाक

## पहलगाम जैसी हरकत दोहराई, तो अंजाम होंगे भयावह

**पाकिस्तान को चेतावनी**



- पश्चिमी सेना के कमांडर का ऐलान
- ऑपरेशन सिंदूर 2.0 होगा ज्यादा घातक,
- कैसे ध्वस्त किए थे पाक में आतंकी ठिकाने डीजीएमओ ने दिखाए सबूत

**जम्मू/नई दिल्ली।** पश्चिमी सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मनोज कुमार कटियार ने मंगलवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर 2.0 पहले से अधिक घातक और शक्तिशाली होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि पाकिस्तान भारत से युद्ध लड़ने की स्थिति में नहीं है, लेकिन वह पहलगाम जैसी कायराना हरकतों की फिर कोशिश कर सकता है।

पत्रकारों से बात करते हुए लेफ्टिनेंट जनरल कटियार ने कहा कि इस बार जो कार्रवाई होगी वह पहले से कहीं ज्यादा घातक होगी। इसमें कोई संदेह नहीं है। पाकिस्तान की हजार घावों से भारत को कमजोर करने की नीति अब भी जारी है, और भारतीय सेना इसके खिलाफ पूरी तरह तैयार है। जनरल कटियार के अनुसार, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमने पाकिस्तान के कई पोस्ट और एयरबेस तबाह कर दिए थे। लेकिन वह फिर से कोई साजिश कर सकता है। हमें सतर्क रहना होगा और हम पूरी तरह तैयार हैं। पूर्व सैनिकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पाकिस्तान फिर से पहले जैसी हरकत करने की कोशिश कर सकता है, लेकिन उसमें हमारे सामने खुलकर लड़ने की हिम्मत नहीं है। भारतीय सेना पूरी तरह सतर्क है और किसी भी हमले को नाकाम करने के लिए तैयार है। इसके -शेष पृष्ठ दो पर

### कुछ देश खुलेआम अंतर्राष्ट्रीय नियमों का उल्लंघन कर रहेः राजनाथ

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली में आयोजित संयुक्त राष्ट्र सैन्य योगदान देने वाले देशों के प्रमुखों के सम्मेलन को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने संबोधित किया। इस दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत के लिए, शांति स्थापना कभी भी एक विकल्प नहीं रही, बल्कि एक आस्था का विषय रही है। हमारी आजादी के आरंभ से ही, भारत अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखने के संयुक्त राष्ट्र के मिशन में उसके साथ मजबूती से खड़ा रहा है। हम सभी जानते हैं कि शांति स्थापना एक सैन्य मिशन से कहीं बढ़कर है, यह एक साझा जिम्मेदारी है। यह हमें याद दिलाता है कि संघर्षों और हिंसा से ऊपर मानवता है, जिसे बनाए रखने की जरूरत है और इसीलिए जब युद्ध और अभाव से त्रस्त लोग ब्लू हेल्मेट्स को देखते हैं, तो उन्हें यह एहसास होता है कि दुनिया ने उन्हें त्यागा नहीं है।

# देश में इस बार 110 साल की तीसरी सबसे तेज ठंड पड़ेगी

## हिमालय का 86 फीसदी हिस्सा बर्फ से ढका

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** देश में इस बार तेज ठंड पड़ेगी, क्योंकि ऊपरी हिमालय का 86 फीसदी हिस्सा समय से दो महीने पहले ही बर्फ से ढक गया है। पिछले दिनों आए वेस्टर्न डिस्टरबेंस के कारण पूरे हिमालय पर तापमान 2 से 3 डिग्री सेल्सियस कम बना हुआ है। इस वजह से ताजा बर्फ फिलहाल पिघल नहीं रही। यह अच्छा संकेत है।

दिसम्बर में ला नीना सक्रिय हो रहा है, जो प्रशांत महासागर के तापमान के सामान्य से ठंडा होने की एक मौसमी घटना है। इसके कारण भारत में अच्छी बारिश और ज्यादा ठंड पड़ती है। ऊपरी हिमालय यानी 4 हजार फीट से ज्यादा ऊंचाई वाले इलाकों में औसत तापमान माइनस 15डिग्री सेल्सियस या उससे भी कम रहता है। ला नीना के कारण उत्तर, मध्य और पूर्वी भागों में औसत तापमान 3-4 डिग्री सेल्सियस तक और गिर सकता है। मध्य प्रदेश में ठंड ने समय से पहले दस्तक दे दी है। भोपाल में मिनिमम टेम्परेचर 15.8डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ, जो सामान्य से 3.6 डिग्री सेल्सियस कम है। भोपाल में यह तापमान पिछले 26 साल में अक्टूबर के पहले पखवाड़े में तीसरी बार इतना कम रिकॉर्ड हुआ है। इधर,




**मप्र-राजस्थान में रात का तापमान 15 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा**

राजस्थान में दिन और रात के तापमान में अंतर नजर आने लगा है। सीकर में रात का मिनिमम टेम्परेचर 15डिग्री सेल्सियस से नीचे रिकॉर्ड हुआ। उत्तराखंड में केदारनाथ धाम के ऊपरी हिस्सों पर पहाड़ों पर बर्फ जमने लगी है। डा. मेहता के मुताबिक ताजा बर्फबारी ने ग्लेशियरों की सेहत दुरुस्त होने के भी संकेत दिए हैं। हिमालय पर तापमान कम होने के चलते इस बार बर्फ पिघल नहीं रही। इससे ग्लेशियर 5 साल के लिए रिचार्ज हो जाएंगे। पूरे उत्तर भारत की नदियों के स्रोत नहीं सूखेंगे। सिक्किम, कश्मीर, उत्तराखंड, हिमाचल से लेकर नेपाल तक पूरे उच्च हिमालय पर सफेद बर्फ की चादर बिछी हुई है।

# दिल्ली-NCR में ग्रैप-1 लागू

**नई दिल्ली।** राजधानी में वायु प्रदूषण बढ़ने के साथ ही ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) का पहला चरण मंगलवार से लागू कर दिया गया है।

मंगलवार को दिल्ली का एक्यूआई 211 (खराब श्रेणी) में दर्ज किया गया। इसके अलावा, आईएमडी के पूर्वानुमान में भी आने वाले दिनों में एक्यूआई के खराब श्रेणी में बने रहने की भविष्यवाणी की गई है। आमतौर पर ग्रैप-1 तब लागू किया जाता है, जब शहर का एक्यूआई 200 के पार पहुंच जाता है। ग्रैप-1 लागू होने के बाद होटलों और रेस्तरां में कोयले और लकड़ी के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। इसके अलावा पेट्रोल के पुराने और डीजल वाहनों के संचालन पर सख्त निगरानी रखी जाएगी।

Global HR Solutions
Kyrgyzstan (Bishkek)
जल्द जरूरत है !
जॉब्स उपलब्धः
• वेल्डर (3G & 4G ARC) • राज मिस्त्री
• कंस्ट्रक्शन लेबर • सिलाई टेलर
वेतनः 700 USD प्रति माह (नेट)
टैक्स कम्पनी देगी
आवश्यक दस्तावेज़ः
• रेफरेन • योग्यता प्रमाणपत्र
• सर्विस सर्टिफिकेट • वेल्डर टेस्ट रिपोर्ट
सम्पर्क करें :-
+91 8630026067

।।शुभ मुहूर्त आया- होण्डा साथ लाया।।
धनतेरस व दीपावली की बुकिंग करने पर पायें निश्चित उपहार
पहले आओ......पहले पाओ.........
पहली बार ऐसे बम्पर ऑफर का लाभ उठायें
धनतेरस व दीपावली की शुरुआत की 200 बुकिंग पर पायें आकर्षक उपहार और Honda की Shine100 बाईक जीतन का सुनहरा मौका
जल्दी करें कहीं यह बम्पर ऑफर का मौका हाथ से छूट ना जाये।
HONDA
धनतेरस बुकिंग पर स्क्रैच कूपन द्वारा निश्चित उपहार



अंश होण्डा
जानसठ रोड, निकट एस.डी. इंजिनियरिंग कॉलेज मुजफ्फरनगर-251001 (उ.प्र.)
9634444261, 7060922671

## संक्षिप्त समाचार

### न्याय पाने को भटक रहा है पूरन कुमार का परिवार: प्रियंका

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा है कि आत्महत्या करने वाले हरियाणा के आईपीएस अधिकारी वाई पूरन कुमार के परिवार के सदस्य न्याय पाने के लिए दर दर भटक रहे हैं, लेकिन उनकी कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है। श्रीमती वाड्रा ने मंगलवार को यहां सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि आईपीएस अधिकारी की आत्महत्या के लिए जिम्मेदार लोगों को दंडित किया जाना चाहिए, लेकिन परिवार के लोगों को न्याय नहीं मिल रहा है। वे दर दर की ठोकरें खा रहे हैं, मगर उनकी बात को नहीं सुना जा रहा है। उन्होंने लिखा- हरियाणा के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी वाई पूरन कुमार ने हाल ही में जातिगत उत्पीड़न से तंग आकर आत्महत्या कर ली थी। उनका परिवार न्याय के लिए भटक रहा है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

### दीपावली के मद्देनजर नेपाल सीमा पर अलर्ट

**बस्ती।** दीपावली के पर्व एवं अयोध्या दीपोत्सव के मद्देनजर भारत-नेपाल सीमा पर अलर्ट जारी किया गया है। बस्ती परिक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) संजीव त्यागी ने मंगलवार को कहा कि बस्ती परिक्षेत्र का सिद्धार्थनगर जिला नेपाल सीमा से सटा हुआ है। सीमा पर सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के जवान निरन्तर चौकसी बरत रहे हैं। 20 अक्टूबर को अयोध्या में दीपोत्सव का आयोजन किया जा रहा है जहां पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु आएंगे। इस दौरान बस्ती जिले में भी सुरक्षा के लिए अलर्ट जारी किया गया है। सीमा से सटे सभी थाने, चौकियां सतर्क रहेंगी और हर आने-जाने पर पैनी निगाह रखेंगी।

### नगरों में तीव्र गति से बदल रहा विकास का स्वरूप

# यूपी में बनेगी व्यापक शहरी पुनर्विकास नीति

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ हमारे नगर केवल इमारतों का समूह नहीं, बल्कि जीवंत सामाजिक संरचनाएं हैं: सीएम योगी

**लखनऊ।** उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश के नगरों के तीव्र गति से बदलते विकास स्वरूप को देखते हुए अब एक व्यापक शहरी पुनर्विकास नीति की आवश्यकता है। यह नीति केवल भवनों के पुनर्निर्माण तक सीमित न रहकर शहरों के समग्र पुनर्जागरण का मार्ग प्रशस्त करेगी।

हमारे नगर केवल इमारतों का समूह नहीं, बल्कि जीवंत सामाजिक संरचनाएं हैं। इनके पुनर्जीवन के लिए ऐसी नीति आवश्यक है, जो आधुनिकता, परंपरा और मानवता तीनों का संतुलित समन्वय करे। मुख्यमंत्री ने मंगलवार को आवास विभाग की बैठक में कहा, नई नीति का उद्देश्य पुराने, जर्जर और अनुपयोगी क्षेत्रों को आधुनिक शहरी बुनियादी ढांचे, पर्याप्त सार्वजनिक सुविधाओं और पर्यावरणीय संतुलन के साथ विकसित करना है। नीति में ऐसे प्रावधान किए जाएं, जिनसे निवास योग्य, सुरक्षित, स्वच्छ और सुव्यवस्थित नगरों का निर्माण सुनिश्चित हो। उन्होंने निर्देश दिए कि नीति में भूमि पुनर्गठन, निजी निवेश को प्रोत्साहन, पारदर्शी पुनर्वास व्यवस्था और प्रभावित परिवारों की आजीविका की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाए। हर परियोजना में 'जनहित सर्वोपरि' की भावना हो तथा किसी की संपत्ति या जीविका पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। इसके लिए न्यायसंगत और मानवीय दृष्टिकोण अपनाया जाए। सीएम योगी ने कहा, नई नीति में राज्य स्तरीय पुनर्विकास प्राधिकरण, परियोजनाओं की सिंगल विंडो अप्रूवल प्रणाली व पीपीपी मॉडल को प्राथमिकता दी जाए। निवेशकों को स्पष्ट दिशा-निर्देश, प्रोत्साहन और सुरक्षा दी जाए, ताकि निजी क्षेत्र पुनर्विकास में सक्रिय भागीदारी कर सके। साथ ही हर परियोजना में हरित भवन मानक, ऊर्जा दक्षता और सतत विकास के प्रावधान अनिवार्य किए जाएं। नगरों की ऐतिहासिक विरासत और सांस्कृतिक पहचान के संरक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाए। पुराने बाजारों, सरकारी आवास परिसरों, औद्योगिक क्षेत्रों और अनधिकृत बस्तियों के लिए क्षेत्रवार अलग रणनीति तैयार की जाए।

### ग्राम पंचायतों की समृद्धि आत्मनिर्भर भारत की नींव: मुख्यमंत्री

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि ग्राम पंचायतों की समृद्धि ही आत्मनिर्भर भारत की नींव है। सरकार का लक्ष्य है कि हर ग्राम पंचायत सेवा, स्वच्छता और स्वावलंबन की प्रतीक बने। उन्होंने कहा कि पंचायतें केवल प्रशासनिक इकाइयां नहीं, बल्कि ग्रामीण विकास की आत्मा हैं। इन इकाइयों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए पारदर्शिता, तकनीक और स्थानीय संसाधनों के बेहतर उपयोग पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। पंचायती राज विभाग की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि पारदर्शिता और तकनीकी उपयोग के माध्यम से ग्राम पंचायतों की राजस्व प्राप्ति और जनसेवा की गुणवत्ता दोनों में सुधार सुनिश्चित किया जाए। विकास प्राधिकरणों के अतिरिक्त जिला पंचायतों के अधीन क्षेत्रों में भवन मानचित्र स्वीकृति के लिए जिला पंचायतों के पास दक्ष मानव संसाधन की उपलब्धता होनी चाहिए। इसके लिए प्रत्एक जिला पंचायत में सिविल इंजीनियर अथवा आर्किटेक्ट की तैनाती की व्यवस्था की जाए, जिससे स्थानीय निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके। मुख्यमंत्री ने ग्राम पंचायतों की आय बढ़ाने के लिए ग्राम सचिवालयों में आधार केंद्र खोलने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आधार कार्ड निर्माण, संशोधन, बायोमेट्रिक अपग्रेडेशन आदि कार्यों के लिए यह सुविधा उपलब्ध कराई जाए, जिससे नागरिकों को सुविधा मिले।

# सूचना का अधिकार सिर्फ कागजों पर जिंदा: कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**



कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने जनता के शासन प्रशासन के कामकाज की जानकारी लेने वाले सूचना के अधिकार कानून को सिर्फ काग. जों पर जिंदा रखा है, लेकिन इसे व्यावहारिक रूप से खत्म कर दिया है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने इसको लेकर एक अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र में विस्तार से लेख लिखकर कहा है कि यह कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार का क्रांतिकारी विचार था, लेकिन जनता के इस अधिकार को मोदी सरकार ने किस तरह से ध्वस्त कर दिया है, उसका विवरण इस लेख में है। खेड़ा ने सोशल मीडिया एक्स पर अपने लेख के बारे में जानकारी देते हुए मंगलवार को बताया, कागज़ों पर तो आरटीआई जिंदा है, लेकिन व्यवहारिक तौर से मोदी सरकार ने इस क्रांतिकारी विचार की मशीनरी को ध्वस्त कर दिया है, जिसने क़ानून के जरिए ताकतवर लोगों को कमजोर लोगों के प्रति जवाबदेह बनाया था। मैं मोदी सरकार द्वारा आरटीआई क़ानून को कुचले जाने पर लिख रहा हूं।

# उप्र में आठ सालों के दौरान 256 दुर्दांत अपराधी ढेर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ राज्य के 18 पुलिसकर्मी भी इस अवधि में मुठभेड़ों में वीरगति को प्राप्त हुए

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस ने पिछले आठ सालों में 256 दुर्दांत अपराधियों को पुलिस मुठभेड़ में मार गिराया है। इस दौरान 18 पुलिसकर्मी भी वीरगति को प्राप्त हुए हैं।

अधिकृत सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि पुलिस ने मिशन शक्ति 5-0 के तहत पिछले बीस दिनों में एक दर्जन से अधिक मुठभेड़ों में कई अपराधियों को मार गिराया, जबकि कई को हॉफ एनकाउंटर में दबोचा। पुलिस ने बीते सोमवार को मेरठ में एक बच्ची के साथ दरिंदगी के मामले में 25 हजार के इनामी बदमाश शहजाद उर्फ निक्की को ढेर किया, जबकि कुछ दिन पहले बरेली में अभिनेत्री दिशा पाटनी के घर पर फायरिंग करने वाले बदमाशों को करारा जवाब दिया। उन्होंने बताया कि प्रदेश पुलिस ने पिछले साढ़े आठ वर्षों में अपराध और अपराधियों के खिलाफ ताबड़तोड कार्रवाई करते हुए एनकाउंटर में 256 दुर्दांत अपरधियों को मुठभेड़ में ढेर कर यमलोक पहुंचाया है। इस दौरान पुलिस ने कुल 15,726 मुठभेड़ की कार्रवाइयां कीं, जिनमें 31,960 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। एनकाउंटर की कार्रवाई में 10,324 अपराधी घायल हुए। वहीं अपराधियों से लोहा लेते हुए 18 पुलिसकर्मी शहीद हो गए जबकि 1,754 पुलिसकर्मी घायल हुए। सूत्रों के अनुसार प्रदेश में सबसे अधिक मुठभेड़ मेरठ ज़ोन में दर्ज की गईं, जहां पुलिस ने 4,453 कार्रवाई की। इस कार्रवाई में 8,312 अपराधी दबोचे गए जबकि 3,131 अपराधी घायल हुए। वहीं 85 कुख्यात अपराधियों को मौके पर ही मार गिराया गया। इस दौरान 461 पुलिसकर्मी घायल हुए जबकि अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए दो पुलिसकर्मी शहीद हो गए। एनकाउंटर कार्रवाई ने पूरे प्रदेश में मेरठ जोन पहले स्थान पर रहा है। इसी तरह, वाराणसी ज़ोन में 1,108 मुठभेड़ हुईं, जिनमें 2,128 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया, जबकि 27 अपराधियों को मुठभेड़ में ढेर किया गया। इस दौरान 688 अपराधी और 99 पुलिसकर्मी घायल हुए।

# आजम खां ने ठुकराई वाई श्रेणी सुरक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ पूर्व कैबिनेट मंत्री और वरिष्ठ सपा नेता ने कहा: लिखित आदेश न मिलने तक नहीं लूंगा सुविधा

**रामपुर।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खां ने वाई श्रेणी की सुरक्षा लेने से इन्कार कर दिया है। उन्होंने कहा कि जब तक सरकार की ओर से लिखित आदेश नहीं मिलता, तब तक वह सुरक्षा स्वीकार नहीं करेंगे।

जेल से रिहा होने के बाद आजम ने कहा कि उन्हें सुरक्षा दिए जाने की कोई आधिकारिक जानकारी या दस्तावेज नहीं मिला है। उन्होंने बताया कि सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों से उन्होंने कहा है कि पहले वह सरकार का आदेश लेकर आएं, तभी वह इस व्यवस्था को मानेंगे। सपा नेता ने कहा कि जब एक बार के विधायक को केंद्र सरकार के कमांडो मिल सकते हैं, तो मुझे केवल वाई श्रेणी की सुरक्षा क्यों दी गई है। उन्होंने साथ ही यह भी कहा कि वाई श्रेणी की सुरक्षा में गाड़ी और अन्य खर्च का प्रावधान होता है, जिसका खर्च वह देने की स्थिति में नहीं हैं। जेल से बाहर आने के बाद से आजम लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं।

अब सुरक्षा को लेकर दिया गया यह बयान एक बार फिर राजनीतिक हलकों में चर्चा का विषय बन गया है। सपा नेता पूर्व में 27 माह तक सीतापुर जेल में रहे थे। उस वक्त जेल से जमानत पर रिहा होने के बाद उनको सुरक्षा वापस दे दी थी,लेकिन उस वक्त सपा नेता ने सुरक्षा वापस कर दी थी। 23 माह बाद जेल से रिहा होने के सपा नेता आजम खां को पूर्व में दी गई वाई श्रेणी की सुरक्षा को वापस कर दिया गया है। वह छह पुलिस कर्मियों की निगरानी में चौबीस घंटे रहेंगे। सपा नेता आजम खां दस बार के विधायक, एक बार के लोकसभा सदस्य व राज्यसभा के सदस्य के साथ ही पांच बार प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री रह चुके हैं। 2012-2017 तक कैबिनेट मंत्री रहे आजम खां की मुश्किलें भाजपा सरकार आने के बाद 2019 से बढ़नी शुरू हुई थीं। उन पर कानूनी शिकंजा कसता चला गया। एक के बाद एक सौ से ज्यादा मुकदमे दर्ज हुए। डूंगरपुर, यतीमखाना बस्ती को खाली कराने के नाम पर लूटपाट, चोरी व डकैती के साथ ही मारपीट समेत अन्य धाराओं में मुकदमे दर्ज हुए। 23 माह पहले उन्हें बेटे के जन्म प्रमाणपत्र के मामले में कोर्ट से सजा हुई थी, जिसके बाद बेटे अब्दुल्ला आजम खां व पत्नी डॉ. तजीन फात्मा के साथ जेल चले गए थे।

हालांकि अब सभी जमानत पर रिहा हो चुके हैं। उनको डूंगरपुर केस में भी सजा हो चुकी है। फिलहाल 23 माह बाद 23 सितम्बर को सीतापुर जेल से रिहा हो गए थे। जेल जाने से पहले उन्हें वाई श्रेणी की सुरक्षा मिली हुई थी, जिसे अब वापस कर दिया गया है। पुलिस अफसरों के मुताबिक वाई श्रेणी की सुरक्षा के तहत पांच पुलिस कर्मियों की एक गारद आवास पर तैनात होगी, जबकि तीन सुरक्षा कर्मी सपा नेता के साथ रहेंगे। वहीं एसपी विद्या सागर मिश्र ने कहा कि सपा नेता को पहले से ही वाई श्रेणी की सुरक्षा मिली हुई थी। इसे खत्म नहीं किया गया था। अब फिर से सुरक्षा दे दी गई है।



सेंसेक्स 82029.98
निफ्टी 25145.50



सोना रु. 120845
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार




चांदी रु. 184100
प्रति किलो



# वैश्विक तनाव से लगातार दूसरे दिन लुढ़के शेयर

**मुंबई, वार्ता**



अमेरिका और चीन के बीच व्यापार तनाव के मद्देनजर मंगलवार को भारत समेत दुनिया के सभी देशों में शेयर बाजारों में गिरावट रही। सुबह लगभग 250 अंक की तेजी के बाद बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स अंत में 297.07 अंक (0.36 प्रतिशत) लुढ़ककर 82,029.98 अंक पर बंद हुआ।

सूचकांक में लगभग 800 अंकों का उतार-चढ़ाव देखा गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी.50 सूचक. ांक भी पिछले कारोबारी दिवस के मुकाबले 81.85 अंक यानी 0.32 प्रतिशत नीचे 25,145.50 अंक पर बंद हुआ। सोमवार को भी बाजार में गिरावट रही थी। कारोबारियों के मुताबिक अमेरिका और चीन के बीच बढ़ते व्यापारिक तनाव को देखते हुए निवेशकों ने शेयरों से पैसे निकालकर सोना और डेट में निवेश किया। इससे शेयर बाजार दबाव में रहे। बाजार में बिकवाली चौतरफा रही और एनएसई के सभी सेक्टरों के सूचकांक लाल निशान में बंद हुए। बैंकिग, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, तेल एवं गैस, रियलिटी, फार्मा, धातु, एफएमसीजी, सार्वजनिक बैंक और स्वास्थ्य सेक्टरों पर अधिक दबाव रहा।


एनएसई में जिन 3,197 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ उनमें 2,266 के शेयर लुढ़क गए। वहीं 836 कंपनियों के शेयर हरे निशान में बंद हुए जबकि 95 के अपरिवर्तित रहे। मझौली और छोटी कंपनियों पर अधिक दबाव देखा गया। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक में 0.92 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 में 0.89 प्रतिशत की गिरावट रही। सेंसेक्स की 30 में से 23 कंपनियों के शेयर लाल निशान में और अन्य सात के हरे निशान में बंद हुए। बजाज फाइनेंस में सबसे अधिक 1.80 प्रतिशत, बीईएल में 1.76, टाटा स्टील में 1.71 और टीसीएस में 1.56 प्रतिशत की गिरावट रही। एनटीपीसी का शेयर 1.40 फीसदी, ट्रेंट का 1.38, एशियन पेंट्स का 1.22 और एक्सिस बैंक का 1.08 फीसदी गिरकर बंद हुआ। सनफार्मा, टाटा मोटर्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, एलएंडटी, भारतीय स्टेट बेंक, अडानी पोर्ट्स आईटीसी और मारुति सुजुकी के शेयर भी लाल निशान में रहे। टेक महिंद्रा में सबसे अधिक 1.25 प्रतिशत की तेजी रही।

आईसीआईसीआई बैंक, पावर ग्रिड और हिंदुस्तान यूनीलिवर के शेयर भी हरे निशान में रहे। एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई 2.58 फीसदी, हांगकांग का हैंगसेंग 1.73 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.62 प्रतिशत टूट गया। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 0.98 फीसदी और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.26 प्रतिशत नीचे था।

# स्वास्थ्य और सावधि जीवन बीमा की खरीद में जबरदस्त वृद्धि

**नई दिल्ली।** वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के तहत व्यक्तिगत स्वास्थ्य और जीवन बीमा को कर मुक्त करने के बाद इनकी मांग तेजी से बढ़ी है। ऑनलाइन बीमा कंपनी पॉलिसीबाजार ने मंगलवार को बताया कि सितम्बर 2025 की तुलना में अक्टबूर में मांग में औसत वृद्धि ने कोरोना महामारी के दौरान देखी गई वृद्धि को पीछे छोड़ दिया है। उसके प्लेटफ़ॉर्म पर स्वास्थ्य बीमा की मांग में 1.7 गुना और सावधि (निश्चित समय के लिए) जीवन बीमा की मांग में 1.8 गुना वृद्धि हुई है। पीबी फिनटेक समूह के ज्वाइंट ग्रुप सीईओ सरबवीर सिंह ने कहा जीएसटी कटौती की घोषणा ने छिपी हुई मांग को सक्रिय कर दिया है। उन्होंने स्वास्थ्य और जीवन बीमा पर कर शून्य करने के सरकार के फैसले को एक प्रगतिशील सुधार बताया, जो अनगिनत परिवारों को आश्वस्त करता है और उद्योग को पूरे आत्मविश्वास के साथ देश के हर कोने तक तक पहुंचने के लिए प्रोत्साहित करता है।

# चावल, चीनी मजबूत, दालों और खाद्य तेलों में रही घट-बढ़



**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में मंगलवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए, जबकि गेहूं की कीमत में लगभग टिकाव रहा। दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया जबकि चीनी महंगी हुई।विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का दिसंबर वायदा 39 रिंगिट घटकर 4,460 रिंगिट प्रति टन रह गया।

अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 1.19 प्रतिशत की गिरावट के साथ 50 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत तीन रुपए बढ़कर 3,855.64 रुपए प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं का भाव 2,853 रुपए प्रति क्विंटल पर लगभग अपरिवर्तित रही। आटे की कीमत आठ रुपए बढ़ी और यह 3,303.82 रुपए प्रति क्विंटल बिका। खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। सरसों तेल की औसत कीमत 13 रुपए और सोया तेल की 31 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। पाम ऑयल 25 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। वहीं सूरजमुखी तेल के दाम कमोबेश स्थिर रहे। वनस्पति 30 रुपए और मूंगफली तेल 87 रुपए प्रति क्विंटल फिसल गया। दाल-दलहनों में चना दाल की औसत कीमत 33 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ी। मसूर दाल भी 23 रुपए महंगी हुई। तुअर दाल 193 रुपए प्रति क्विंटल मजबूत हुई। मूंग दाल की औसत कीमत तीन रुपए प्रति क्विंटल घट गई, जबकि उड़द दाल के भाव में टिकाव रहा। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत दो रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। चीनी भी सात रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गई।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**भारत से युद्ध...** लिए हमें खासकर पूर्व सैनिकों और जनता के सहयोग की जरूरत है। उन्होंने दोहराया कि जब तक पाकिस्तान की सोच नहीं बदलती, तब तक इस तरह की हरकतें होती रहेंगी, लेकिन भारतीय सेना हर मोर्चे पर मुंहतोड़ जवाब देने के लिए तत्पर है। वहींभारतीय सेना के डायरेक्टर जनरल मिलिट्री ऑपरेशंस (डीजीएमओ) लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने कहा कि अगर हम मुरीदके की बात करें, तो यह लश्कर-ए-तैयबा का मुख्य आतंकी ठिकाना है। स्क्रीन पर जो भारतीय वायुसेना की स्ट्राइक दिख रही है, वह वहीं की है। इसमें पहले और बाद की तस्वीरें हैं, जिनमें कुछ अहम आतंकी ठिकानों को निशाना बनाकर तबाह किया गया है। उन्होंने बताया कि ये हमले सात मई की सुबह के शुरुआती घंटों में किए गए थे। इन स्ट्राइक में 100 से ज्यादा आतंकवादियों को मार गिराया गया। इसके अलावा, बहावलपुर में भी ऐसे ही हमले किए गए। उन्होंने वहां की पहले और बाद की सैटेलाइट तस्वीरें दिखाईं, जिनमें साफ देखा जा सकता है कि रॉकेट और मिसाइलें कहां जाकर लगीं। लेफ्टिन जनरल राजीव घई ने कहा कि इन इलाकों में आतंकियों और पाकिस्तानी सेना के बीच का खुला गठजोड़ साफ दिखाई दिया। यह इतनी स्पष्टता से दिखा कि हमें भी हैरानी हुई कि उन्होंने कोई एहतियात नहीं बरती। तस्वीरें खुद सारी कहानी बयान कर रही हैं। उन्होंने बताया कि संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिबंधित एक आतंकी को मारे गए आतंकियों की जनाजे की नमाज पढ़ाते हुए देखा गया। इतना ही नहीं, पाकिस्तान सेना की चार कोर के जीओसी (जनरल ऑफिसर कमांडिंग) और कई अन्य बड़े अधिकारी भी इस जनाजे में शामिल हुए थे। डीजीएमओ ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद की समस्या 1980 के दशक के अंत में शुरू हुई थी। तबसे अब तक 28 हजार से ज्यादा आतंकी घटनाएं हो चुकी हैं। उन्होंने बताया कि 1990 के दशक से अब तक अल्पसंख्यक समुदाय के एक लाख से अधिक लोगों को घाटी छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा, जिनमें करीब 60 हजार परिवार शामिल हैं। इस पूरे दौर में 15,000 से अधिक निर्दोष नागरिकों और 3,000 से ज्यादा सुरक्षा बलों के जवानों की जान जा चुकी है।

### आत्महत्या करने वाले केरल के युवक के मुद्दे पर युवा कांग्रेस का प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** युवा कांग्रेस ने केरल में आरएसएस के लोगों के कथित दुर्व्यहार के बाद एक युवक के आत्महत्या करने की घटना के विरोध में मंगलवार को यहां प्रदर्शन किया और आरोप लगाया कि संघ की शाखाएं अब शोषण का अड्डा बन गई हैं। युवा कांग्रेस के प्रवक्ता वरुण पांडे ने बताया कि प्रदर्शन के लिए सगठन के सदस्य बड़ी संख्या में सुबह से उनके कार्यालय पर पहुंच गए थे। प्रदर्शन शुरु होने से पहले ही वहां युवकों का जमवाड़ा हो गया था और जैसे ही युवा कांग्रेस अध्यक्ष उदय भानु चिब ने यात्रा शुरु करने की इजाजत दी बड़ी संख्या में युवक हाथों में बैनर और तख्तियां लेकर सरकार के विरोध में नारे लगाते हुए संगठन के मुख्यालय के बाहर एकत्रित हो गए।

# उप्र: कफ सिरप बनाने में हो रही अनदेखी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ कई फर्म जुगाड़ से चल रही हैं, तो कुछ ने अपने आवश्यक दस्तावेज भी पूरे नहीं किए

**लखनऊ।** प्रदेश में कफ सिरप बनाने के मानकों की अनदेखी हो रही है। कई फर्म जुगाड़ से चल रही हैं, तो कुछ ने आवश्यक दस्तावेज भी पूरे नहीं किए हैं। यह खुलासा हुआ है विभिन्न फर्मों की जांच में। अब केंद्रीय टीम भी उत्तर प्रदेश में निगाह गड़ा दी है। सोमवार को इस टीम ने हापुड़ में पांच नमूने लिए। यह टीम अन्य जिलों में भी रैंडम जांच करेगी। राजस्थान एवं मध्य प्रदेश में कफ सिरप से बच्चों की मौत के बाद उत्तर प्रदेश में भी जांच अभियान चलाया गया है। प्रदेश में मौजूद कफ सिरप बनाने वाली 37 कंपनियों में 17 सिरप निर्माण में लगी हैं। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने इनकी जांच की। निर्मित सिरप के साथ ही कच्चे माल के भी नमूने लिए गए हैं। अब तक विभिन्न कंपनियों करीब 780 नमूने लैब में भेजे गए हैं। इनकी जांच शुरू हो गई है। इस बीच विभिन्न जिलों से आई जांच रिपोर्ट का आकलन किया गया, तो नतीजे चौकाने वाले मिले हैं। कंपनियों में स्वच्छता के मानकों की अनदेखी पाई गई है। निर्धारित उपकरणों का अभाव, कई जरूरी दस्तावेज भी नहीं मिले हैं। ऐसे में लखनऊ, सहारनपुर, मथुरा और अलीगढ़ की एक-एक कंपनी में सिरप निर्माण कार्य रोक दिया गया है। अन्य को नोटिस जारी किया गया है। सिरप और कच्चे माल के नमूनों की जांच रिपोर्ट आने के बाद संबंधित फर्म के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। दवाओं की गुणवत्ता जांचने के लिए एफएसडीए की केंद्रीय टीम सोमवार से उत्तर प्रदेश में पहुंच गई है। हापुड़ में सिरप निर्माण में लगी फर्म की जांच की गई। मौके से पांच नमूने लिए गए हैं। आयुक्त और उप आयुक्त स्तर के अधिकारी के नेतृत्व में गठित यह टीम स्थानीय औषधि निरीक्षक के साथ अलग-अलग जिलों में जाएगी। निर्माण में लगी कंपनी के साथ ही मेडिकल स्टोर से भी कफ सिरप के नमूने लेगी। इन नमूनों की जांच के बाद संबंधित निर्माता फर्म के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। लखनऊ में बरामद कोडिन कफ सिरप का बाजार पूरे प्रदेश में फैला है। पकड़े गए आरोपियों ने स्वीकार किया था कि उनके कारोबार के केंद्र में दवा से ज्यादा नशे में प्रयोग करने वाले हैं। ऐसे में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने लखनऊ के मेडिकल स्टोरों से मिले दस्तावेजों की पड़ताल की, तो कई जिलों में यहां से बड़ी खेप पहुंची है।













वैधानिक सूचना

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# बेकाबू ट्रक ने युवक के शरीर के उड़ाए चिथड़े

## बिलासपुर की घटना, आए दिन बेकसूरों की दुर्घटना में हो रहीं मौत, आक्रोशित ग्रामीणों ने किया हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** मंगलवार की सवेरे दिल्ली-देहरादून हाईवे के बिलासपुर कट पर एक दर्दनाक हादसे ने लोगों के रौंगटे खड़े कर दिए। बाइक सवार युवक रोहड़ी से भरे ट्रक की चपेट में आ गया और बीच टायर में फंसकर वह करीब 100 मीटर तक की दूरी पर घिसटता हुआ चला गया, जिससे युवक के शरीर के चिथड़े उड़ गए और आधा शरीर सड़क पर ही चिपक कर रह गया, जबकि आधा शरीर भीड़ व पुलिस ने सड़क से उठाकर मोर्चरी तक भिजवाया। मृतक घटना के समय मजदूरी को जा रहा था इस खबर से पूरे गांव में शोक छा गया और मृतक के परिवार में भी कोहराम मच गया। वायरलेस सेट पर दी गई सूचना के बाद मंडी क्षेत्र से दुर्घटना करके भागे ट्रक को मंस. ूरपुर पुलिस ने पकड़ लिया।

नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के समीपवर्ती गांव शेरनगर निवासी 36 वर्षीय इरशाद पुत्र निसार मंडी व अन्य क्षेत्र में पल्लेदारी व अन्य मजदूरी का काम करता था। रोजाना की तरह मंगलवार की सवेरे भी इरशाद बाइक द्वारा अपने काम के लिए निकला। जैसे ही वह करीब सवेरे सवा दस बजे दिल्ली देहरादून हाइवे बिलासपुर कट के निकट पहुंचा तो अचानक तेज गति से आए ट्रक ने उसको अपनी चपेट में ले लिया। प्रतिदर्शियों का कहना है कि युवक किसी तरह टायर में फंसकर 100 मीटर तक घिसटता हुआ चला गया जिससे उसके शरीर के चिथड़े उड़ गए। बिलासपुर कट पर आए दिन दुर्घटना में बेकसूर लोगों की जान जा रही है। यह कहते हुए इरशाद की मौत से आक्रोशित मौके पर हंगामा शुरू कर दिया। सूचना के बाद एसपी सिटी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और लोगों को कड़ी कार्यवाही का आश्वासन देते हुए शांत किया। दुर्घटना करके भागे पीबी 13 को मंसूरपुर पुलिस ने पकड़ लिया। उधर शव के चिथडे को पब्लिक व पुलिस ने किसी तरह उठाकर कपडे में बांधकर मोर्चरी भिजवाया। मृतक दो भाई थे और इरशाद दो बच्चों का पिता था।



# कुल्हेड़ी में घर से बुलाकर युवक की पीटकर हत्या, मचा हड़कंप

■ एसपी सिटी, सीओ सदर मौके पर, भीड़ को किया शांत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चरथावल।** चरथावल थाना क्षेत्र के ग्राम कुल्हेडी में 29 वर्षीय युवक की पीट-पीटकर हत्या किए जाने से जहां परिवार के लोगों में आक्रोश है तो वहीं क्षेत्र में दहशत का माहौल भी बन गया है। मृतक व आरोपी खानदानी लोग बताए जा रहे है और घटना के पीछे किसी बात को लेकर पुरानी रंजिश भी बताई जा रही है। सूचना के बाद एसपी सिटी, सीओ सदर फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की छानबीन की। पुलिस ने हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है।



**मृतक का फाइल फोटो।**

ग्राम कुल्हेड़ी में बीती रात इस्तखार पुत्र जाबिर की पीट पीटकर उस समय हत्या कर दी गई जब वह नमाज पढ़कर घर लौट रहा था। इस्तखार को रास्ते में ही फोन करके दो लोगों ने बुलाया और हत्या कर वादात को अंजाम दिया। सूचना के बाद एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत, सीओ सदर, चरथावल पुलिस मौके पर पहुंच गई और हंगामा कर रहे परिजनों को कार्यवाही का आश्वासन देकर शांत किया।

इस घटना के पीछे गांव में तरह-तरह की चर्चाए फैली है फिलहाल हमलावरों को खानदानी बताया जा रहा है। कुछ लोगों का कहना है कि प्रचून की दुकान के सामान को लेकर विवाद था तो कुछ लोग इसको पुरानी रंजिश बता रहे है।

# मिशन शक्ति: छात्राओं ने डीएम से पूछे सवाल

■ शक्ति संवाद कार्यक्रम में कलेक्टर के सामने रखी जिज्ञासाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** महिलाओं की सुरक्षा स्वावलंबन और सशक्तिकरण के उद्देश्य से मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत मंगलवार को जिला पंचायत सभागार में 'शक्ति संवाद' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों एवं कॉलेजों की छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और महिला सुरक्षा, आत्मनिर्भरता एवं शिक्षा से जुड़े सवाल अधिकारियों से पूछे। कार्यक्रम में छात्राओं ने अपनी जिज्ञासाएं रखीं।




स्कूलों में आत्मरक्षा की कक्षाएं अनिवार्य क्यों नहीं कराई जार्ती? इस पर जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने कहा कि शारीरिक रूप से राशक्त होने के साथ साथ छात्राओं को मानसिक रूप से भी मजबूत होना चाहिए। उन्होंने कहा कि आत्मरक्षा की ट्रेनिंग जितनी जरूरी है, उतनी ही जरूरी मानसिक ढ़ता भी है, क्योंकि मजबूत सोच ही जीवन में हर मुश्किल से लड़ने की शक्ति देती है। एक अन्य छात्रा ने सवाल किया कि यदि किसी क्षेत्र में मेहनत करने के बावजूद सफलता नह मिले तो क्या दिशा बदल लेनी चाहिए? जिलाधिकारी ने शा पर प्रेरणादायक जवाब देते हुए कहा खुद तय करें कि क्या बनना है।

शिक्षक केवल पढ़ता नहीं, बल्कि बच्चे को पढ़ता भी है। शिक्षक बच्चे की क्षमताओं को पहचान कर उसे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करे। सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। मेहनत का कोई विकल्प न था, न है, न कभी होगा। इस अवसर पर उपस्थित छात्राओं ने महिला सुरक्षा, सरकारी योजनाओं की जानकारी, और अपने अधिकारों को लेकर कई सवाल रखे, जिनका उत्तर जिलाधि कारी के साथ-साथ एसपी क्राइम डॉ. इंदू सिद्धार्थ और गीता शर्मा ने भी विस्तार से दिया। अधिकारियों ने छात्राओं से आह्वान किया कि वे स्वयं के अधिकारों के प्रति जागरूक रहें और दूसरों को भी जागरूक करें। 'शक्ति संवाद' के माध् यम से छात्राओं ने न केवल अपनी जिज्ञासाए साझा कीं, बल्कि आत्मविश्वास और सशक्तिकरण का एक सशक्त संदेश भी दिया।

# टावर पर चढ़े युवक ने प्रेमिका से मिलने की रखी शर्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** प्रेमी का से बिछडने के डर से त्रस्त युवक ने खतौली से नई मंडी क्षेत्र पहुंचकर एक टावर पर चढ़कर जान देने का प्रयास किया। पुलिस व अग्निशमन दल तथा कुछ अन्य टीम युवक को नीचे उतारने के लिए काफी मशक्कत करती रही, लेकिन युवक बार-बार प्रेमिका की बात कहकर जान देने की धमकी देता रहा। काफी देर बाद पुलिस युवक को नीचे उतारने में कामयाब हुई।

मंगलवार को नई मंडी पुलिस को सूचना मिली कि रेलवे रोड स्थित टावर पर एक युवक चढ़ा हुआ है। कुछ ही देर बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। इस समय यहां कुछ युवक इकट्ठा थे और युवक को नीचे उतारने के प्रयास करने लगे। मौके पर फायर बिग्रेड की टीम को भी बुलाया गया और पुलिस कर्मी बार-बार युवक को नीचे उतरने के लिए कहते रहे। युवक का कहना था कि उसकी प्रेमिका को परिवार के लोग कही ओर ले गए है। और उसकी प्रेमिका से उसको मिलवाया जाए। काफी समझाने के बाद युवक को नीचे उतारा गया।



## पीड़ित किन्नर ने एसएसपी से मांगा इंसाफ

**मुजफ्फरनगर।** मारपीट व 32 लाख रूपये न देने के आरोप की गई शिकायत के बाद मंगलवार को पीड़ित किन्नर ने एसएसपी का दरवाजा खटखटाया है। पीड़ित किन्नर ने मंगलवार को एसएसपी से इंसाफ की गुहार लगाई है।

बता दे कि साउथ खालापार की रहने वाली मीना अंसारी पुत्री नियाज अंसारी ने एक सप्ताह पूर्व पुलिस से शिकायत करते हुए बताया था कि उसके भाई उसकी जान के दुश्मन बने हुए है और उस पर जानलेवा हमला किया गया है। पीड़िता ने बताया था कि उसने अपने भाई को 32 लाख रूपये का मकान बना कर दिया था और वादे के मुताबिक पैसे मांगे तो उस पर हमला किया गया। मंगलवार को पीड़ित मीना एसएसपी के दरबार में भी पेश हुई।

# ट्रेड फेयर के चलते नहीं लगेगा मंगल बाजार

■ दुकानदारों ने रखी वैकल्पिक स्थान की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नुमाइश मैदान में इस वर्ष लग रहे ट्रेड फेयर के कारण प्रशासन ने हर मंगलवार को लगने वाले पारंपरिक मंगल बाजार को अस्थायी रूप से बंद कर दिया है। इस निर्णय से नाराज़ मंगल बाजार के दर्जनों छोटे दुकानदार मंगलवार को जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे और प्रदर्शन करते हुए वैकल्पिक स्थान की मांग की।

दरअसल नुमाइश मैदान में ट्रेड फेयर के आयोजन को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा और स्थान की कमी का हवाला देते हुए मंगल बाजार को अगले आदेश तक स्थगित करने के निर्देश जारी किए हैं।

मंगल बाजार संघ के प्रतिनिधियों ने जिलाधिकारी उमेश मिश्रा को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि प्रशासन यदि मैदान में बाजार नहीं लगाने दे रहा है, तो उन्हें वैकल्पिक स्थान मुहैया कराया जाए, ताकि उनका रोजगार जारी रह सके। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि ट्रेड फेयर से बड़े व्यापारी कमाएंगे, छोटे भूखे मरेंगे। प्रदर्शन के दौरान दुक. ानदारों ने आरोप लगाया कि प्रशासन बड़े व्यापारियों के हित में काम कर रहा है। ट्रेड फेयर से तो बड़े व्यापारी लाभकमाएंगे, लेकिन छोटे ठेला-खोमचा चलाने वाले परिवारों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। जिलाधिकारी ने प्रतिनिधि मंडल की बात ध्यानपूर्वक सुनी और कहा कि प्रशासन जल्द ही कोई वैकल्पिक स्थान तलाशेगा, ताकि दुक. ानदारों को परेशानी न हो। साथ ही, उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस बीच किसी भी छोटे दुकानदार के साथ दुर्व्यवहार न किया जाए और उन्हें अस्थायी तौर पर उपयुक्त स्थल पर दुकान लगाने की अनुमति देने पर विचार किया जाए।

स्थानीय लोग बोले कि मंगल बाजार से जुड़ी हैं हजारों की रोजी-रोटी स्थानीय नागरिकों का कहना है कि मंगल बाजार न केवल छोटे व्यापारियों के लिए, बल्कि आम जनता के लिए भी सस्ता बाजार साबित होता है।



# तीन हथियार तस्कर पुलिस गिरफ्त में

## भारी मात्रा में रिवॉल्वर के साथ तमंचे व कारतूस बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** शाहपुर पुलिस ने तीन हथियार तस्करों को गिरफ्तार कर भारी मात्रा में अवैध असलाह बरामद करने का दावा किया है।

मंगलवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा व एसपी देहात आदित्य बंसल ने संयुक्त रूप से पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि शाहपुर पुलिस ने मीरांपुर बाइपास पर एक स्थान पर छापा मारा। पुलिस को सूचना मिली थी कि यहां पर अवैध हथियारों की खरीद फरोख्त करने वाला गैंग है। पुलिस ने घेराबंदी कर उत्तराखंड के लक्सर निवासी तसव्वुर, सुल्तानपुर निवासी अरमान व इकरार को गिरफ्तार किया। पुलिस का कहना है कि कुछ साथी भाग जाने में सफल हो गए है। एसएसपी ने जानकारी दी कि बदमाशों के पास से पांच पिस्टल 32 बोर की, दस तमंचे, एक मस्कट व कारतूस बरामद किए गए है। एसएसपी ने यह भी बताया कि तसव्वुर दस हजार का इनामी है और इस कार्य में सीओ बुढ़ाना गजेन्द्र सिंह की कार्यप्रणाली सराहनीय रही।



## 1.5 करोड़ के बरामद पटाखों का मुकदमा दो पर हुआ दर्ज

**मुजफ्फरनगर।** कोतवाली पुलिस ने डेढ़ करोड कीमत के चालिस कुन्तल विभिन्न मार्को के पटाखे बरामद करते हुए दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस टीम ने अधिकारियों के दिशा-निर्देश पर सोमवार की रात लोहिया बाजार, दाल मंडी में छापा मारकर भारी मात्रा में पटाखे बरामद किए थे। पुलिस ने इस मामले में कन्हैया लाल पुत्र स्व. महावीर प्रसाद शर्मा, लोहिया बाजार व सतीश चन्द्र उर्फ पप्पू पुत्र केशूराम पुरानी आबकारी थाना नगर कोतवाली के विरूद्ध मामला दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि कार्यवाही के दौरान सात दुकानों में अवैध रूप से 40 कुन्तल भिन्न-भिन्न मार्को के पटाखे बरामद किए गए है।


College Code- 1491
शिवा कॉलेज ऑफ फार्मेसी
Admission Open
Session 2025-26
(JEECUP COUNCILING START)
D. Pharma
सरकारी फीस पर प्रवेश
छात्राओं के लिए विशेष छूट एवं सुविधा
अनुभवी शिक्षक
आधुनिक प्रयोगशालाएं
छात्रों के लिए मॉडर्न लाइब्रेरी एवं बुक बैंक की व्यवस्था
Contact No.
9690731170, 9411449915, 9927075234
पता:- नियर एनएच-58, जौली रोड, बिलासपुर, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.)


# सुभाषनगर में गोली चलने से युवक घायल

■ एसपी सिटी, सीओ मंडी मौके पर, सीसीटीवी कैमरे खंगाले

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** मंगलवार की रात नई मंडी क्षेत्र के मौहल्ला सुभाषनगर में रहस्मय चली गोली से युवक घायल हो गया है। लोगों का कहना है कि किसी रंजिश में कुछ लोगों ने गोली मारी है तो पुलिस इसको वर्चस्व को लेकर घटना होना मान रही है। फिलहाल घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है और पुलिस आरोपियों तक पहुंचने के लिए सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है। मंगलवार की रात मौहल्ला सुभाषनगर में उस वक्त अफरा तफरी मच गई जब अचानक गोली चलने की आवाज आई। और युवक गोली लगने से घायल हो गया। सूचना के कुछ देर बाद ही अपराध गोष्ठी में शामिल एसपी सिटी, सीओ मंडी मौके पर पहुंचे और घटना की छानबीन की। उधर घायल को इलाज के लिए अस्पताल में ले जाकर भर्ती कराया। उधर एसएसपी के निर्देशन मे नई मंडी एसओजी टीम ने सीसीटीवी कैमरे खंगालने शुरू कर दिए है।


किसान आई हॉस्पिटल
डॉ. गालिब हसन
M.B.B.S., D.O., M.S.
फीस 100/- रुपये मात्र
नेत्र रोग विशेषज्ञ व फेको सर्जन
(भूतपूर्व नेत्र सर्जन नेहरू हॉस्पिटल, टाउन हॉल, मुजफ्फरनगर)
M: 9897190592
सुविधाएं- मोतियाबिन्द ऑपरेशन फेको विधि द्वारा विदेशी लैन्स के साथ, शुगर व बी.पी. के मरीजों की पर्दे की जाँच व इलाज, आँखों के समस्त ऑपरेशन सस्ते दामों पर किए जाते हैं।
हमारे यहाँ जॉनसन एण्ड जॉनसन और एल्कोन के लैंस उपलब्ध है।
Alcon
मोतियाबिन्द ऑपरेशन फेको विधि (लेजर) द्वारा विदेशी लैंस के साथ आधुनिक मशीनों द्वारा बिना इंजेक्शन, बिना दर्द और बिना टांके किया जाता है।
मोतियाबिन्द ऑपरेशन मात्र 7500/- से शुरु
पताः चरथावल-थानाभवन बस स्टैण्ड, मेन रोड, भारत पैट्रोल पम्प के सामने, मुजफ्फरनगर मो. 9045591662


## आदर्श महिला मर्केन्टाइल कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड

AMMCO BANK

27A/1, New Mandi Muzaffarnagar, U.P. 251001

### प्रतीकात्मक कब्जे की सूचना नियम 8 (1) और 8(2) के अंतर्गत (अचल संपत्ति के लिए)

जबकि अधोहस्ताक्षरी, आदर्श महिला मर्कटाइल कोअपरेटिव बैंक लिमिटेड (AMMCO बैंक) का अधिकृत अधिकारी होने के नाते, जिसका पंजीकृत कार्यालयः 27ए/ 1, न्यू मंडी, मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश – 251001 है, ने वित्तीय संपतियों के विमुद्रीकरण और पुनर्निर्माण तथा सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत तथा धारा 13 (12) के साथ-साथ सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के अंतर्गत प्राप्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए, एक मांग नोटिस जारी किया, जिसमें उधारकर्ता/गारंटरों/ बंधककर्ताओं से उक्त नोटिस में उल्लिखित राशि को ब्याज एवं व्ययों सहित नोटिस की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर चुकाने का आग्रह किया गया।

उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता द्वारा राशि का भुगतान करने में विफल रहने के कारण, यह नोटिस उधारकर्ता/गारंटर तथा सामान्य जनता को सूचित करने हेतु जारी किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(4) तथा संबंधित नियम 8 और 9 के अंतर्गत प्राप्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है। उधारकर्ता का ध्यान विशेष रूप से अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) की ओर आकर्षित किया जाता है, जो सुरक्षित संपत्ति को पुनः अर्जित करने के लिए उपलब्ध समय से संबंधित है। उधारकर्ता/गारंटर विशेष रूप से और सामान्य जनता को सामान्यतः सावधान किया जाता है कि वे इस संपत्ति से कोई लेन-देन न करें, क्योंकि उक्त संपत्ति पर AMMCO बैंक का अधिकार/ चार्ज विद्यमान है, और किसी भी प्रकार का लेन-देन बैंक के अधिकार के अधीन होगा।

| क्रम संख्या | आवेदक/सह-आवेदक/ गारंटर का नाम और पता: | ऋण देय राशि (रुपये में) | संपत्तियाँ जो सम-बंधक बंधक के रूप में दी गई | मांग नोटिस की तिथि: | प्रतीकात्मक कब्जे की तिथि: |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | i) श्री सईद पुत्र अजीज खान (उधारकर्ता) निवासी – न्यू शाहबुद्दीनपुर रोड, रहमानिया कॉलोनी, मुजफ्फरनगर- 251001<br>ii) श्रीमती बानो पत्नी श्री सईद (सह- उधारकर्ता) निवासी-न्यू शाहबुद्दीनपुर रोड, रहमानिया कॉलोनी, मुजफ्फरनगर- 251001<br>iii) श्री आलम पुत्र श्री अजीज (गारंटर) निवासी – मकान संख्या 890/25, लद्दावाला उत्तरी, आयशा मस्जिद के पास, मुजफ्फरनगर – 251001 | रु.: 14,37,819.28/- (01.02.2025) + ब्याज एवं अन्य व्यय<br>ऋण खाता संख्या: 011600002101 | आवासीय संपत्ति जो मोहल्ला रामलीला टिल्ला, ग्राम शाहबुद्दीनपुर, बाहरी क्षेत्र, मुजफ्फरनगर में स्थित है, खसरा संख्या 423 के भाग के रूप में, विक्रय विलेख संख्या 9837 दिनांक 22.08.2022 द्वारा पंजीकृत, बही संख्या 1, जिल्द संख्या 9457, पृष्ठ संख्या 109 से 126 तक दर्ज है।<br>सीमाएँ निम्नलिखित हैं: पूर्व: श्रीमती मुनीजा एवं श्री मुन्ना की संपत्ति, पश्चिम: श्रीमती खुर्शीदा की संपत्ति, उत्तर: 12 फीट चौड़ा रास्ता, दक्षिण: श्री अमजद की संपत्ति | 21-02-2025 | 08-10-2025 |

तिथि: 14.10.2025
स्थान: मुजफ्फरनगर

हस्ताक्षर/अधिकृत अधिकारी
AMMCO बैंक लिमिटेड

# फ्री पढ़ाई के नाम पर अवैध वसूली का आरोप

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** तहसील मार्ग स्थित एक इंटर कॉलेज की आधा दर्जन से अधिक छात्राओं ने मंगलवार को प्रिंसिपल पर फी शिक्षा के नाम पर अवैध वसूली करने का गंभीर आरा.ेप लगाया। छात्राओं का कहना है कि कॉलेज प्रशासन ने प्रवेश के समय फी पढ़ाई का वादा किया था, लेकिन बाद में 500 रुपये की वसूली की गई।

आक्रोशित छात्राएं तहसील पहुंचीं और प्रदर्शन करते हुए एसडीएम राजकुमार भारती को शिकायती पत्र सौंपा। उन्होंने आरोप लगाया कि जब उन्होंने इसका विरा.ेध किया तो प्रिंसिपल ने उन्हें टांग तोड़ने की धमकी दी और अभद्र भाषा का प्रयोग किया। साथ ही, फीस जमा करने का दबाव भी बनाया जा रहा है। छात्राओं ने बताया कि प्रिंसिपल के इस रवैये से वे मानसिक रूप से काफी परेशान हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि प्रिंसिपल के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में कोई भी छात्रा उत्पीड़न का शिकार न हो।



एसडीएम राज. कुमार भारती ने छात्राओं की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए स्कूल प्रिंसिपल को मौके पर बुलाकर पूछताछ की। उन्होंने छात्राओं को अपने अभिभावकों के साथ आने के निर्देश दिए और निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वा.सन दिया। वही दूसरी और प्रिंसिपल सुरेंद्र अहलावत ने कहा कि जो छात्राएं तहसील में एसडीएम से शिकायत की है वो पूरी तरह से गलत है उन्होंने बताया कि इन छात्राओं की कई वर्षों से स्कूल की फीस नही दी है और एग्जाम से पहले इन छात्राओं से रुकी हुई स्कूल फीस जमा कराने को कहा गया था। लेकिन उसके बाद भी छात्राओं ने फीस जमा नही कराई और उनकी झूठी शिकायत करने तहसील पहुँच गई। उन्होंने कहा कि स्कूल फीस जमा न होने से स्कूल की व्यवस्थाओं पर फर्क पड़ता है। शिकायती पत्र देने वालों में आतिका, सालेह, फरहा, नीशू, सुमाइला, हुमैरा, सुमैया, अशफा सहित अन्य छात्राएं शामिल रहीं।

## सपा की साइकिल, सत्येंद्र की सीट.......

## साइकिल से सभा में पहुंचे सपा नेता सत्येंद्र पाल

**बुढ़ाना।** विधानसभा बुढ़ाना क्षेत्र में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता सत्येंद्र पाल रात दिन मेहनत कर रहे हैं। वे समय समय पर क्षेत्र की जनता के बीच जा जाकर उनकी खैर खबर ले रहे हैं और सपा का प्रचार भी अपने धुरंधर अंदाज में कर रहे हैं। अब नया मामला विगत दिवस का है। जिसमें बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के सबसे सक्रिय और लोकप्रिय वरिष्ठ सपा नेता एवं प्रदेश उपाध्यक्ष सत्येंद्र पाल अपने शाहपुर कस्बा स्थित आवास से चलकर पूर्व की भांति साथियों सहित साईकिल द्वारा समाजवादी पार्टी कार्यालय महावीर चौक पहुंचे और अपनी पीठ पर लादकर ले जाया गया डॉक्टर राम मनोहर लोहिया का छाया चित्र जिला अध्यक्ष जिया चौधरी को सप्रेम भेट किया। ज्ञात रहे कि सपा नेता सत्येंद्र पाल ने यह भी प्रण लिया हुआ है कि वे प्रत्येक महापुरुष की जयंती एवम पुण्यतिथि पर इसी तरह से छाया चित्रों को भेट करते रहेंगे। नगर व क्षेत्र में उनके इस साहसिक



कदम की चर्चा चारों और फैली हुई है। क्षेत्र की जनता और पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता भी उनके इस कदम की सराहना कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि सपा नेता सत्येंद्र पाल विगत महीने में कई पीडीए पंचायत करके पिछड़े, दलितों व अल्पसंख्यकों के साथ साथ शिक्षकों को भी एक मंच पर लाने का काम कर चुके हैं।

# मकान का फर्जी तरीके से बैनामा करने का आरोप

**मुजफ्फरनगर।** पुश्तैनी मकान का धोखाधड़ी से दूसरे के नाम बैनामा करने का आरोप लगाते हुए एसएसपी से न्याय की गुहार लगाई गई है, एसएसपी ने पीड़ित की फरियाद सुनते हुए नई मंडी थाना पुलिस को मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिए हैं। भोपा थाना क्षेत्र के ग्राम सीकरी निवासी इमरानुलहक पुत्र इरफानुलहक ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उनके पिता स्वर्गीय इरफानुलहक का शहर के नसीरपुर रोड स्थित सरवट चौक मस्जिद के पीछे एक आवासीय मकान था। इमरानुलहक का आरोप है कि दिलशाद उर्फ़ गुड्डू पुत्र इरशाद नामक व्यक्ति ने धोखाधड़ी और जालसाज़ी कर उक्त मकान को अवैध रूप से बैनामा करके राजिया अमजद को बेच दिया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश पर थाना नई मंडी पुलिस ने दिलशाद उर्फ़ गुड्डू सहित अन्य आरो.पियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इमरानुलहक ने कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि निष्पक्ष जांच के बाद दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## लोई-सराय में चला मिशन शक्ति अभियान



**फुगाना।** थाना फुगाना की एन्टी रोमियो टीम के द्वारा आज मंगलवार की सुबह से ही फुगाना थाना क्षेत्र के गांवों के आसपास स्कूल और कालेज में जाती हुई सैंकड़ों छात्राओं को रास्ते में कुछ देर के लिए रोककर उनको साइबर क्राइम एवं मिशन शक्ति के संबंध में बताया गया और कहा कि अगर उनको किसी भी तरह की दिक्कत हो तो वे महिला पुलिस टीम को अपनी समस्या को निसंकोच होकर बता सकती हैं। वहीं उक्त टीम ने मिशन शक्ति फेस 5.0 अभियान के अंतर्गत कंपोजिट विद्यालय ग्राम सराय में छात्राओं को एकत्रित कर जागरूक किया और हेल्पलाइन नम्बर्स जिसमें वूमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन नंबर 181, पुलिस आपातक.ालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवा 102 व 108, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076, चाइल्ड लाइन 1098 और 1930 साइबर क्राइम हेल्प लाइन नंबर आदि के बारे में जानकारी दी गयी तथा पंपलेट भी वितरित किए गये। यहीं कार्य उक्त महिला टीम के द्वारा गांव लोई के आईटीआई कॉलेज में भी किया गया। उधर फुगाना थानाध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा भी अपने फुगाना थाना क्षेत्र में महिला सुरक्षा को लेकर पूरे अलर्ट नजर आए और अपने अधीनस्थ पुलिस कर्मचारियों और अधिकारियों को भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## मीरापुर में तंबाकू उत्पाद बेचने वालों पर स्वास्थ्य विभाग की सख्त कार्रवाई

**मीरापुर।** महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग मीरापुर द्वारा सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम 2003 के तहत विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान धार्मिक स्थलो व स्कूलो के पास मोहल्ला कमलियान, पड़ाव चौक तथा थावर वाली मस्जिद के पास कई दुकानदारों को बीड़ी, सिगरेट और तंबाकू उत्पाद बेचते हुए पकड़ा गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मौके पर नियमों का उल्लंघन करने वाले दुकानदारों पर जुर्माना लगाया।मीरापुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात अधिकारी ने बताया कि तंबाकू उत्पादों की बिक्री, विज्ञापन और वितरण पर रोक लगाने के लिए यह अभियान लगातार चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद विनियमन, अधिनियम 2003 की धारा 4 के अंतर्गत सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान और तंबाकू उत्पादों की बिक्री अपराध की श्रेणी में आता है। इसके बावजूद कई दुकानदार कानून का उल्लंघन करते पाए गए, जिनके खिलाफ चालान की कार्रवाई की गई है।

उन्होंने कहा कि आगे भी इस प्रकार के निरीक्षण अभियान नियमित रूप से चलाए जाएंगे, और अगर किसी दुकानदार या व्यक्ति ने कानून का उल्लंघन करने की कोशिश की तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। विभाग ने आमजन से अपील की है कि वे भी तंबाकू सेवन और बिक्री के खिलाफ जागरूकता बढ़ाने में सहयोग करें।

# हाईवे की सड़क में गहरे गड्ढे व रैंप न बनने से कस्बेवासी परेशान

**जानसठ।** पानीपत खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग काला गेट के सामने गहरे गड्ढे दे रहे हैं हादसों को दावत तो वहीं इस बारे में हमारे संवाददाता ने फोन के जरिए 1033 पर हाईवे के दिल्ली ऑफिस पर आला अधिकारियों से संपर्क कर उनको इस समस्या से अवगत कराया जिस पर आलाधिका.रियों ने जल्द ही समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया।

दूसरी और एनएच हाईवे पर रैंप न बनने से मोहल्लेवासी परेशान, शिकायत के बाद भी नहीं हो रहा समाधान

जानसठ । हाल ही में बने एनएच हाईवे के कारण स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हाईवे के किनारे स्थित कई कॉलोनियों में अभी तक सड़क से जुड़ने वाले रैंप का निर्माण नहीं किया गया है, जिसके चलते निवासियों को अपनी गाड़ियों और पैदल आने-जाने में दिक्कत हो रही है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि उन्होंने इस समस्या के समाधान के लिए कई बार अधिकारियों से शिकायत की है।

उन्होंने एसडीएम और तहसील दिवस में भी अपनी बात रखी है, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।मौहल्ला वासियों ने बताया, ष्हाईवे बनने के बाद से हमारी जिंदगी और मुश्किल हो गई है। हमें अपनी गाड़ियों को हाईवे पर लाने के लिए लंबा चक्कर लगाना पड़ता है, और पैदल चलना भी सुरक्षित नहीं है। क्योंकि इस समय बरसात का मौसम चल रहा है रास्ते में पानी भर जाता है। जिसके कारण स्कूल जाने वाले



छोटे-छोटे बच्चों को भी भारी परेशानी उठानी पड़ती हैं। हमने इस संबंध में कई बार अधिकारियों से गुहार लगाई, और शिकायती प्रार्थना पत्र भी अधिकारियो को दिए लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। इस समस्या को लेकर मोहल्लेवासियों में भारी आक्रोश है। उन्होंने प्रशासन से जल्द से जल्द रैंप का निर्माण कराने की मांग की है ताकि उनकी परेशानी खत्म हो सके।

## एसडी गर्ल्स पीजी कॉलेज की एक दिन की प्राचार्या बनी सुमायला

**बुढ़ाना।** एसडी गर्ल्स पीजी कालेज बुढ़ाना की बीएससी होम साइंस प्रथम वर्ष की छात्रा सुमायला जाफरी मिशन शक्ति अभियान के तहत अपने कालेज की एक दिन की प्राचार्या बनी।

ये सम्मान कॉलेज के प्राचार्य डाक्टर दिनेश चंद्र शर्मा ने सैंकडो छात्राओं व समस्त स्टाफ के समक्ष छात्रा को दिया। प्राचार्या सुमायला ने छात्राओं की समस्या सुनने के बाद स्टाफ को दिशा निर्देश दिये। प्राचार्या सुमायला ने कालेज में देर से आने वाली छात्राओं को अनुशासन का पाठ पढ़ाया। प्राचार्या ने छात्राओं को बताया कि वे समाज कल्याण विभाग की वेबसाइट पर अपना स्कालरशिप व शुल्क प्रतिपूर्ति का फार्म भरकर कार्यालय में जमा करें ताकि वे राज्य सरकार से सुविधाएं ले सकें। उन्होंने छात्राओं को कालेज में 75 प्रतिशत अटेंडेंस करने के लिए भी प्रेरित



किया और बताया कि सेमेस्टर की परीक्षाएं दिसम्बर माह में प्रस्तावित हैं।

दीपावली बाद आंतरिक परीक्षाएं होंगी। इसलिए सब छात्राएं परीक्षा की तैयारी में जुट जाएं। प्राचार्या ने कालेज की केंटीन व लाइब्रेरी का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि कालेज ने आर्थिक तंगी के चलते कालेज छोडने वाली छात्राओं के लिए फीस पर विशेष छूट रखी है ताकि कोई भी छात्रा उच्च शिक्षा से वंचित न रहे। यहां प्राचार्य डाक्टर दिनेश चंद्र शर्मा, शिक्षिका अंजलि राणा, शबा परवीन, रुपाक्षी, ज्योति, सुनीता, किरण, छात्रा अंशिका शर्मा, आरजू, सादिया, सायमा, समीना, बानो जहां, भूमिका और दिव्यांशी आदि छात्राओं की मौजूदगी रही।

# नरेला विधायक ने की योगी शासन की प्रशंसा

**बुढ़ाना।** नई दिल्ली प्रदेश की नरेला विधानसभा क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी के विधायक राजकरण खत्री आज मंगलवार के दिन बुढ़ाना कस्बा में पहुंचे। जहां पर भाजपाईयों ने उनका बड़ौदा गांव से बुढ़ाना कस्बे तक फूल मालाओं से स्वागत कर पुष्प वर्षा भी की। बुढ़ाना कस्बे के कांधला रोड पर स्थित लोक निर्माण विभाग के डाक बंगले पर भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष मोनू मलिक ने भाजपा विधायक को



पटका पहनाकर देवी का चित्र भेंट कर फूलों से स्वागत किया। उन्होंने यूपी के मुख्यमंत्री योगी के कार्यों की प्रशंसा की और अपने बारे में बताया कि उन्होंने नरेला से दो बार आम आदमी पार्टी के विधायक रहे शरद चौहान को हराकर जीत हासिल की थी। वे नरेला निगम के पार्षद भी रह चुके हैं और दिल्ली नगर निगम नरेला जोन के चेयरमैन की जिम्मेदारी भी संभाल चुके हैं। उन्हें प्रशासनिक कामकाज का भी पूरा अनुभव है। उन्होंने यहां पर योगी आदित्यनाथ जी महाराज के शासन को अच्छा शासन बताया। इस अवसर पर यहां मुख्य रूप से अंकुश राठी, कुलदीप बागड़ी, हिमांशु संगल, भारतीय जनता पार्टी बुढाना मंडल के अध्यक्ष मोनू ठाकुर कुरथल, मोहित योगी और कपिल ठाकुर सहित अन्य कई कार्यकर्ताओं की उपस्थिति देखने को मिली।

## एसडीएम ने आफिस में सुनी समस्याएं



**बुढ़ाना।** तहसील बुढ़ाना परिसर में स्थित अपने कार्यालय में आज मंगलवार के दिन बुढ़ाना उप जिला अधिकारी श्रीमति अपूर्वा यादव ने क्षेत्र के लोगों की जनसमस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और उनके निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारी और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देशष् भी दिए। इस दौरान आधा दर्जन से भी अधिक फरियादी अपनी फरियाद लेकर आए। इस दौरान मौके पर संबंधित अधिकारी भी रहे।

## इंटर कॉलेज की जांच शुरू, प्रबंधक को दो दिन का समय

**शिकायत में शारीरिक व मानसिक शोषण तथा अवैध वसूली के आरोप**

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** कस्बे के बुढाना मार्ग स्तिथ एक इंटर कॉलेज, खतौली में छात्रों के शारीरिक व मानसिक शोषण और अवैध वसूली की शिकायत के मामले में मंगलवार को जांच टीम ने विद्यालय का स्थलीय निरीक्षण किया।

यह जांच आईजीआरएस संदर्भ संख्या ई्छ07132 के तहत की गई। जांच अधिकारी एवं प्रधानाचार्य पी.एम. श्री राजकीय इंटर कॉलेज गढ़ी शेखावतपुर, बुढाना की टीम ने विद्यालय पहुंचकर संबंधित दस्तावेजों का अवलोकन किया। इस दौरान शिकायतकर्ता मौ. परवेज निवासी शिवपुरी, खतौली भी साक्ष्य सहित उपस्थित रहे और अपना पक्ष रखा।

जांच के दौरान विद्यालय प्रबंधक से स्पष्टीकरण मांगा गया। जांच अधिकारी ने विद्यालय प्रबंधन को आवश्यक अभिलेख और उत्तर प्रस्तुत करने के लिए दो दिन का समय दिया है। सूत्रों के अनुसार, जांच अधिकारी प्राप्त अभिलेखों और दोनों पक्षों के बयानों के आधार पर रिपोर्ट तैयार कर उच्चाधिकारियों को भेजेंगे। जिला शिक्षा विभाग रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई करेगा।


# श्रद्धा के साथ मनाई गई गुरु हनुमान महाराज की 11वीं पुण्यतिथि

## ब्रह्मलीन गुरु हनुमान महाराज की 11वीं पुण्यतिथि पर हुआ भण्डारा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** तीर्थ नगरी शुकतीर्थ स्थित सिद्धपीठ माता पूर्णागिरी आदि शक्तिपीठ में ब्रह्मलीन गुरु हनुमान महाराज की 11वीं पुण्यतिथि श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस दौरान विशाल भंडारे में साधु-संतों व भक्तों को भोजन प्रसाद कराया गया।

हिमाचल प्रदेश के जिला सोलन से आए योगाषि ब्रह्ममूर्ति योगतीर्थ महाराज ने कहा कि मनुष्य बहुत महत्वाकांक्षी हो गया है, उसके मन की इच्छाएं कभी तृप्त नही होती है।



गुरु हनुमान महाराज ने अध्यात्म के माध्यम से उन्होंने समाज का कल्याण किया। आजीवन समाज की भलाई के लिए कार्य किए है।

श्रद्धांजलि सभा में महामंडलेश्वर स्वामी गोपाल दास महाराज ने कहा कि गुरु हनुमान महाराज ने जिले में रामजन्म भूमि आंदोलन में मुख्य भूमिका निभाई थी, प्रशासन ने इन्हें गिरफ्तार कर बुलंदशहर जेल भेज दिया था तथा इनके विरुद्ध रासुका की भी कार्रवाई की गई थी। सभा में गीता घाट के महंत स्वामी गीतानंद महाराज ने कहा कि संत महापुरुषों के बताए मार्ग पर चलने से ही भगवान के दर्शन हो सकते है। संत समाज हमेशा दूसरे के कल्याण के लिए ही तप करते है, इसलिए संतों का आदर सत्कार करना चाहिए। सभा को स्वामी विचारानंद महाराज, शांतानंद महाराज, सतेंद्र नाथ महाराज, जमनादास महाराज, मंहत चेतनद.ास महाराज, राजकुमार नाथ महाराज ने भी संबोधित किया।

इससे पहले मंत्रोचारण के बीच हवन यज्ञ में पूर्णाहुति देकर ब्रह्मलीन गुरु हनुमान जी की समा.धि पर पुष्प अर्पित व प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में भाजपा किसान मोर्चा के क्षेत्रीय मंत्री अमित राठी, किसान कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज चौधरी, गन्ना मिल संघ के डायरेक्टर देवेंद्र चौधरी, जिलाध्यक्ष राजीव राठी, जिला पंचायत सदस्य शाहनवाज, जाहिद हसन आदि मौजूद रहे। इस दौरान विशाल भंडारे में साधु-संतों व भक्तों को भोजन प्रसाद कराया गया।

# वैश्य समाज को संगठित करना हमारा लक्ष्य : अभिषेक गोयल

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** अखिल भारतीय वैश्य महासंगठन खतौली की एक आवश्यक बैठक नगर महामंत्री अंतरिक्ष गर्ग के आवास विकास कॉलोनी स्थित प्रतिष्ठान पर आयोजित की गई। बैठक में समाज के सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य वैश्य समाज को संगठित करना और संगठन के विस्तार को गति देना रहा।संगठन के संरक्षक राकेश कुमार गुप्ता ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में वैश्य समाज का एकजुट होना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि समाज को जातियों में बंटने के बजाय एक समन्वित शक्ति के रूप में आगे आना चाहिए। जब समाज का हर वर्ग साथ चलेगा तो अपने अधिकारों की रक्षा और एक मजबूत भविष्य का निर्माण संभव होगा।वरिष्ठ नगर महामंत्री अमित गोयल ने कहा कि समाज को सामा.जिक, आर्थिक और राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्यक्रमों का आयोजन जरूरी है। उन्होंने कहा कि मिलन समारोह, प्रतिभा सम्मान और साम.ुदायिक सेवा जैसे आयोजन समाज की एकता को मजबूती प्रदान करते हैं और वैश्य समाज की सामूहिक शक्ति को बढ़ाते हैं।नगर अध्यक्ष अभिषेक गोयल (एडवोकेट) ने कहा कि खतौली वैश्य समाज के सहयोग से शीघ्र ही अखिल भारतीय वैश्य महासंगठन के तत्वावधान में भव्य वैश्य प्रतिभा एवं मेधावी छात्र-छात्रा सम्मान समारोह का आयोजन किया



जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य वैश्य समाज को संगठित करना है, क्योंकि संगठन में ही शक्ति निहित है। संगठित होकर ही समाज आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक उन्नति की दिशा में आगे बढ़ सकता है। बैठक में इंद्रप्रकाश अग्रवाल, किशोर गोयल, संजीव गर्ग, नीरज गोयल, वरिष्ठ नगर उपाध्यक्ष सुमित गुप्ता, नितिन सिंघल, माधव गुप्ता, शिवम मित्तल, नगर महामंत्री निर्भीक अग्रवाल सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।


**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

हमारा भाई अब्दुल सलाम व उसकी दोनों पत्निया शादमा व आएशा हमारे कहने सुनने में नही है। आये दिन लडाई झगडा करते रहते है तथा झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दे रहे है। इसलिए हम तीनों भाईयों ने अपने भाई अब्दुल सलाम व उसकी दोनों पत्नियों शादमा व आएशा से अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। आज के बाद इन तीनों के द्वारा किये गये किसी भी कृत्य व लेन-देन के लिए हम तीनों भाईयों व हमारे परिवार की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नही होगी। अपने किसी भी कृत्य व लेन-देन के लिए ये स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**अब्दुल कादिर, मौ.जुबैर व जुनैद**
**पुत्रगण जरीफ अहमद**
**निवासीगण 1000/70 जामिया**
**नगर साउथ खालापार**
**थाना खालापार**
**जिला-मुजफ्फरनगर**

**NAME CHANGE**

I, ANIL KUMAR S/O PAL SINGH R/O H.N.40, MOHALLA PANJABI COLONY, PURKAZI, DISTT. MUZAFFARNAGAR (U.P.) Have changed my name to ANIL KUMAR GARG

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सम्पत्ति जिसका नगर पालिका परिषद खतौली नम्बर 531-532ए, अशोका मार्किट नं0-2, मौहल्ला दुर्गापुरी, कस्बा खतौली के स्वामी श्री अशोक कुमार बख्शी पुत्र स्व. श्री रामलाल बख्शी थे, जिनका स्वर्गवास हो गया है। उनके स्वर्गवास के पश्चात् उक्त सम्पत्ति के स्वामी उनके भाई नीरज बख्शी व श्री राधेश्याम बख्शी व बहने नीलम बख्शी व कामिनी दत्ता है, इनके अतिरिक्त अन्य किसी व्यक्ति का कोई सम्बन्ध उक्त सम्पत्ति से नहीं है। श्रीमती आशा बख्शी पत्नी श्री रमेश बख्शी का कोई सम्बन्ध उक्त सम्पत्ति से नहीं है, इसलिए यह सार्वजनिक सूचना दी जा रही है कि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में कोई भी व्यक्ति श्रीमती आशा बख्शी पत्नी श्री रमेश बख्शी से कोई बातचीत किसी भी प्रकार की न करें।

**1. श्रीमती नीलम बख्शी पुत्री स्व. श्री रामलाल बख्शी**
**2. कामिनी दत्ता उर्फ रानी पुत्री स्व. श्री रामलाल बख्शी**
**3. नीरज बख्शी पुत्र स्व. श्री रामलाल बख्शी, पता-82ए,**
**ओल्ड मेहर सिंह कालोनी, तीर्थ निवास त्रिपुरी ( Tripuri ),**
**पटियाला ( पंजाब )-147001**

सम्मन वास्ते करारयाद उमूर तनकीह तलब

(आर्डर 5, कायदा 1 व 5), न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी महोदय बुढ़ाना जनपद मुजफ्फरनगर, वाद सं. टी 202509550306408 सन 2025, 1. इन्द्रवीर, 2. चन्द्रवरी, 3. प्रताप, 4. अनुज कुमार उर्फ रगपाल पुत्रगण नेकीराम, निवासीगण ग्राम गढी नौआबाद परगना शिकारपुर तहसील बुढ़ाना जिला मु.नगर, वादीगण, बनाम, 1. अजय कुमार पुत्र कृष्णदत्त शर्मा, 2. प्रवीद कुमार शर्मा पुत्र कृष्णदत्त शर्मा, 3. सुनील पुत्र कृष्णदत्त, 4. अरविन्द कुमार पुत्र सोमदत्त, 5. योगेश पुत्र सोमदत्त, 6. सोमदत्त पुत्र रघुवीर सिंह, 7. चेतन पुत्र अशोक, 8. शादीराम पुत्र अशोक, 9. अनिल कुमार पुत्र यशवंत सिंह, 10. सुशील कुमार पुत्र यशवंत सिंह, निवासीगण ग्राम भौरा खुर्द परगना शिकारपुर तहसील बुढ़ाना जिला मु. नगर, 11. ग्राम सभा भौरा कलां परगना शिकारपुर तहसील बुढ़ाना जिला मु.नगर, प्रतिवादी, अपील अन्तर्गत धारा 116 उ.प्र.रा.सं., मौजा भौरा कलां में दायरा की में लिहाजा आपको हुकम होता है आप बतारीख के जो 17 माह 10 सन् 2025 ई. वरवक्त 10 बजे दिन के असालतम या मारफत वकील के जो मुकदमें हालात के करार वाकिफ किया गया हो और कुछ उमूर तहत मुत्तालिका मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और शख्स हो कि जो जवाब ऐसे सवालात दे सके हाजिर और जवाबदेही दावा करे और उसी रोज अपना जुमला गवाही को जिसकी शहादत पर निजी तमाम दस्तावेजो को जिस पर अपनी जवाब देही की ताईद मे इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करे अगर बरोज मजर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मसमूह फैसला होगा। बरवक्त मेरे दस्तख्त और मोहर अदालत के आज बतारीख 14 माह 10 सन 2025 ई. जारी किया गया।

**उपजिलाधिकारी**
**बुढ़ाना ( मु.नगर )**

# डीएम ने वीडियो कांफ्रेसिंग से की सड़क सुरक्षा सप्ताह की समीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जिलाधिकारी उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की माह अक्टूबर-2025 की बैठक के माध्यम से सम्पन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने शहर के अन्दर अवैध रूप से चल रही ई-रिक्शा से होने वाली भीड के बारे में एवं ई-रिक्शाओं का रूट निर्धारित किये जाने हेतु सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी व ट्रैफिक पुलिस के साथ विचार विमर्श करते हुए ई-रिक्शा से होने वाली भीड को कम करने हेतु निर्देशित किया गया।

सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को प्रतिमाह अधिक सख्या में सेमीनार एवं गोष्ठी आयोजित कर आम जनमानस को जागरूक किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। ब्लैक स्पॉटस पर कराये गये सुधारात्मक कार्यो की समीक्षा एवं सम्भावित सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए नये ब्लैक स्पॉटों के चिन्हांकन व उनके सुधारीकरण का कार्य कराये जाने हेतु एनएचएआई एवं लोनिवि के अधिकारियों को निर्देशित किया गया तथा वर्ष 2025 में सृजित नये ब्लैक स्पॉटों के सुधारीकरण के कार्य को तत्काल ठीक कराने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर की ओर से जुड़े अवर अभियन्ता को शहर के अन्दर हो रहे अतिक्रमण को पुलिस विभाग के सहयोग से हटाने के निर्देश दिये । जिला गन्ना अधिकारी को आगामी गन्ने के सीजन से पूर्व सभी वाहनों की फिटनेस एवं वाहनों के पीछे रिफलेक्टर लगाये जाने के निर्देश दिये गये। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी को शहर के अन्दर चल रही सभी ई-रिक्शाओं की निरन्तर फिटनेस चेक करने एवं लाईसेंस चेक किये जाने एवं अवैध रूप से चल रही ई-रिक्शाओं को तत्काल बन्द करने हेतु हेतु निर्देशित किया गया।

## एएनएम प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

**मुजफ्फरनगर।** चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, द्वारा आयोजित 12 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आज सफलतापूर्वक समापन हुआ। यह प्रशिक्षण जिला कुष्ठ कार्यालय में गत 12 दिनों से निरंतर संचालित हो रहा था, जिसमें जनपद की सभी एएनएम एवं प्रशिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।कार्यक्रम के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील तेवतिया उपस्थित रहे। उन्होंने प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए और सभी के कार्य एवं समर्पण की सराहना की। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि प्रशिक्षण हमें न केवल ज्ञान देता है, बल्कि कार्य के प्रति निष्ठा और आत्मविश्वास भी बढ़ाता है। जिस उत्साह और लगन से आप सभी ने यह प्रशिक्षण पूरा किया है, वही भावना आगे भी अपने कार्य क्षेत्र में बनाए रखें। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुनील तेवतिया के द्वारा एएनम को ध्यान मेडिटेशन भी कराया गया,उन्होंने कहा कि हमें योग और ध्यान द्धडमकपजंजपवदक्र को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए, क्योंकि इससे मानसिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा मिलती है। उन्होंने सभी एएनएम एवं प्रशिक्षकों को प्रेरित किया कि वे सीखे गए कौशलों को अपने क्षेत्र में लागू करें ताकि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और अधिक सुदृढ़ हो सके।

## महिला प्रधान के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**बुढ़ाना।** एक गांव की महिला प्रधान के पति के खिलाफ बुढ़ाना पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। महिला प्रधान पति पर किसी ग्रामीण की हत्या करने की धमकी देने का आरोप लगा है। रविन्द्र कुमार पुत्र रिच्छा राम निवासी ग्राम अटाली ने बुढ़ाना पुलिस को एक तहरीर देते हुए बतलाया कि उसने अपने गांव अटाली की महिला ग्राम प्रधान अनिता देवी के खिलाफ विगत दिवस एक आरटीआई डाली थी। आरटीआई में महिला ग्राम प्रधान अनिता देवी के द्वारा गांव में किये गये काफी विकास कार्यों में भारी अनियमितताओं तथा भ्रष्टाचार का खुलासा हुआ है। उसने उसको आरटीआई वापस नही लेने पर उसके साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुये गाली गलोच कर जान से मारने की धमकी भी दी। जिसका वीडियो कुछ लोगों ने मौके पर ही बना लिया था। वैसे यह घटना बीती 23 सितम्बर की है। ग्रामीण रविंद्र ने बुढ़ाना पुलिस को तहरीर देते हुए आरोपी महिला ग्राम प्रधान के पति श्याम बहादुर के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

# पीएचसी में काट दिए गए हरे शीशम के पेड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंसूरपुर।** प्रदेश सरकार के पर्यावरण संरक्षण अभियान को सरकारी कर्मचारी ही पलीता लगाने पर तुले हुए हैं।थाना क्षेत्र के गांव सोहजनी तगान स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब ग्रामीणों को जानकारी मिली कि केंद्र परिसर में लगे शीशम के हरे-भरे पेड़ बिना किसी अनुमति के काटे जा रहे हैं।

जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए।उन्होंने देखा कि मजदूर चार पेड़ों की कटाई कर चुके थे।जब ग्रामीणों ने मजदूरों से पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि पेड़ डॉक्टर के निर्देश पर काटे जा रहे हैं।यह सुनते ही ग्रामीणों ने पेड़ कटाई का कार्य रुकवाकर वहां हंगामा शुरू कर दिया और पूरा मामला सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। ग्रामीणों ने डॉ. राहुल कुमार पर आरोप लगाया कि उन्होंने जानबूझकर सुबह-सवेरे लकड़ी माफियाओं को बुलाकर भारी रकम में पेड़ बेच दिए।सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और पूरे मामले की जानकारी ली।इसके बाद ग्रामीण राखी पब्लिक स्कूल पुलिस चौकी,सोहजनी पहुंचे और डॉक्टर के खिलाफ तहरीर देकर कड़ी कार्रवाई की मांग की।चौकी प्रभारी अमित चौधरी ने ग्रामीणों को जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वा. सन दिया है।उधर, इस प्रकरण में डॉ.राहुल कुमार ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि उन्होंने मजदूरों को पेड़ काटने के लिए नहीं,बल्कि पेड़ों की



छटाई (प्रूनिंग) के लिए बुलाया था।

घटना के बाद से ही क्षेत्र में इस मामले को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं बनी हुई हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए

# शशिकांत राजवंशी बने अध्यक्ष, गौरव गोयल कोषाध्यक्ष



**जानसठ।** बीती रात मंगल मोहल्ला स्थित शशिकांत राजवंशी के आवास पर श्री सिद्धेश्वर शिव मंदिर की कमेटी की एक बैठक आयोजित की गई बैठक में कमेटी के लोगों ने आपकी विचार-विमर्श के कमेटी का विस्तार करते हुए शशिकांत राजवंशी को मंदिर कमेटी का अध्यक्ष एवं गौरव गोयल को कोषाध्यक्ष सर्वसम्मति से चुना गया।

सोमवार की रात्रि को कस्बे के मोहल्ला मगल बाजार में श्री सिद्धेश्वर मंदिर कमेटी के लोगों की बैठक हुई।जिसकी अध्यक्षता हर स्वरूप ने की, जिसमें कमेटी के अब तक के कार्यकाल की सभी लोगों ने तारीफ की तथा कमेटी में नए दायित्व की घोषणा भी की गई। जिसमें शशिकांत राजवंशी को अध्यक्ष सर्वसम्मति से बनाया गया। इसके अलावा सुनील गर्ग, मुकेश शर्मा ,हरस्वरूप, आलोक वर्मा ,सुभाष शर्मा ,अरविंद शर्मा अनिल सिंघल ,सरक्षक बनाए गए। प्रबंधक का दायित्व प्रदीप सिंघल उर्फ बब्बू को उप प्रबंधक सुनील राजपूत, उपाध्यक्ष आकाश गुप्ता, सागर बुद्धि, राजा विशाल सिंघल, गौरव सिंघल, राजा कर्णवाल, अंकुर राजवंशी, ललित तंवर उपाध्यक्ष कोषाध्यक्ष गौरव गोयल युवा अध्यक्ष आनंद शर्मा उपाध्यक्ष शोभित गर्ग बनाए गए। सभी लोगों ने नए पदाधिकारी को उनके अग्रिम कार्यकाल की शुभकामनाएं भी प्रेषित की ।

# श्री राम कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय मानक दिवस हर्षोल्लास से मनाया

**मुजफ्फरनगर।** श्री राम कॉलेज के व्यवसायिक व प्रबन्धन विभाग द्वारा आज अंतरराष्ट्रीय मानक दिवस को बड़े उत्साह और जागरूकता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर व्यवसाय व प्रबन्धन विभाग ने पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमें बी.बी.ए. प्रथम, द्वितीय व तृतीय वर्ष के छात्र-छाआओं ने बढ-चढकर प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती के समक्ष द्वीप प्रज्वलन के साथ किया गया।

कार्यक्रम के उद्घाटन भाषण में विभागाध्यक्ष डॉ0 विवेक कुमार त्यागी अंतरराष्ट्रीय मानकों की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मानक हमारे जीवन को सरल, सुरक्षित व संगठित बनाते हैं। तकनीक, स्वास्थ्य, शिक्षा और उद्योग हर क्षेत्र में ये आधार शिला के समान हैं।इस कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने मानकों की भूमिका व अंतर्राष्ट्रीय मानक दिवस-2025 की थीम (एक बेहतर विश्व के लिये साझा दृष्टिकोण



एसडीजी-17 पर प्रकाश-लक्ष्यों के लिये साझेदारी) पर पोस्टर प्रदर्शनी प्रस्तुत की। जिनके आधार पर चार विजेता छात्र-छात्राओं का चुनाव किया गया। प्रथम स्थान पर बी.बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा अनामिका कुमारी, द्वितीय स्थान पर बी.बी.ए. प्रथम वर्ष के छात्र रोहित कुमार व तृतीय स्थान पर बी.बी.ए. प्रथम वर्ष के छात्र मौ0 अल्तमश रहें। सांत्वना पुरस्कार बी.बी. ए. प्रथम वर्ष के छात्र अनुराग को दिया गया। निर्णायकगण की भूमिका में ललित कला संकाय के अध्यक्ष डॉ0 मनोज धीमान रहे। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्या डॉ0 प्रेरणा मित्तल, उप-प्राचार्य डॉ0 सौरभ मित्तल, प्रबन्धन विभाग के अध्यक्ष डॉ0 पंकज कुमार आदि अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ0 अतुल वर्मा व शिवानी शर्मा ने किया।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विभाग के प्रवक्ताओ हिमांशु वर्मा, पूनम शर्मा, सागर शुक्ला, जतिन सिंघल, ममता मित्तल, निशू वर्मा, नवीन कुमार, कपिल कुमार, अंकुश रावल, तनु त्यागी, स्वाति तायल, मो. निका और जेबा ताहिर ने छात्रों को बधाई देते हुये उनके लिए कामना की।

## संक्षिप्त समाचार

### अभद्र टिप्पणी को लेकर थाने पहुंचे मीडियाकर्मी

**मुजफ्फरनगर।** पत्रकार के खिलाफ आपत्तिजनक और अभद्र टिप्पणी किए जाने का मामला सामने आया। इस प्रकरण को लेकर पत्रकारों ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए थाना सिविल लाइन में लिखित तहरीर देकर दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार,एक ग्रुप एडमिन पर आरोप है कि उन्होंने संगठन से संबंधित समाचार पोस्ट किए जाने के बाद न केवल उस समाचार को ग्रुप से हटाया, बल्कि संगठन को लेकर अभद्र व अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया। तहरीर में कहा गया है कि आरोपी ने उक्त सगठन को 'गुंडी का गैंग' और 'फर्जी संगठन' जैसे शब्दों से संबोधित किया, जो संगठन की छवि को धूमिल करने और उसकी प्रतिष्ठा को ठेस पहुँचाने वाला गंभीर कृत्य है। पत्रकारों ने बताया कि इस तरह की टिप्पणी न केवल संगठन की मान-प्रतिष्ठा के खिलाफ है, बल्कि समाज में पत्रकारों की छवि को भी नुकसान पहुंचाने का प्रयास है। पत्रकार समुदाय ने भी इस घटना पर तीखी नाराज़गी व्यक्त करते हुए कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को अभद्रता का माध्यम नहीं बनने देना चाहिए। संयुक्त पत्रकार महासभा ने तहरीर के साथ ग्रुप चैट के स्क्रीनशॉट और संबंधित प्रमाण भी थाना सिविल लाइन को सौंपे हैं। संगठन ने प्रशासन से माँग की है कि इस मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी के खिलाफ उचित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जाए।

### मृत कुत्ते को उठवाकर बदबू से दिलाई निजात

**बुढ़ाना।** नगर पंचायत बुढ़ाना के वार्ड नंबर 14 के सभासद राशिद भूरू कुरैशी ने आज मंगलवार के दिन वार्डवासियों की शिकायत का संज्ञान लेते हुए अख्तर कुरैशी के मकान के सामने कई दिनों से मरे पड़े हुए एक कुत्ते को सफाई कर्मचारियों से उठवाकर आसपास और आने जाने वाले लोगों को भारी बदबू से निजात दिलाकर वार्डवासियों की खूब वाहवाही लूटी। इसके लिए सभासद राशिद भूरु कुरैशी ने बुढ़ाना नगर पंचायत की अध्यक्षा श्रीमति उमा त्यागी कौशल का भी आभार जताया है।

### व्यापारियों ने लोकल सरकारी सिस्टम माना फेल

**बुढ़ाना।** कस्बे की एक छोटी सी समस्या का समाधान कराने के लिए जहां एक और व्यापारियों ने स्थानीय सरकारी सिस्टम को फेल मान लिया वहीं अब उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पर विश्वास जताते हुए आज मंगलवार के दिन उनको डाक से शिकायत भेजी है और समस्या का समाधान कराने की मांग की। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल रजिस्टर्ड बुढाना के तहसील अध्यक्ष राजेशꣃ संगल ने मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को डाक से भेजी गयी एक छोटी सी शिकायत के बारे में बताया कि कस्बा बुढ़ाना में मुजफ्फरनगर वाया कांधला रोड कुरैशियों वाली पुलिया मेन बाजार के रास्ते का कट कुछ समय पूर्व नगर पंचायत बुढाना ने बंद किया था। जिस पर 70 से अधिक गांवों के ग्राहक मैन बाजार में कुरैशियों वाली पुलिया के कट से आते जाते रहते हैं। इस कट के बन्द हो जाने से मेन बाजार मे ग्राहक नही पहुंच पा रहा है। जिससे व्यापारी तंग व परेशान है। व्यापार बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। राजस्व की हानि हो रही है। इसलिए कट को तत्काल प्रभाव से खुलवाएं ताकि ग्राहकों को दिक्कत न हो। ये मांग तहसील अध्यक्ष राजेशꣃ संगल, इरशाद, मदन सैनी, नवीन जैन, राजेंद्र प्रसाद, अशोक जैन, मदन सैनी, नितिन, मुकेश सैनी, संजय कुमार, अमन जैन आदि व्यापारियों ने उठाई है।

### पुलिस को गोदाम में रखे मिले अवैध पटाखे

**बुढ़ाना।** गोदाम में अवैध रुप से रखे लाखों रुपये की कीमत के पटाखे बुढ़ाना पुलिस ने जब्त कर लिए जबकि आरोपी पुलिस टीम को दूर से ही देखकर इधर उधर हो गये। बुढ़ाना कस्बा इंचार्ज संदीप कुमार को खास मुखबिर से सूचना मिली कि जमन पब्लिक स्कूल बुढ़ाना के समीप नीरज उर्फ बोबी पुत्र रमेश चन्द निवासी बड़ा बाजार के गोदाम में अवैध विस्फोटक पटाखों का भंडार है। जिन्हें नीरज और दीपक पुत्र कुलदीप निवासी चांदनी वाला मन्दिर बुढाना मिलकर बेंचते हैं। तब उन्होंने इसकी सूचना बुढ़ाना कोतवाल सुभाष बाबू अत्री को दी तो मौके पर वे सीओ गजेंद्र पाल सिंह को लेकर पहुंचे तो गोदाम का ताला खुला हुआ था। गोदाम के अन्दर बने कमरे में अवैध विस्फोटक पटाखों का भंडार था। मौके पर कोई मौजूद नही था। फायर बिग्रेड को सूचना दी गयी। मौके पर एक कुंटल से भी अधिक वजन के पटाखे मिले जो छह पेटियों में आए। पुलिस को पता लगा कि दोनों युवक बाहर से सस्ते दामों मे माल खरीद कर लाते हैं तथा दिवाली पर अधिक दामों में बेंचते हैं। पुलिस ने दोनों युवकों को आसपास तलाश किया लेकिन वे नहीं मिले। शायद पुलिस टीम को दूर से देखकर फरार हो गये। पुलिस ने बरामद पटाखों को सुरक्षा की दृष्टि से फायर स्टेशन बुढाना में रखवाकर एमएफई से पानी डालकर पटाखों की संवेदनशीलता को कम किया। पुलिस ने दोनों युवकों के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए दोनों की तलाश शुरु कर दी है। भागदौड़ कर बाद में पुलिस ने दीपक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# गैस सिलेण्डर में आग लगने से हड़कंप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरकाजी।** खाना बनाते हुए गैस सिलेंडर में आग लगने से हड़कंप मच गया मौके पर पहुंचे लोगों ने बिना देर किए सिलेंडर की आग पर काबू पाया

मिली जानकारी के अनुसार मोहल्ला हलवाइयां में शादाब पुत्र महाराज के याहा खाना बनाते समय अचानक गैस सिलेंडर में आग लग गई गैस सिलेंडर से ऊंची ऊंची लपटे निकलने लगी आसपास मौके पर पहुंचे धर्मेंद्र मित्तल सोहनलाल मित्तल ने देर की अपनी बहादुरी दिखाते हुए जलते सिलेंडर को घर से बाहर सड़क पर निकला सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस व एल आई यू सहायक शमशाद फरीदी मौके पर पहुंचे उन्होंने पानी के भीगी बोरे और बालु की मदद से आग पर पूरी तरह काबू पाया

# ब्लॉक मुख्यालय पर हुई प्रधान व बीडीसी सदस्यों की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** ब्लाक मुख्यालय पर आयोजित क्षेत्र पंचायत सदस्यों व ग्राम प्रधानों की बैठक का आयोजन किया गया।

जिसमें सरकार के द्वारा चलाई गई अनेक लाभकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। बैठक की अध्यक्षता करे हुए ब्लाक प्रमुख अनिल राठी ने कहाकि किसान सहभागिता योजना के तहत ग्रामीण गौशाला से चार गाय तक ले सकते है, जिनके पालन पोषण के लिए सरकार द्वारा 1500 रूपये प्रतिमाह प्रति गाय दिया जाता है। बीडीओ विशाखा सिंह ने कहा कि गांव में परिवार की फैमली आईडी होनी अनिवार्य है, गांव गांव में ग्राम पंचायत सचिव के द्वारा फैमली आइडी बनाई जा रही है। इसके प्रचार प्रसार में जन प्रतिनिधि अपनी



मुख्य भूमिका निभा सकते हैं। पशु चिकित्साधिकारी डा. सुनील कपूर ने कहा कि प्रगतिशील किसान योजना के तहत देशी गाय के 10 लीटर पर 10 हजार व 15 लीटर दूध देने पर 15 हजार रूपये दिए जा रहे है।

एडीओ पंचायत योगेश्वर दत्त त्यागी ने शौचालय, ओडीएफ प्लस व एडीओ समाज कल्याण प्रदीप चंदेल ने शादी अनुदान, पेंशन, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, एडीओ उद्योग सेवा और व्यवसाय सुरेंद्र सिंह ने स्वयं सहायता समूह गठन, एडीओ सहकारिता विकास यादव ने समिति सदस्य बनाए जाने व किसान सम्मान निधि समेत अनेक चलाई जा रही लाभकारी योजनाओं की जानकारी दी। बैठक में प्रधान संगठन के ब्लाक अध्यक्ष रविन्द्र उर्फ छोटा व फिरोजपुर प्रधान सुषमा ने गांव में खंडजा व प्रधान रहमतपुर रेणू अंतल ने इंटरलाक तथा बीडीसी सदस्य दीपा व सोनिया ने लाइट, मुनेश प्रधान ने कैडी में हैंडपंप लगवाने के लिए माग पत्र भी दिया।

# शिक्षकों का धरना जारी, मांगों के समर्थन में उठाई आवाज

**मुजफ्फरनगर।** 6 अक्टूबर से उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ जनपद मुजफ्फरनगर द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर चल रहे अनिश्चितकालीन धरने पर आज भी संघर्ष जारी रहा।

धरने की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष डॉ0 अमित कुमार जैन ने बताया कि कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक तथा वित्त एवं लेखा अधिकारी (माध्यमिक) के द्वारा मनमाने ढंग से काम करने की शैली का आलम यह है कि इतने दिनों से शिक्षक धरने पर बैठे हैं परन्तु किसी अधिकारी कर्मचारी पर इसका कोई प्रभाव नजर नहीं आता है यदि जल्द ही समस्याओं का निस्तारण नहीं किया जाता तब अगले चरण का आन्दोलन किया जाएगा। प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला संरक्षक शिवकुमार यादव ने शिक्षकों के प्रकरणों का निस्तारण न होने की दशा में प्रान्तीय स्तर पर आन्दोलन की चेतावनी दी तथा साथियों से शान्तिपूर्ण धरना देने की अपील की। जिला मंत्री अरुण कुमार ने जनपद के विभिन्न प्रकरणों की ओर अपना ध्यान आकृष्ट कराया। धरने को जनपद मेरठ के जिलाध्यक्ष गजेन्द्र कुमार वर्मा एवं उनके साथियों ने भी सम्बोधित किया तथा कहा कि आवश्यकता पडने पर सहारनपुर एवं मेरठ दोनो मण्डलो के शिक्षक/शिक्षिकाएं भी धरने पर उपस्थित हो जायेगें। धरने पर आज जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार श्रीवास उपस्थित हुए उनके सम्मुख जनपद के शिक्षक/शिक्षिकाओं की समस्याओं को विस्तारपूर्वक बताया गया परन्तु वार्ता विफल हुई और धरने पर उपस्थित समस्त शिक्षक, शिक्षिकाओं ने एकमत होकर कहा कि



जब तक एक- एक समस्या का समाधान नही हो जाता तब तक अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगा।धरने में मुख्य रूप से जिला कोषाध्यक्ष संजय कुमार मोघा, प्रवीण कुमार शर्मा प्रधानाचार्य, राजेन्द्र सिंह, संजीव त्यागी, सुनील कुमार त्यागी, धर्मपाल, सुरेन्द्र सिंह, सुभाषचंद्र, राजेश कुमार, हेमन्त बिश्नोई, अमित कुमार वर्मा, आदित्य गोयल, मानपाल सिंह, ऋषिपाल शर्मा (मेरठ), एम0एस0 राणा (मेरठ), अक्षय कुमार राय, मुक. ेश भारद्वाज, पदमाकर यादव, गौरव शर्मा, अजय त्यागी, डा0 अमन कुमार, सर्वेश कुमार, जय प्रकाश सरोज, प्रशान्त आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

# ट्यूशन पढ़ने गई किशोरी युवक संग हुई फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रतनपुरी।** शादी करने का झांसा देकर एक युवक टयूशन पढ़ने गयी एक किशोरी को लेकर चम्पत हो गया। इस मामले में रतनपुरी पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए गायब किशोरी और आरोपी की तलाश शुरु कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार रतनपुरी थाना क्षेत्र के एक गांव के व्यक्ति ने रतनपुरी पुलिस को बताया कि बीती 11 अक्टूबर की दोपहर के समय उसकी नाबालिग पुत्री घर से टयूशन पढने के लिये गयी थी। टड्रशन पढ़ने के बाद से उसकी पुत्री जब काफी देर बाद भी अपने घर नहीं आई तो उसने अपनी पुत्री को काफी तलाश किया लेकिन वह नही मिली। किसी अन्य ग्रामीण के द्वारा मालूम हुआ कि उसकी पुत्री को राहुल पुत्र बाबूराम ठाकुर निवासी ग्राम दूधली खतौली बहला फुसलाकर शादी करने का झांसा देकर ले गया है। राहुल उसकी पुत्री के साथ स्कूल में पढता था। अब राहुल का नंबर बंद जा रहा है। पीडित अनूसूचित जाति से है। पीड़ित पिता ने रतनपुरी पुलिस से अपनी पुत्री की सकुशल बरामदगी की मांग की है। उधर रतनपुरी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज करने के बाद दोनों की तलाश शुरु कर दी है।

# अब एटीएम से मिलेगा राशन, नहीं लगानी होगी लाइन

## खतौली में जल्द शुरू होगी 'अन्नपूर्ति एटीएम' योजना

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** सरकारी राशन वितरण प्रणाली में पारदर्शिता लाने और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से सरकार ने एक अनोखी पहल की है। जल्द ही अब लोगों को सरकारी राशन के लिए लंबी कतारों में लगने की जरूरत नहीं पड़ेगी। सरकार ने अन्नपूर्ति एटीएम योजना की शुरुआत की है, जिसके तहत लाभार्थी अपने राशन कार्ड और बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन के माध्यम से किसी भी समय अपने हिस्से का राशन प्राप्त कर सकेंगे। खतौली में भी इस योजना की शुरुआत जल्द की जाएगी। यह व्यवस्था पारंपरिक डीलरशिप प्रणाली की जगह लेगी, जिससे वजन में हेराफेरी, अनाज की बर्बादी और भ्रष्टाचार पर रोक लगेगी।

कैसे काम करेगा 'अन्नपूर्ति एटीएम'

यह मशीन बिल्कुल बैंक के एटीएम की तरह काम करती है, बस इसमें रुपये की जगह गेहूं, चावल और चीनी जैसे खाद्यान्न निकलते हैं। लाभार्थी को केवल आधार या राशन कार्ड नंबर डालकर अंगूठा लगाना होगा। इसके बाद वह अपने हिस्से का राशन चुन सकेगा। मशीन महज पांच मिनट में 50 किलो तक अनाज उपलब्ध करा देती है।वितरण के बाद मशीन रसीद भी जारी करती है, जिसमें संपूर्ण विवरण दर्ज रहता है।खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के अनुसार, इस व्यवस्था से राशन वितरण में 70 प्रतिशत तक समय की बचत होगी और मानवीय त्रुटियों व घोटालों पर नियंत्रण पाया जा सकेगा। अधिकारियों का कहना है कि खतौली सहित अन्य शहरों में जल्द ही 'अन्नपूर्ति एटीएम' लगाकर इस नई प्रणाली को शुरू किया जाएगा, ताकि पात्र लाभार्थियों को तेज, पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से अनाज वितरण मिल सके।

## मिलावटी मावे के साथ पुलिस ने किए दो गिरफ्तार

**भोपा।** क्षेत्र मे मिलावटी मावा दूध का कारोबार बड़े स्तर पर जारी है। त्योहारों के दृष्टिगत नागरिकों के स्वास्थ्य के प्रति सजगता दिखाते हुए प्रशासन लगातार मिलावट खोरो के विरुद्ध अभियान चलाये हुए है। तिस्सा गांव मे छापामारी कर पुलिस ने दो मिलवट खोरो पर कार्रवाई की है।भोपा थाना क्षेत्र के गांव तिस्सा मे बुधवार को मुखबिर की सूचना पर भोपा पुलिस ने सलीम अब्बास व अनीस अब्बास के घर पर छापामारी की जहां पुलिस को डेढ़ कुंतल मिलावटी मावा बरामद हुआ है।

इसके अलावा पुलिस ने मौके से चार किलो दूध पाउडर आदि अन्य सामान को भी बरामद किया है। आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायलय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

# एसएसपी ने अपराध गोष्ठी में दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने मंगलवार को पुलिस लाइन स्थित सभागार कक्ष में जनपद के पुलिस अधिकारियों के साथ अपराध गोष्ठी का आयोजन करते हुए अधीनस्थों को कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने व जनपद में शाांति व्यवस्था कायम रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान एसपी सिटी सत्यानारायण प्रजापत, एसपीदेहात आदित्य बंसल, एसपी क्राइम इंदू सिद्धार्थ व जनपद के समस्त सक्रिल अफसर तथा खूफिया विभाग एसओजी टीम व अन्य शाखाओ के अधिकारी भी मौजूद रहे।

एसएसपी ने कहा कि हिस्ट्रीशीटर अपराधियों पर लगातार निगरानी कर कार्यवाही की जाए और जनपद के समस्त प्रधानो तथा सम्भ्रांत लोगों, जन प्रतिनिधि, पुलिस मित्रों से मिलकर अपराध रोकने के लिए विचार विमर्श करें उन्होने सबसे





पहले महिला संबंधि अपराधों को मिशन शक्ति 5.0 के तहत एन्टी रोमियो स्कवॉयड चलाए जाने के लिए बीट निश्चित करने के लिए कहा। उन्होने कहा कि स्कूली छात्राओं व महिलाओं को सुरक्षा व सम्मान दिलाया जाए। उन्होने कुछ नम्बर भी महिलाओं व छात्राओं के लिए उपलब्ध कराए। उन्होने यातायात सुदृढ़ करने के लिए यातायात प्रभारी निरीक्षको को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और लम्बिवत विवेचनाएं तथा एससी-एसटी एक्ट व पोक्सो एक्ट की समीक्षा भी की। उन्होने अवैध धंधों पर पूरी तरह रोक लगाने के आदेश भी दिए है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने अतुलनीय साहस एवं वीरता के लिये थाना प्रभारी खतौली दिनेशचन्द को मिले वीरता पदक के लिये पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 द्वारा प्रदत्त प्रंशसा पत्र भी प्रदान किया।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# अधिकारी उदासीन, लोगों ने स्वयं ठीक की क्षतिग्रस्त सड़क

**मेहरबान कुरैशी**

**झिंझाना।** स्थानीय प्रशासन की लगातार अनदेखी और उदासीनता से तंग आकर झिंझाना कस्बे के मोहल्ला तलाई के निवासियों ने श्जन सहभागिताश का एक अनूठा और विवश उदाहरण पेश किया है। उन्होंने अपने इलाके की एक उखड़ी और दबी हुई सड़क को स्वयं मरम्मत करके ठीक कर दिया, जिसकी मांग वे महीनों से कर रहे थे।



मामला कस्बे के मोहल्ला तलाई स्थित वार्ड 10 और वार्ड 4 को जोड़ने वाली एक सड़क का है। यह सड़क कस्बे के मुख्य ऊन रोड से जाकर मिलती है और इस पर दिनभर बाइक सवारों, पैदल चलने वाले लोगों, विशेषकर महिलाओं का आवागमन लगा रहता है। इस सड़क का लगभग 5 फुट का एक हिस्सा पिछले कई महीनों से पूरी तरह से दबा और टूट-फूट गया था। इस खराब हालत के चलते रोजाना आने-जाने वाले लोगों और वाहन चालकों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। दुर्घटना की आशंका बनी रहती थी और वाहनों को भी नुकसान होने का खतरा था। इस समस्या के समाधान के लिए मोहल्ले के निवा. सियों और स्थानीय सभासदों ने नगर पंचायत अध्यक्ष और नगर पंचायत कार्यालय में कई बार शिकायत दर्ज कराई। लेकिन, हर बार की तरह इस बार भी उनकी शिकायतों को नजर. अंदाज कर दिया गया। न तो नगर पंचायत के अधिकारियों ने और न ही नगर पंचायत अध्यक्ष ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया न कोई कार्यवाही की। अधिकारियों के रवैए से निराश और तंग आकर मोहल्ले के लोगों ने यह फैसला किया कि अब वे खुद ही इस समस्या का हल निकालेंगे। उन्होंने सामूहिक रूप से एकजुट होकर काम शुरू किया। सबसे पहले उखड़ी हुई सड़क की ईंटों को इकठा किया गया। फिर दबे हुए हिस्से में डस्ट द्धबारीक रेतऋ और मिट्टी डालकर उसे अच्छी तरह से भरा गया और पूरे हिस्से को समतल कर दिया गया। कुछ ही घंटों के सामूहिक प्रयास से सड़क दोबारा चलने लायक बन गई। मोहल्ले के लोगों का सीधा आरोप है कि नगर पंचायत अध्यक्ष भेदभावपूर्ण नीति पर काम कर रहे हैं। उनका कहना है, ष्हमारे इलाके की ओर कोई ध्यान नहीं देता। जो काम नगर पंचायत का अपना दायित्व है, उसे पूरा करने के लिए अब हमें खुद ही आगे आना पड़ रहा है। नगर पंचायत के इस उदासीन रवैए से पूरे इलाके में रोष है। सड़क के समतल और ठीक हो जाने के बाद आस-पास के निवासियों और रोजाना गुजरने वाले लोगों ने राहत की सांस ली है। अब उन्हें दुर्घटना के डर के बिना इस रास्ते से आना-जाना संभव हो सका है।

यह घटना स्थानीय निकायों में व्याप्त जन-विरोधी और उदासीन मानसिकता की पोल खोलती है। एक ओर जहां सरकारें श्सबका साथ, सबका विकासश का नारा देती हैं, वहीं जमीनी स्तर पर ऐसे कई उदाहरण हैं जहां आम जनता को अपनी मूलभूत समस्याओं के समाधान के लिए खुद ही आगे आना पड़ रहा है। झिंझाना के मोहल्ला तलाई के निवासियों का यह कदम एक सवाल है - क्या नागरिक सुविधाएं मुहैया कराना स्थानीय प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं रह गई है?

# लखनऊ में विधायकों ने उठाई शामली के गन्ना किसानों की समस्याएं





## अपर मुख्य सचिव और गन्ना आयुक्त से की मुलाकात, गन्ना क्रय केंद्रों का सही आवंटन और बकाया भुगतान शीघ्र कराने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लखनऊ।** थानाभवन विधायक अशरफ अली खघन और शामली विधायक प्रसन्न कुमार ने मंगलवार को लखनऊ स्थित गन्ना विकास विभाग में पहुंचकर अपर मुख्य सचिव, चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास विभाग मती वीना कुमारी तथा गन्ना आयुक्त मती मिनिस्टी एस से मुलाकात की।

दोनों विधायकों ने शामली शुगर मिल के गन्ना क्रय केंद्रों का सही आवंटन करने एवं किसानों को हो रही दिक्कतों और जिले की तीनों शुगर मिलों द्वारा लंबित गन्ना भुगतान के मुद्दे पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों से आग्रह किया कि किसानों का बकाया गन्ना मूल्य का शीघ्र भुगतान सुनिश्चित कराया जाए एवं शामली शुगर मिल के पूर्व क्रय केंद्रों को जिन्हें अन्यत्र स्थानांतरित कर दिया गया था उन्हें पुन: शामली शुगर मिल में शिफ्ट कर व्यवस्थाओं को सुचारू बनाने के लिए आवश्यक निर्देश जारी किए जाएं। इस दौरान अपर मुख्य सचिव वीना कुमारी और गन्ना आयुक्त मिनिस्टी एस ने विधायकों को आश्वासन दिया कि किसानों के हितों से जुड़ी सभी समस्याओं के समाधान के लिए विभाग गंभीर है और शीघ्र आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। बैठक में विधायकों के साथ गन्ना विकास परिषद के चेयरमैन विक्रांत निर्वाल उर्फ छोटा, पूर्व चेयरमैन मनोज पंवार मालैंडी वसी उल्लाह खघन सहित अन्य लोग भी उपस्थित रहे।

# हसनपुर लुहारी की बेटी ने भुवनेश्वर में जीता कांस्य पदक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जलालाबाद।** हसनपुर लुहारी की बेटी डिम्पी सैनी ने भुवनेश्वर मे चल रही 40वी नेशनल जूनियर एथलेटिक्स चौंपियनशिप डिस्कस थ्रो अंडर18 मे बेहतर प्रदर्शन करते हुए कास्य पदक जीता।उनके प्रदर्शन से परिवार व गांव मे खुशी का माहौल है



शामली के गांव हसनपुर लुहारी निवासी डिंपी सैनी सुशील सैनी की पुत्री हैं। डिंपी फिलहाल दिल्ली स्पोर्ट्स स्कूल में कक्षा ग्यारह की छात्रा हैं। दिल्ली में वह कोच दीपक कुमार के सानिध्य में डिस्क्स थ्रो की कोचिंग ले रही हैं। डिंपी के पिता सुशील सैनी ने बताता कि प्रतियोगिता में डिंपी ने 18 वर्ष आयुवर्ग की डिस्क्स थ्रो में हिस्सा लिया। इस दौरान डिंपी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कास्य पदक जीतकर जिले व प्रदेश का नाम रोशन किया। परिजनों ने बताया पिछले माह यूपी एथलेटिक्स चौंपियनशिप मैं भी डिंपी सैनी ने गोल्ड मेडल,दिल्ली के जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में दिल्ली एथलेटिक्स की ओर से 35वीं नार्थ जोन जूनियर ओपन एथलेटिक्स चौंपियनशिप में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए कांस्य पदक व पिछले साल लखनऊ में हुई 58वीं यूपी स्टेट वार्षिक जूनियर एथलेटिक्स चौम्पियनशिप अंडर 16 शाटपुट में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीता था।

पिछले वर्ष इसी प्रतियोगिता में डिंपी ने रजत व उससे पहले स्वर्ण पदक जीतकर गांव का मान बढ़ाया था। परिजनों ने बताया कि फिलहाल डिंपी दिल्ली स्पोर्ट्स कॉलेज में कक्षा ग्यारह में पढ़ाई कर रही है।भविष्य को देखते हुए डिंपी अब डिस्क्स थ्रो की तैयारी कर रही हैं। डिंपी का सपना देश के लिए ओलंपिक पदक जीतना है। परिजनों ने बताया कि डिंपी ने पूर्व में कस्बे के अर्पण पब्लिक स्कूल से पढ़ाई करते हुए शॉटपुट व डिस्क्स थ्रो की तैयारी शुरु की थी।

# दिवाली पर सिंथेटिक मावा व दूध का कारोबार चरम पर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** दीपावली त्यौहार जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है वैसे ही क्षेत्र में मावे की भट्टिया चल रही है सिंथेटिक मावा व दूध का कारोबार फल फूल रहा है लेकिन विभाग द्वारा अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई ।उप जिला अधिकारी ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी को पत्र लिखकर जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं ।दीपावली त्यौहार पर सिंथेटिक मावा व दूध का कारोबार क्षेत्र में जोरों से चल रहा है गांव दर गांव में नकली मावा बनाने की भट्टित्तयाजोर-शोर से चल रही है लेकिन विभाग द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है दीपावली पर मावे से बनी मिठाइयां जिन में रसगुल्ला, बर्फी, पेडे आदि में सिंथेटिक मावे का प्रयोग बड़ी मात्रा में किया जाता है लेकिन विभाग सेटिंग के चलते कार्रवाई नहीं करता एक दो नमूने लेकर इति कर देता है क्षेत्र में बड़े पैमाने पर मावे की भट्टियां चलती है जिनसे दूर-दूर तक मावे की सप्लाई की जाती है त्योहारों के मद्देनजर उप जिला अधिकारी संदीप त्रिपाठी ने खाद्य पदार्थ जिनमे मिठाइयों की दुकान व मावे की भट्टी आदि पर जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए थे लेकिन अभी तक विभाग द्वारा जांच नहीं की गई है इस संबंध में फूड इंस्पेक्टर कंवरपाल ने बताया कि लगातार कार्रवाई की जा रही है मंगलवार को कैराना क्षेत्र में कार्रवाई की गई है ऊन क्षेत्र में भी कार्रवाई की जाएगी।

# गोल चक्कर के पास हो रही हैं दुर्घटनाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** मेरठ-करनाल हाईवे पर स्थित गुजरपुर गोल चक्कर के पास सोमवार सुबह एक दुखद सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत हो गई। यह घटना सोमवार की सुबह लगभग 6:30 से 7:00 बजे के बीच की है।

शाहिद निवासी झिंझाना और आरिफ निवासी बल्ला मजरा एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर शामली काम से जा रहे थे। गुजरपुर गोल चक्कर के पास एक दूध के टैंकर यूपी 19 टी 8153 ने उनकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। इस जोरदार टक्कर के बाद दोनों युवक सड़क पर आ गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए।

घायलों को तुरंत पहले शामली जिला अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उनकी हालत गंभीर देखते हुए उन्हें हायर सेंटर मेरठ रेफर कर दिया गया। दुर्भाग्य से, मेरठ अस्पताल में इलाज के दौरान दोनों युवकों ने अपनी जान गंवा दी।

देर रात, मृतकों के शवों को उनके गांवों में ले जाया गया, जहां झिंझाना और बल्ला मजरा के कब्रिस्तान में उन्हें सपुर्द खाक कर दिया गया।

मृतक शाहिद के भाई साकिब निवासी झिंझाना ने टैंकर चालक के खिलाफ थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है और कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने शिकायत लेने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी है।

# पैसे के लेनदेन को लेकर मारपीट का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खेड़ीकरमू में पैसे के लेनदेन को लेकर हुए विवाद में एक युवक के साथ मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

क्षेत्र के ग्राम खेड़ीकरमू निवासी आफताब पुत्र मुर्सलीन ने दी तहरीर में बताया कि वह 12 अक्टूबर की शाम करीब छह बजे घर के बाहर खड़ा था। इसी दौरान मोहल्ले के सामुन पुत्र उमरदीन, समीर पुत्र इरफान और बादल पुत्र सलीम वहां आ गए और अपने पैसे मांगने लगे। आफताब ने कुछ दिनों में भुगतान करने की बात कही तो तीनों गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों से उसके और परिवारजनों के साथ मारपीट की। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए, जिन्हें देखकर आरा. ेपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित ने आशंका जताई है कि आरोपी दोबारा किसी अप्रिय घटना को अंजाम दे सकते हैं। पुलिस ने मामले की तहरीर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# बालक-बालिका क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के आरके इंटर कॉलेज में मंगलवार को 12वीं जनपदीय त्रिदिवसीय बालक-बालि. का क्रीड़ा प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे सीडीओ विनय कुमार तिवारी ने फीता काटकर व मां सरस्वती के सम्मुख द्वीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस दौश्रान जैन कन्या इंटर कॉलेज की बालिकाओं ने स्वागत गीत और सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर कार्यक्रम की सुंदर शुरुआत की, जबकि देवी उमराकौर कॉलेज के छात्रों द्वारा प्रस्तुत योगाभ्यास ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सीडीओ विनय कुमार तिवारी ने ध्वजारोहण कर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। उनके साथ खेल अध्यक्षा डीआईओएस लता राठौड़ मौजूद रहीं। कार्यक्रम में जनपद की तीनों तहस. ीलों के छात्र-छात्राओं ने आकर्षक मार्च पास्ट किया। आरके इंटर कॉलेज के कैडेट्स और प्रतिभागियों ने मुख्य अतिथि को सलामी दी। इस अवसर पर रंग-बिरंगे गुब्बारे, आतिशबाजी और शांति के प्रतीक कबूतर उड़ाए गए। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि खेल व्यक्ति में नेतृत्व, अनुशासन और टीम भावना का विकास करते हैं।

खेलों के माध्यम से महिला सशक्तिकरण को भी नई दिशा मिली है, क्योंकि आज महिलाएं खेलों में देश का नाम रोशन कर रही हैं। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि ने मशाल प्रज्वलित कर पिछले वर्ष के चौंपियन हिमांशी और रियांशु को सौंपी, जिन्होंने मैदान की परिक्रमा कर प्रतियोगिता का आगाज किया। पहले दिन हुई प्रतियोगिताओं में 800 मीटर सीनियर बालक वर्ग में उज्जवल प्रथम, बोधराज द्वितीय रहे। 100 मीटर सीनियर बालक वर्ग में विशेष प्रथम, सचिन द्वितीय। लंबी कूद जूनियर बालक वर्ग में प्रदीप प्रथम, अजय द्वितीय। 100 मीटर सीनियर बालिका वर्ग में संगीता प्रथम, पारी द्वितीय। 800 मीटर सीनियर बालिका वर्ग में ज्योति प्रथम, लक्ष्मी द्वितीय। 100 मीटर सब-जूनियर बालिका वर्ग में मानवी प्रथम, आरुषि द्वितीय। गोला फेंक जूनियर बालिका वर्ग में वंशिका प्रथम, नरगिस द्वितीय। 800 मीटर जूनियर बालिका वर्ग में निधि प्रथम, शिखा द्वितीय। शॉट पुट सब-जूनियर बालिका वर्ग में नरगिस प्रथम, आरुषि द्वितीय रहे। खेल आयोजन में जनपद के विभिन्न विद्यालयों के खेल शिक्षकों योगेंद्र मलिक, फूल कुमार, अतुल वर्मा, डॉ। अमरपाल, राजीव कुमार, विकास तोमर, विश्वास शर्मा और कुमारी सोनी ने सहयोग किया।

# बढ़ती चोरी की घटनाओं के विरोध में एसपी से मिले व्यापारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग व जिला अध्यक्ष सूर्यवीर सिंह के नेतृत्व में नगर के दर्जनों व्यापारियों ने शामली नगर में गत दिनों में बुढ़ाना रोड व धीमानपुरा आदि प्रमुख बाजारों में व्यापारियों के प्रतिष्ठानों एवं घरों मे हुई चोरी की घटनाओं से क्षुब्द होकर पहले दिन में 11:30 बजे माननीय पुलिस अधीक्षक मुख्यालय पर पहुंचे मगर वहां एसपी महोदय के न मिलने पर पुन: सायं 7 बजे उनके डाक बंगला स्थित कैंप कार्यालय पर जाकर माननीय एसपी जनपद शामली एनपी सिंह जी को ज्ञापन सौंप कर नगर के प्रमुख बाजारों धीमानपुरा व



बुढ़ाना रोड पर व्यापारियों के यहां चोरी की घटनाओं पर रोषव चिंता व्यक्त करते हुए उनके खुलासे की तथा भविष्य में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने की मांग की इस अवसर पर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग ने माननीय पुलिस अधीक्षक के समक्ष व्यापारी की पीड़ा को रखा उन्होंने कहा कि नगर में त्योहारी सीजन में पुलिस गस्त बढ़ाकर व्यापारियों को सुरक्षा दी जाए ताकि व्यापारी निडर होकर अपना व्यापार कर सके वर्तमान में बढ़ती चोरी की घटनाओं से व्यापारियों में दहशत व डर का माहौल है अत: पुलिस अगस्त बढ़ाकर चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाया जाए प्रदेश अध्यक्ष ने माननीय पुलिस अधीक्षक महोदय से आग्रह करते हुए कहा कि आप अपने अधीनस्थ अधिकारियों को व्यापारियों की बात सुनकर उनका समाधान करने को कहें क्योंकि सरकार की मंशा के अनुरूप अधिकारियों को व्यापारी की बात सुनने एवं उनका सम्मान करने की आदत होनी चाहिए क्योंकि व्यापारी सदैव अधिकारियों का सम्मान करता है उन्होंने नगर में बढ़ती ई रिक्शाओ की संख्या से लगने वाले जाम से मुक्ति दिलाने हेतु कोई रूट प्लान लागू करने का सुझाव रखा तथा नो एंट्री में खाली हुई गाड़ियों को बाहर निकालने के लिए समय देने का भी आग्रह किया साथ ही गत दिनों में व्यापार मंडल के पदा. धिकारी शिवां गर्ग की चोरी हुई बाइक को भी बरामद करने की मांग उठाई इस अवसर पर मुख्यत: सुभाष चंद्र धीमान प्रदेश संगठन महामंत्री, सूर्यवीर सिंह जिला अध्यक्ष, रवि संगल जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष, रामकुमार राय नगर अध्यक्ष, महेश धीमान नगर महामंत्री, शिवांक गर्ग विनोद शास्त्री, यशस्वी गौतम ,संजय धीमान ,शिवांग गर्ग आदि रहे।

## एक नजर

### चोरी के माल सहित महिला गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** वादी अनुज पुत्र निवास गर्ग की तहरीर- समारोह के दौरान अज्ञात व्यक्ति द्वारा गले से सोने की चेन चोरी कर लेने के सम्बन्ध में थाना कोतावाली पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। इसी क्रम थाना कोतवाली पुलिस द्वारा एक महिला को चोरी के माल सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में मुकदमा उपरोक्त में धारा 317 (2) बीएनएस की बढौत्तरी की गई है। गिरफ्तार अभियुक्त ज्योति पत्नि स्व. सुरेश निवासी सीपीओ मदनगिर थाना अम्बेडकरनगर नई दिल्ली है।

### गोवंश को पकड़कर गोशाला पहुंचाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन (शामली)।** नगर पंचायत थानाभवन अधिशासी अधिकारी जितेंद्र राणा व मुशयदा अध्यक्ष द्वारा दिए निर्देशों के अनुपालन में नगर पंचायत थानाभवन के कर्मचारियों द्वारा गोवंश अभियान चलवाया गया जिसके अंतर्गत कस्बे में घूम रहे आवारा गोवंशों को पकड़वाकर सकुशल थानाभवन देहात की गोशाला में पहुंचाया गया। आज चलाए गए अभियान में 5 गोवंश को पकड़वाकर गोशाला पहुंचाया गया।

### उत्कर्ष कार्य के लिए LIC के एमडी ने किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** भारतीय जीवन बीमा निगम के मैनेजिंग डायरेक्टर रत्नाकर पटनायक ने मेरठ के मार्स रिसॉर्ट में थाना भवन के वरिष्ठ अभिकर्ता विनय कुमार गौतम को उत्कर्ष कार्य के लिए सम्मानित किया।एल आई के इतिहास में पहली बार कोई एम डी मेरठ मंडल में आए हैं। विनय कुमार गौतम पिछले 25 सालों से क्षेत्र के लोगों को शामली शाखा के अंतर्गत थाना भवन ऑफिस से बीमा सेवा दे रहे है विनय कुमार गौतम इस समय शाखा शामली में प्रथम स्थान पर कार्य कर रहे है। इस सम्मान से उनके परिवारजनो एवं मित्रों ने उनको बहुत शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में उत्तर मध्य क्षेत्रीय जोनल मैनेजर पी एस नेगी, रीजन मैनेजर आशुतोष कुमार ,मेरठ मंडल के वरिष्ठ मंडल प्रबंधक अमित सिन्हा शामली शाखा के विकास अधिकारी अनिल शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

### दो दिवसीय दिवाली मेले का उठाएं लाभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी सुधीर कुमार ने बताया कि दीपावली के अवसर पर मंडलीय जनपद सहारनपुर में दिव्यांग. जनों द्वारा निर्मित सामग्रियों के विक्रय हेतु 2 दिवसीय दीपावली मेले में प्रतिभाग करने एवं अपना स्टॉल लगाने हेतु इच्छुक दिव्यांगजन ध्स्वैच्छिक संस्था कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी, विकास भवन, शामली में सम्पर्क करें।

### अतिक्रमण हटाने व रास्ते को पक्का बनवाने की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के कैराना रोड पर स्कूल के रास्ते में वेस्ट मेटेरियल डाले जाने से छात्र-छात्राओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। उन्होने आए दिन चोटिल हो रहे छोटे बच्चों की परेशानियों को देखते हुए जिला प्रशासन से संज्ञान लेकर रास्ते से अतिक्रमण हटाने और रास्ते को पक्का बनवाने की मांग की है। शहर के कैराना रोड स्थित रॉक गोल्ड एकेडमी के रास्ते पर वेस्ट मेटेरियल डाल दिया गया। जिससे स्कूल जाने वाले छात्र-छात्राओं व उनके वाहनों को आने जाने में भारी दिक्कते हो रही है। साईकल सवार बच्चे वेस्ट मेटेरियल में फंसकर गिर जाते है और चोटिल हो रहे है। कई बार स्कूली वाहन भी फंस जाते है। उक्त समस्या को लेकर स्कूल के छात्रों ने प्रदर्शन किया और जिला प्रशासन से मांग की कि रास्ते में डाले गए वेस्ट मेटेरियल को हटाया जाए तथा रास्ता पक्का बनवाया जाए। उन्होने बताया कि रास्ते में गंदगी के ढेर भी लगे रहते है, जिस पर नगर पालि. का संज्ञान ले और प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत मिशन को साकार करे। इस दौरान छात्रों ने नगर पालिका से साफ सफाई कराने की मांग की।

# धागा फैक्ट्री मालिक से लाखों की ठगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर कोतवाली क्षेत्र के बड़ी माता मंदिर चौकी क्षेत्र में स्थित धागा फैक्ट्री के मालिक से एक वर्कर द्वारा लाखों रूपए की ठगी करने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने चौकी पुलिस को तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला रामशाला निवासी बालेश कुमार पुत्र पाल सिंह ने दी तहरीर में बताया कि उनकी दो धागा फैक्ट्रियां है।एक रामशाला मोहल्ले में और दूसरी इंडस्ट्रियल एरिया कंडेला में। दिसंबर 2024 में उनकी फैक्ट्री में इदरीश पुत्र मोहम्मद रशीद निवासी बास्टा, चांदपुर जिला बिजनौर काम करने आया था। कुछ ही दिनों में उसने मालिक का विश्वास जीत लिया और अपने भाई इलियास को भी फैक्ट्री में बुला लिया। दोनों भाइयों ने मिलकर फरवरी 2025 में मालिक के विश्वास का दुरूपयोग करते हुए करीब दो लाख रूपए मूल्य का माल 3-4 जगहों पर भिजवा दिया। पीड़ित ने बताया कि भुगतान एक माह में आने का वादा किया गया था, लेकिन अप्रैल तक पैसे नहीं मिले। जब भुगतान मांगा गया तो इदरीश ने टालमटोल की। इस बीच जुलाई में पीड़ित को हार्ट अटैक आ गया और वह कुछ दिन दिल्ली के अस्पताल में भर्ती रहा। लौटने पर फैक्ट्री से वर्कर गायब मिले। फोन करने पर उनका मोबाइल स्विच ऑफ मिला। पुलिस ने तहरीर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।



# सफाई कर्मचारियों ने सभासदों पर अभद्रता का लगाया आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मंगलवार को नगर पंचायत बनत के सफाई कर्मचारियों ने कुछ सभासदों पर अभद्रता करने का आरोप लगाते हुए ईओ से मामले में जांच कराकर कार्यवाही की मांग की है। उन्होने चेतावनी दी कि यदि ऐसा व्यावहार भविष्य में किया गया तो हडताल की जाएगी।

मंगलवार को नगर पंचायत बनत के सफाई कर्मचारियों ने जमकर हंगामा व प्रदर्शन किया। उन्होने ईओ व चेयरमेन पति को ज्ञापन देकर कहा कि वह अपनी डयूटी लग्न, मेहनत और ईमानदारी से कर रहे है। सभी लोग अपने अपने हल्को में सफाई पूर्ण रूप से कर रहे है और लगभग 10-12 घंटे सफाई का कार्य कर रहे, लेकिन कुछ सभासद इकराम अली उर्फ मुन्नू, कल्लू, अजय कुमार कर्मचारियों के साथ अभद्र व्यवहार करते है। तथा कर्मचारियों से गलत काम कराने के लिए बोलते है। सरकारी कार्यों में बाधा उत्पन्न करते है। आरोप लगाया कि गत 13 अक्टूबर को बोर्ड बैठक में तीनों सभासदों ने सफाईकर्मियों को चोर-चोर कहकर सम्मोदित किया। उन्होने चेतावनी दी कि अगर ऐसा व्यवहार किया जाता है तो सभी कर्मचारी हड़ताल पर जाने को विवश होंगे। अनिल, मनोज, अमित, संजीव, पप्पू विनय, विशाल, अमन, प्रवीन आदि मौजूद रहे।

# त्योहारों के अवसर पर पुलिस से सहयोग की अपील



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारियों ने मंगलवार को सीओ सिटी अमरदीप मौर्य से उनके कार्यालय में मुलाकात कर त्योहारी सीजन में बाजारों की स्थिति पर चर्चा की। उन्होने मांग की कि त्यौहारों के समय बाजारों में वाहन लेकर आने वाले लोगों को चालान न काटे जाए। संगठन के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अंकित गोयल ने सीओ सिटी अमरदीप मौर्य को अवगत कराया कि दीपावली पर्व नजदीक आने के कारण बाजारों में ग्राहकों की भीड़ बढ़ रही है। ऐसे में कोतवाली पुलिस और ट्रैफिक पुलिस द्वारा बाजारों के अंदर स्कूटी, बाइक और कारों के चालान काटे जा रहे हैं, जिससे दुकानदारों और ग्राहकों में भय का माहौल बन गया है।

उन्होंने कहा कि यदि ऐसी स्थिति बनी रही तो लोग खरीदारी के लिए बाजारों में आने से हिचकेंगे, जिससे त्योहारी व्यापार पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

व्यापारियों की समस्याओं को सुनने के बाद सीओ सिटी अमरदीप मौर्य ने कोतवाली पुलिस और ट्रैफिक पुलिस को निर्देश दिए कि त्योहारी सीजन के दौरान बाजार क्षेत्रों में किसी भी वाहन का चालान न काटा जाए और व्यापारियों व ग्राहकों को असुविधा न हो। संगठन के जिलाध्यक्ष अनुराग जैन, जिला महामंत्री संजय गोयल, राहुल गोयल, संजीव कुमार, नीरज संगल मौजूद रहे।




# महिला से बदसलूकी और मारपीट का मामला सामने आया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** थाना आदर्श मंडी क्षेत्र के गांव सिलावर में एक गुमशुदा महिला के साथ बदसलूकी और मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की तहरीर पर तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना रामपुर मनिहारन क्षेत्र के गांव भाकला निवासी देवेंद्र कुमार पुत्र अनूप सिंह ने बताया कि उनकी 55 वर्षीय चाची आरती पत्नी विक्रम सिंह जो गूंगी और बहरी हैं, 5 अक्टूबर की रात घर से लापता हो गई थीं। इस संबंध में उन्होंने थाना रामपुर मनिहारन में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। देवेंद्र ने बताया कि 12 अक्तूबर को उन्हें सूचना मिली कि उनकी चाची सिलावर स्टेशन पर उतरकर गांव की ओर जा रही थीं, तभी सिलावर गांव में तीन लोगों बबलू पुत्र अजब सिंह, राजीव पुत्र मोहर सिंह और भूरा पुत्र सुरेंद्र ने उन्हें पकड़कर बदसलूकी की और विरोध करने पर मारपीट की। पीड़िता को पुलिस द्वारा इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। देवेंद्र ने बताया कि उन्होंने अस्पताल पहुंचकर अपनी चाची की हालत देखी और थाना आदर्श मंडी में आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है।

# रोजगार मेले में 47 हुए चयनित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिला सेवायोजन कार्यालय शामली एवं कर्मभूमि कालेज बामनौली (ऊंचा गांव) के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 14 अक्टूबर 2025 को कर्मभूमि कालेज बामनौली ऊँचा गांव के प्रांगण में रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 'रोजगार मेला' का आयोजन किया गया। सेवायोजन अधिकारी ने सभी छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए प्रतिभाग करने वाली कंपनियों की विशेषताओं से परिचित कराते हुए छात्राओं को रोजगार से जुड़ी कंपनियों के प्लेसमेंट संबंधी संपूर्ण गतिविधियों व प्रक्रियाओं से परिचित कराया व करियर काउंसलिंग की। अभ्यर्थियों को रोजगार संगम पोर्टल से अवगत कराया गया। इसी क्रम में चौयरमेन राजबीर सिंह ने महाविद्यालय के छात्र - छात्राओं एवं आईटीआई व विभिन्न कालेजों से आएं हुए अभ्यर्थियों को अधिक से अधिक प्रतिभाग करने पर हर्ष प्रकट करते हुए रोजगार के प्रति छात्राओं को संबोधित किया व सभी को शुभकामनाएं दी। आर एस वी ज्वाइन इंडिया प्रा लि के प्रतिनिधि राज वर्मा एवं पेटीएम की प्रतिनिधि गीता ने अपनी टीम के साथ कम्पनी का संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत किया। जिला सेवायोजन अधिकारी अजय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि रोजगार मेले में देश प्रदेश की कंपनियों ने प्रतिभाग कर अभ्यर्थियों का साक्षात्कार किया। मेले में 47 अभ्यर्थियो को चयनित किया गया। चौयरमेन राजबीर सिंह एवं जिला सेवायोजन अधिकारी अजय कुमार, कर्मभूमि स्टाफ द्वारा रोजगार मेले में चयनित हुए अभ्यर्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई।

## दिल्ली के युवक को फोन पर दी जान से मारने की धमकी, मुकदमा दर्ज

**कैराना।** नई दिल्ली निवासी निपुण गुप्ता ने स्थानीय कोतवाली पर मुकदमा दर्ज कराया है। बताया कि विगत सोमवार को वह अपने पिता नरेश के साथ में प्रोपर्टी के कार्य से शामली आया हुआ था। दोपहर के समय वह कैराना में था। इसी दौरान उसके फोन पर ब्रजभान भड़ाना नामक व्यक्ति की कॉल आई। कॉलर ने कहा कि मेरे लड़के करण भड़ाना के साथ में चल रहे विवाद को निपटा लो, वरना मैं तुम्हे और तुम्हारे पिताजी को जान से मरवा दूंगा। पीड़ित ने बताया कि उनका उक्त करण भड़ाना के साथ में दिल्ली में विवाद चल रहा है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# सीएम डैश बोर्ड पर आधारित विकास कार्यो की समीक्षा बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मुख्य विकास अधिकारी शामली विनय कुमार तिवारी की अध्यक्षता में आज विकास भवन के सभागार में सीएम डैश बोर्ड पर आधारित विकास कार्यो की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। आयोजित बैठक में सीडीओ ने विकास कार्यो की विभाग वार समीक्षा करते हुए सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को सीएम डैश बॉर्ड पर दर्शाया गया डाटा के अनुसार लक्ष्य के सापेक्ष अपेक्षित प्रगति के निर्देश दिए साथ ही जिन विभागों की प्रगति खराब मिली उन विभागों को कड़ी फटकार लगाते हुए जहां कमी है उसमें सुधार करते हुए प्रगति के निर्देश दिए। ताकि जनपद की रैंकिंग ठीक रहें। बैठक में सीडीओ ने विकास कार्यों कार्यों की समीक्षा करते हुए पंचायती राज विभाग, फैमिली आईडी,में संतोष जनक प्रगति न होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए फैमिली आईडी, में खराब प्रगति को लेकर सभी खंड विकास अधिकारी और अधिशासी अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस के निर्देश दिए। बैठक में निर्माण कार्यो की समीक्षा करते हुए सीडीओ ने निर्माण कार्यो को गति देते हुए समय सीमा के तहत पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में अधिशासी अभियंता ड्रेनेज खण्ड को अनुपस्थित मिलने पर उसको कारण बताओ नोटिस के निर्देश दिए। बैठक में,जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी ज्योति प्रजापति सहित सभी संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।




# विव्रत सागर ने बुद्धि व ज्ञान में अंतर बताया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के जैन धर्मशाला में 108 विव्रत सागर मुनिराज ने अपने मंगल प्रवचन में बुद्धि और ज्ञान के अंतर पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ज्ञान एक विशाल क्षेत्र है, जो व्यक्ति को सक्षम और जागरूक बनाता है ताकि वह अपने दुखों को दूर कर सके और जीवन को बेहतर बना सके। लेकिन यदि ज्ञान का प्रयोग गलत दिशा में किया जाए, तो वही ज्ञान दुख का कारण भी बन सकता है।

मुनिराज ने कहा कि किसी व्यक्ति के पास व्यापार या किसी अन्य क्षेत्र में विशिष्ट ज्ञान हो सकता है, परंतु यह आवश्यक नहीं कि वह बुद्धिमान भी हो। बुद्धि वह क्षमता है जो व्यक्ति को अपने ज्ञान का सदुपयोग कर हित-अहित को पहचानने में सक्षम बनाती है। धर्म और अध्यात्म के क्षेत्र में सही निर्णय लेना ही वास्तविक बुद्धिमत्ता है। विदेशों में रह रहे भारतीय परिवारों की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए मुनि ने कहा कि बच्चे अच्छी नौकरी के लिए विदेश जाकर अपना धर्म और संस्कार भूल जाते हैं, और जब माता-पिता उनसे मिलने जाते हैं तो उनका भी धर्म छूट जाता है। उन्होंने कहा कि माता-पिता केवल बच्चों के सांसारिक जीवन की योजना बनाते हैं, परंतु मृत्यु के बाद के जीवन के लिए कोई संस्कार नहीं देते। मुनि ने कहा कि कॉन्वेंट स्कूलों में शिक्षा तो दी जाती है, पर संस्कार नहीं। धर्म रहित जीवन से यह जीवन तो कट जाएगा, लेकिन आगामी जीवन दुखदाई और अंधकारमय होगा। यदि बच्चों को संस्कार नहीं दिए गए, तो उनका ज्ञान उनके ही लिए अहितकारी सिद्ध हो सकता है।कार्यक्रम में चित्र अनावरण एवं दीप प्रज्वलन सुमित्रा जैन और अनीता जैन द्वारा किया गया। शास्त्र भेंट सुखमाल चंद जैन एवं मुकुल जैन द्वारा, जबकि पाद प्रक्षालन का सौभाग्य अरविंद जैन और मुकेश जैन



# बेटे के साथ सुसाइड करने यमुना पर पहुंची महिला, पुलिस ने बचाया

**कैराना।** पति से विवाद के चलते एक महिला अपने आठ वर्षीय बेटे के साथ आत्महत्या करने के इरादे से यमुना नदी पर पहुंच गई। पुलिसकर्मी ने सूझ-बूझ व समझदारी का परिचय देते हुए महिला व उसके बेटे को सकुशल बचाकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। मंगलवार को यूपी-हरियाणा सीमा पर स्थित पुलिस चौकी पर तैनात हेड कांस्टेबल बबलू सिंह ने एक महिला व बालक को परेशान स्थिति में यमुना नदी पर बने पुराने पुल की ओर जाते हुए देखा। इस पर पुलिसकर्मी ने महिला को रोककर यमुना नदी की ओर जाने की बाबत पूछताछ की, जिस पर महिला ने यमुना नदी में कूदकर आत्महत्या करने की बात कही। इस पर कांस्टेबल ने महिला को समझाते हुए चौकी में बैठाया तथा कोतवाली परिसर में स्थित मिशन शक्ति केंद्र पर मामले की सूचना दी। जहां से महिला कांस्टेबल मनीषा यमुना ब्रिज पुलिस चौकी पर पहुंची तथा आत्महत्या के इरादे से आई महिला की काउंसलिंग की। हेड कांस्टेबल बबलू सिंह ने बताया कि महिला शामली के मोहल्ला नानुपुरा मस्जिद वाली गली की रहने वाली है। मंगलवार को पति-पत्नी में किसी बात को लेकर विवाद हो गया, जिसके बाद महिला अपने आठ वर्षीय बेटे सुमान के साथ आत्महत्या करने के इरादे से यमुना नदी पर पहुंच गई। बाद में महिला के पति व अन्य परिजनों को मौके पर बुलाया गया तथा महिला व उसके बेटे को उनके सुपुर्द कर दिया गया। वहीं, पुलिसकर्मी की सूझ-बूझ व समझदारी से एक महिला व उसके बेटे का जीवन बच गया। विदित रहे कि विगत 3 अक्टूबर को कैराना कस्बे के मोहल्ला अफगानान निवासी सलमान ने अपने चार बच्चों के साथ में यमुना नदी में कूदकर आत्महत्या कर ली थी।

# जवाहर विद्यालय में डीएम व एसपी ने महिलाओं को किया जागरूक

**शामली।** मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अन्तर्गत आज पीएम स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय भैसवाल शामली में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचकर जिलाधिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान व पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र प्रताप सिंह ने कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। आयोजित कार्यक्रम के दौरान कक्षा 10 की छात्रा अवनी चौहान ने मिशन शक्ति पर अपना भाषण दिया। आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान ने अपने संबोधन में कहां की माद्म मुख्यमंत्री जी के निर्देशन में मिशन शक्ति-5.0 के अंतर्गत जनपद में विभिन्न स्तर पर ग्राम पंचायतों, गली मोहल्ले में शासन की मशानुसार कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं जिसके माध्यम से बालिकाओं,बहनों एवं माताओ को जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बालिकाओं, महिलाओं का समाज में शक्ति का स्थान है। उसी के तहत आज यहां पर कार्यक्रम किया गया है जोकि जनपद में माताएं बहने एवं बेटियों को सुरक्षा का एक बहुत बड़ा संदेश देगा।

डीएम ने उपस्थित स्कूली छात्राओं को सरकार द्वारा जारी विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों 112, 1090, 1076, 181आदि के बारे में बताया कि यह नंबर आपकी सुरक्षा,आपकी शक्ति और आपके स्वावलंबन के लिए बनाए गए हैं। डीएम ने अपने संबोधन में कहा कि महिला अबला नहीं सबला है आज महिला हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही है। पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र प्रताप सिंह अपने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले माह 22 सितंबर से मिशन शक्ति 5.0 अभियान चल रहा है उस बीच नवरात्रों का त्यौहार भी आया जो महिलाओं को समर्पित है। पुलिस अधीक्षक ने कहा आदिकाल से महिलाओं का सम्मान होता है। उन्होंने बताया शासन की मंशा अनुसार महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए मिशन शक्ति अभियान चल रहा है। उन्होंने उपस्थित बच्चों को पढ़ाई के प्रति प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा सफलता के द्वार खोलती है इसलिए मेहनत करते हुए जीवन में अपना लक्ष्य तय करें और आगे बढ़े। आयोजित कार्यक्रम के दौरान कार्यक्रम के दौरान मिशन शक्ति के तहत पोस्टर ,संगीत, सेल्फ डिफेंस, योग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को डीएम व एसपी द्वारा प्रमाण पत्र देकर ओर मेंडल पहनाकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी, एसडीएम शामली अर्चना शर्मा, एसडीएम न्यायिक हामिद हुसैन, क्षेत्राधिकारी यातायात अपेक्षा निंबोडिया, उप क्रीड़ाधिकारी शामली अश्विनी कुमार त्यागी महिला थानाध्यक्ष मोनिका चौहान,वन स्टॉप सेन्टर से केन्द्र प्रशासक गजाला त्यागी,सदफ अली डिस्ट्रिक्ट मिशन कोआर्डिनेटर, जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य योगेश कुमार आदि स्टाफ स्कूली बच्चे मौजूद रहे। मंच का संचालन अनु सैनी इंग्लिश टीचर ने किया।



## एक नजर

### धन्वंतरि जयंती हर्षोल्लास से मनाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** देवी उमराकौर वैदिक इंटर कॉलेज में मंगलवार को आरोग्य भारती मेरठ प्रांत के सौजन्य से भगवान धन्वंतरि जयंती बड़े हर्षोल्लास और धार्मिक उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता आरोग्य भारती के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ। देवेंद्र पाल सिंह राणा रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती और भगवान धन्वंतरि के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन एवं धन्वंतरि स्तवन के साथ हुआ। मुख्य वक्ता डॉ। डीपी राणा ने अपने संबोधन में कहा कि यदि मनुष्य अपना खान-पान, दिनचर्या और जीवनशैली आरोग्य के देवता भगवान धन्वंतरि के बताए अनुसार रखे तथा योग और प्राणायाम को नियमित रूप से करे, तो वह सदैव निरोग रह सकता है। कार्यक्रम का संचालन डॉ। प्रीतम सिंह प्रीतम ने किया। इस अवसर पर सुषमा, पारूल, कविता, मंजु, आराधना, डोली सहित अनेक शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

### विभागीय योजनाओं की जानकारी देकर किया जागरूक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** विकास खण्ड कांधला, तहसील कैराना जनपद शामली में उप्र खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा आज विपणन विकास सहायता (एस.सी.एस.पी.) के अन्तर्गत एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विभागीय योजनाओ की जानकरी दी गई व योजनाओ का प्रचार प्रसार किया गया एवं अभ्यर्थियों को स्वरोजगार हेतु प्रेरित किया गया। जागरूकता कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विनोद मलिक, ब्लाक प्रमुख कांधला एवं रोहताश कुमार, खण्ड विकास अधिकारी एवं शाखा प्रबन्धक, पंजाब नैशनल बैंक, कांधला व ओमकार सिंह, शान्ति खादी ग्रामोद्योग समिति, कांधला के द्वारा प्रतिभाग किया गया तथा जिला ग्रामोद्योग अधिकारी, शामली जुगल किशोर व समस्त स्टॉफ एंव विकास खण्ड कार्यालय के समस्त सहायक विकास अधिकारी उपस्थित रहे।

### मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार, 293 ग्राम चरस बरामद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कोतवाली पुलिस ने ऑपरेशन सवेरा के तहत चेकिंग के दौरान एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे से 293 ग्राम चरस बरामद हुई है। गिरफ्तार आरोपी का पुलिस ने चालान कर दिया है। डीआईजी सहारनपुर के कुशल नेतृत्व में परिक्षेत्र के अंतर्गत मादक पदार्थों, नशे के अवैध कारोबार, प्रतिबंधित दवाओं की तस्करी एवं बिक्री पर प्रभावी रोकथाम हेतु विशेष अभियान ऑपरेशन सवेरा नशे के अंधकार से, जीवन के उजाले की ओरश संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में एसपी शामली नरेन्द्र प्रताप सिंह के निर्देश पर कोतवाली कैराना पुलिस ने सोमवार रात्रि चेकिंग के दौरान एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे से 293 ग्राम चरस बरामद हुई है। पकड़े गए आरोपी ने पुलिस पूछताछ में अपना नाम व पता तसव्वर निवासी ग्राम इस्सापुर खुरगान बताया। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा-8/20 के अंतर्गत मुकदमा दर्ज करके उसका चालान कर दिया है।

### कचहरी में महिलाओं को किया जागरूक, बाजारों में बांटी प्रचार सामग्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** मिशन शक्ति-5.0 के अंतर्गत टीम ने जनपद न्यायालय परिसर में पहुंचकर महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। वहीं, टीम की सदस्यों ने बाजारों में महिलाओं एवं छात्राओं को मिशन शक्ति-5.0 से सम्बंधित प्रचार सामग्री वितरित की।

मंगलवार को मिशन शक्ति व एंटी रोमिया की संयुक्त टीम महिला इंस्पेक्टर पिंकी गोस्वामी के नेतृत्व में जनपद न्यायालय परिसर में पहुंची। जहां पर टीम ने कचहरी प्रांगण में आई महिलाओं को मिशन शक्ति-5.0 के तहत चलाए जा रहे अभियान के तहत जागरूक किया। टीम ने सरकार द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबर-112,1090, 1076, 108, 102 आदि के बारे में भी जानकारी दी। इसके अलावा, महिला पुलिसकर्मियों ने कस्बे बाजारों में महिलाओं एवं छात्राओं को मिशन शक्ति से सम्बंधित प्रचार सामग्री वितरित करते हुए जागरूक किया। टीम में एसआई चंद्रशेखर, महिला कांस्टेबल स्वाति, मनीषा आदि शामिल रही।

# चोरों ने लाखों रुपये की नकदी पर किया हाथ साफ

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** बेखोफ चोरों ने घर में घुसकर अलमारी में रखी लाखों रुपये की नकदी चोरी कर ली। सुबह जाग होने पर चोरी की घटना का पता चला। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।



सांपला मार्ग निवासी कय्यूम ने पुलिस को बताया कि सोमवार की रात किसी समय चोर घर में घुस गए और कमरे में रखी अलमारी को तोड़कर वहां से करीब तीन लाख 60 हजार रुपये की नकदी चोरी करके ले गए। सुबह जाग होने पर उन्हें चोरी की घटना का पता चला। मौके पर पहुंची पुलिस को कय्यूम ने बताया कि उसने पत्नी को नकदी अलमारी में रखने के लिए दी थी, यह धनराशि उन्हें किसी को देनी थी। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरु कर दी गई है, आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चौक की जा रही है।

# मुत्ताकी भारत के मेहमान, सरकार से जवाब लें जावेद: उलमा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी के दारुल उलूम देवबंद के दौरे पर प्रसिद्ध गीतकार जावेद अख्तर का ट्वीट विवाद का कारण बन गया है। उन्होंने लिखा की देवबंद को शर्म आनी चाहिए जिन्होंने खूंखार आतंकवादी समूह तालिबान के प्रतिनिधि को वहां बुलाकर सम्मान दिया, मेरा सिर शर्म से झुक गया। उनके इस ट्वीट को लेकर उलमा भड़के। जमीयत दाव. तुल मुसलीमीन के संरक्षक व प्रसिद्ध आलिम मौलाना कारी इस्हाक गोरा ने कहा कि मेहमान का सम्मान हमारी तहजीब है तालिबान की नीति नहीं। जावेद अख्तर का बयान हकीकत से ज्यादा भावनाओं पर आधारित है। उन्होंने कहा कि देवबन्द ने किसी आतंकवादी प्रतिनिधि का नहीं बल्कि भारत सरकार के बुलावे पर आए एक आधिकारिक मेहमान का स्वागत किया है। हिंदुस्तान की सरजमीं हमेशा से मेहमान नवाज रही है और देवबन्द उसी तहजीब की मिसाल है।

> फिल्मों और सामाजिक मुद्दों पर बेबाक राय रखने वाले गीतकार जावेद अख्तर ने अपने ट्वीट में लिखा है कि दुनिया के सबसे बुरे और खूंखार आतंकवादी समूह तालिबान के प्रतिनिधि को हर तरह के आतंकवादियों के खिलाफ मंच पर बोलने वालों की तरफ से दिए गए सम्मान और स्वागत को देखकर मेरा सिर शर्म से झुक गया है। देवबन्द को भी शर्म आनी चाहिए कि उसने उन लोगों का इतना सम्मानपूर्वक स्वागत किया, जो उन लोगों में से एक है जिन्होंने लड़कियों की शिक्षा पर पूरी तरह से बैन लगा दिया है।

कहा कि हमारे बुजुर्गों ने हमें सिखाया है कि मेहमान चाहे किसी मजहब, जात, या विचार से क्यों न जुड़ा हो, उसका सम्मान करना इंसानियत और हिंदुस्तानियत दोनों की पहचान है। जो लोग इस पर ताने दे रहे हैं, उन्हें शायद मेहमान का असली अर्थ ही नहीं मालूम।मदरसा जामिया शेखुल हिंद के मोहतमिम मौलाना मुफ्ती असद कासमी का कहना है कि जावेद अख्तर का इतिहास हमेशा विवादित बयानों का रहा है, वह कभी सेक्यूलर बात नहीं करते हमेशा वह फसाद की बातें करते हैं। उन्होंने कहा कि हुकुमत-ए-हिंद (भारत सरकार) उन्हें बुला रही है, सरकार की दावत पर वह मुल्क में आए हुए हैं हमारे मुल्क के मेहमान हैं। उन्होंने कहा कि दारुल उलूम देवबंद एशिया का प्रसिद्ध दीनी इदारा है अगर वह यहां आ गए तो जावेद अख्तर को इस पर क्या आपत्ति है। यदि उन्हें कोई दिक्कत है तो वह बयान देने के बजाए





देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री या रक्षा मंत्री से यह सवाल करें कि उन्होंने विदेश मंत्री को क्यों बुलाया है। मुफ्ती असद कासमी ने कहा कि आमिर खान मुत्ताकी जबरदस्ती देव. बंद नहीं आए हैं बल्कि सरकारी प्रोटोकॉल के तहत आए हैं, जावेद अख्तर सरकार से यह भी सवाल करें कि उन्होंने उन्हें देवबंद आने की इजाजत क्यों दी। उन्होंने कहा कि विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी यहां आने के बाद मुल्क से समझौते, कारोबार, अमन, इंसानियत और मोहब्बत की बात कर रहे हैं। मुझे नहीं लगता कि इस पर किसी को एतराज होना चाहिए।

# श्रुति एसडीएम तो आराध्या बनी एक दिन की तहसीलदार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** मिशन शक्ति के तहत बेटियां एक दिन की अधिकारी बनीं। इस दौरान उन्होंने समस्याएं सुनीं और निराकरण के लिए कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एक दिन की अधिकारी बनी बेटियां खुशी से फूले नहीं समाई।

एचएवी इंटर कालेज देवबंद की कक्षा 12 की छात्रा श्रुति शर्मा एक दिन के लिए उपजिलाधिकारी बनीं। एसडीएम युवराज सिंह ने छात्रा को औपचारिक रूप से पद भार ग्रहण कराया। कुर्सी संभालते ही श्रुति ने उपजिलाधिकारी कार्यालय में कई फाइलें देखीं। इस दौरान महिला फरियादियों के अलावा कई लोग अपनी समस्याएं लेकर एसडीएम कार्यालय पहुंचे। श्रुति ने संजीदगी से उनकी समस्याएं सुनीं और उनका निराकरण कराने को कहा।







वहीं, तहसील कार्यालय में एचएवी कालेज की ही छात्रा आराध्या राजपूत एक दिन की तहस. ीलदार बनीं। तहसीलदार पुष्पांकर देव ने उन्हें पद भार ग्रहण कराया। इस दौरान अधिकारियों ने महिला सशक्तिकरण और मिशन शक्ति के संबंध में पूर्ण जानकारी दी। उधर, छात्रा दीपमाला कश्यप और प्रिया बिरला ने एक दिन की नायब तहस. ीलदार बनकर लोगों की समस्याएं सुनी और शिकायतकर्ताओं को निदान का आश्वासन दिया। उपजिलाधिकारी युवराज सिंह ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान बेटियों में नेतृत्व की भावना विकसित करने का काम कर रहा है। इससे बेटियों को समाज और प्रशासन की कार्यप्रणाली को समझने का मौका मिलता है।

# कॉलेज में हुआ एक दिन की विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** विकसित भारत मिशन के तहत ठा. फूल सिंह मैमोरियल इंटर कालेज में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। इसमें विद्यार्थियों ने सुंदर माडल बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

रणखंडी गांव में स्थित ठा. फूल सिंह मैमोरियल इंटर कालेज में आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने डायानोमा, हार्ट फंक्शन, लंग फंक्शन, सौर ऊर्जा, वायरलैस इलैक्ट्रिक सिटी आदि माडलों का प्रदर्शन किया। प्रधानाचार्य डा. अमरदीप सिंह पुंडीर ने कहा कि नवाचार एवं कौशल विकास के लिए इस तरह के आयोजन जरूरी है। प्रमोद कुमार व विजेंद्र सिंह ने छात्रों को रचनात्मक सोच की क्षमता का विकास कर राष्ट्र को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान छात्रों को शिक्षा मंत्रालय द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम का आनलाइन प्रसारण भी दिखाया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं सहित कॉलेज का स्टाफ शामिल रहा।

## मजदूर के घर में लगी आग लाखों का सामान जलकर राख

**कांधला।** मोहल्ला खेल निवासी सोमपाल ने बताया कि मंगलवार को मकान में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। जिस समय पीड़ित के मकान में आग लगी पीड़ित मजदूरी करने के लिए गया हुआ था और घर पर उसकी पत्नी उर्मिला वह उसकी दो बच्ची सरस्वती और मालो मौजूद थी। मकान में आग लग जाने से मोहल्ले में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

# नायब तहसीलदार के रवैये से आहत किसान ने दी आत्मदाह की चेतावनी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** किसान कुशलपाल ने अपने खेत से जबरन नाला निकाले जाने का आरोप लगाते हुए एसडीएम कार्यालय पर 24 घंटे के भीतर आत्मदाह करने की चेतावनी दी है।

नागल थानाक्षेत्र के नगली मेहनाज निवासी किसान कुशलपाल ने एसडीएम कार्यालय पहुंचे आरोप लगाते हुए बताया कि पिछले तीन वर्ष से गांव की राजनीति के चलते उसका शोषण किया जा रहा है, प्रधान जबरन उसके खेत से नाला निकलवाने चाहते हैं। उस समेत खटोली गांव के ग्रामीण भी इसका विरोध कर रहे हैं। नाला निकलने के चलते उसकी सारी फसल बरबाद हो जाएगी। कुशलपाल ने आरोप लगाया कि वह लगातार तीन साल से इंसाफ की गुहार लगा रहा है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। नायब तहसीलदार भी जबरन उसके खेत से नाला निकलना चाहती है, जिससे गांव का माहौल खराब हो जाएगा। किसान ने बताया कि प्रशास. निक अधिकारी हाईकोर्ट के आदेश की अवहेलना कर रहे हैं और जबरन उसका मानसिक शोषण कर रहे हैं। कुशलपाल ने चेतावनी दी अगर चौबीस घंटे के भीतर उसकी सुनवाई नहीं होती तो वह एसडीएम कार्यालय पर आत्मदाह करने को मजबूर होगा। उपजिलाधिकारी युवराज सिंह ने कहा है कि पूरे प्रकरण की गंभीरता से जांच कराई जा रही है। किसान से मिले प्रार्थना पत्र के आधार पर प्रकरण की रिपोर्ट तलब की जाएगी।

# ..हमीं ने उड़ना सिखाया हमीं को भूल गया

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** महफिल ए मुशायरा एवं कवि सम्मेलन में शायरों ने अपना खूबसूरत कलाम सुनाकर श्रोताओं से खूब वाहवाही लूटी।

मंगलौर चौकी के निकट एक सभागार में आयोजित महफिल ए मुशायरा एवं कवि सम्मेलन का शुभारंभ नात ए पाक से हुआ। शायर शम्स देवबंदी ने कुछ यूं कहा 'गया फलक पे तो अपनी जमी भूल गया, हमीं ने उड़ना सिखाया हमीं को भूल गया'। कवि परमवीर कौशिक का यह शेर खूब पसंद किया गया 'मंदिर मस्जिद की अजमत का दोनों रखें पास, तुम भी अपना रोजा रखो मैं रखूं उपवास'। अमजद खान ने कुछ यूं कहा 'ये कैसा वक्त हाय देखता हूं, के अपनों में पराये देखता हूं'। अब्दुल्लाह राज ने पढ़ा 'मैं चुप रहा ये सोच के





अपनों के दरमियां, सब बोलने लगेंगे तो घर टूट जाएगा'। इनके अलावा कामरान आदिल, बिलाल सहारनपुरी, मोहन मुंतजिर, सहिल माधोपुरी, बदरुद्दीन जिया, साबिर बेहटवी, हसन सोनभदरी, रजा खतौली, अमजद सैफी आरिफ अतीब ने भी अपना कलाम सुनाते हुए वाहवाही लूटी। मनोज सिंघल एड., डा. संजय शर्मा, प्रियवंश कौशिक, कमाल आरिफ, मोहम्मद आकिल, प्रदीप शर्मा आदि लोग शामिल रहे।

# विद्यार्थियों ने दिया पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** सर्वोदय ज्ञान पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

सहारनपुर हाईवे स्थित सर्वोदय ज्ञान पब्लिक स्कूल प्रागण में आचार्य महेश विश्वकर्मा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पेड़ पौधे जरूरी है। कहा कि वर्तमान समय में जिस तेजी के साथ पेड़ों का कटान हो रहा है, उससे पर्यावरण संतुलन बिगड़ रहा है। कुलदीप मलिक ने कहा कि हमें अधिक से अधिक पौधे रोपने चाहिए। साथ ही उनका संरक्षण भी करना चाहिए। उन्होंने छात्रों को अपने जन्मदिन पर बरगद, पीपल अथवा नीम आदि का एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। प्रधानाचार्य रूपेश



सैनी ने योग की महत्ता बताई और बड़ों का सम्मान करने की शिक्षा दी। इस मौके पर अनिता सैनी, शिवकुमार सैनी, वंदना ध्रुव, सपना गुप्ता, राजी शर्मा आदि छात्र-छात्राएं व स्कूल का स्टाफ शामिल रहे।

## जिम से लौट रहे युवकों के साथ मारपीट में चार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**कांधला।** कस्बा निवासी दो युवकों के साथ हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने पीड़ित युवक की तहरीर पर चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपियों की तलाश शुरू करती है। कस्बे के मोहल्ला मुस्तफाबाद निवासी अमजद ने बताया था कि विगत रविवार की शाम को पीड़ित अपने साथी सोयब पुत्र सलीम के साथ जिम कर अपने घर लौट रहा था। पीड़ित जैसे ही बाईपास मार्ग स्थित मंडी कॉलोनी पर पहुंचे तो कस्बा निवासी शाहनवाज, सावेज, सोनू व समीर ने पकड़ लिया और उनके साथ जमकर लाठी डंडों से मारपीट करते हुए घायल कर दिया। पीड़ित के परिजनों ने उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया था। पीड़ित का हाथ फैक्चर हो जाने के कारण चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया था।

## आशा कार्यकत्रियों का हल्ला बोल, आठ सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन



शाह टाइम्स संवाददाता

**कांधला।** क्षेत्र की आशा कार्यकत्रियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जोरदार धरना-प्रदर्शन किया।नगर के सरकारी अस्पताल पर पहुंची आशा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। आशाओं ने कहा कि वे वर्षों से गांव-गांव जाकर गर्भवती महिलाओं, नवजात शिशुओं और ग्रामीणों के स्वास्थ्य की सेवा में लगी हैं, लेकिन सरकार उनकी मेहनत का सही मूल्य नहीं दे रही।प्रदर्शन के दौरान आशाओं ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक वीरेंद्र सिंह को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने अपनी 8 सूत्रीय मांगें रखी,आशा कार्यकत्रियों को स्थाई कर्मचारी का दर्जा, न्यूनतम वेतन लागू करना, बीमा सुरक्षा, समय पर भुगतान और सेवाओं का मानदेय बढ़ाए जाने की मांग प्रमुख रही। उन्होंने कहा कि सरकार उनके साथ वर्षों से वादाखिलाफी कर रही है, अब वह चुप नहीं बैठेंगी।धरने के दौरान राजकुमारी, सविता, अनीता, बबीता, सुमन, ममता, नीलम, पूनम, रेखा, सरोज व शीला देवी समेत दर्जनों आशा कार्यकत्रियां मौजूद रहीं।

## मुर्गा कारोबारी के ऊपर दबंगों का जानलेवा हमला ,गंभीर हालत में रेफर

शाह टाइम्स संवाददाता



**कांधला।** थाना क्षेत्र के गढ़ी मियां निवासी एक मुर्गा कारोबारी के साथ कई लोगों ने मारपीट करते हुए गंभीर रूप से घायल कर दिया परिजनों ने घायल का उपचार कराने के बाद थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस जांच में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी मियां निवासी वहसर पुत्र साजिद मुर्गा कारोबारी है पीड़ित के अनुसार वह सोमवार की देर शाम बाइक पर सवार होकर कस्बे से अपने गांव में जा रहा था जैसे ही वह गढी श्याम मार्ग पर पहुंचा तो बाइक सवार अज्ञात हमलावरों ने उस पर धारदार हथियारों से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। आरोपी मुर्गा कारोबारी को घायल अवस्था में छोड़कर फरार हो गए सूचना पाकर पहुंचे परि. जनों ने उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया घायल के परिजनों ने थाने पहुंचकर तहरीर देखकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस जांच में जुटी हुई है। दूसरी और कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी शादाब ने बताया कि मामूली विवाद को लेकर उसके भतीजे ने उसके साथ मारपीट की है पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

# सफाई कर्मियों का हंगामा, चार कर्मचारियों की बर्खास्तगी पर विरोध प्रदर्शन

शाह टाइम्स संवाददाता

**कांधला।** नगर पालिका परिषद में मंगलवार को उस समय हंगामा खड़ा हो गया जब सफाई कर्मियों ने अपने चार साथियों की बर्खास्तगी के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। बताया गया कि पालिका अध्यक्ष नजमुल इस्लाम ने सफाई कर्मचारी राजन, अर्जुन, विनय और आजाद को डडूटी से हटाने का आदेश जारी किया था।

इस निर्णय से नाराज सफाई कर्मी एकजुट होकर पालिका कार्यालय के बाहर एकत्र हुए और जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि चारों कर्मचारियों को बिना किसी ठोस कारण के हटाया गया है, जो सरासर अन्यायपूर्ण कदम है।आक्रोशित कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि जब तक बर्खास्त कर्मचारियों को पुन: डडूटी पर नहीं लिया जाता, तब तक वह आंदोलन जारी रखेंगे।



प्रदर्शन के दौरान कुछ समय के लिए पालिका परिसर में तनावपूर्ण माहौल बन गया। सूचना मिलने पर वार्ड सभासद क"यूम जंग मौके पर पहुंचे और कर्मचारियों से बातचीत की। उन्होंने कर्मचारियों को आश्वासन दिया कि मामले की जांच कर बर्खास्त कर्मचारियों को जल्द ही बहाल किया जाएगा। सभासद के आश्वासन के बाद प्रदर्शन समाप्त हुआ, लेकिन कर्मचारियों में रोष अब भी बना हुआ है।

चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें जल्द पूरी नहीं हुईं तो वे अनिश्चितकालीन धरना देने को मजबूर होंगे। इस दौरान बड़ी संख्या में सफाई कर्मी मौजूद रहे। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में बताई जा रही है, जबकि नगर पालिका प्रशासन की ओर से इस मामले पर अब तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, देवबन्द जनपद सहारनपुर।

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद देवबन्द में निम्नलिखित सूची में दिए गए साक्ष्यों के आधार पर उनके सामने अंकित संपत्ति संख्या पर अपना बतौर स्वामी दर्ज करने हेतू प्रार्थना पत्र दिये हैं। उक्त के नामांतरण की कार्यवाही हेतू सूचना जारी की जाती है। यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति साक्ष्य सहित इस नोटिस के प्रकाशन के तीस दिन (30 दिन) के अंदर कार्यालय नगर पालिका परिषद देवबन्द में किसी भी कार्य दिवस में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

| क्र0 स0 | नाम दाखिल कराने वाले का नाम | कर पंजिका में दर्ज नाम | मौहल्ला/सम्पत्ति सं0 |
|---|---|---|---|
| 1. | रवि शर्मा पुत्र मुकेश शर्मा व शिवानी शर्मा पत्नी रवि शर्मा | मनोहर लाल पुत्र रामलाल | रविदास मार्ग-895 |
| 2. | समाना पुत्री जहांगीर | रियासत पुत्र शहादत | कायस्थवाड़ा-क-547/2 |
| 3. | अशवनी जैन पुत्र पुष्पेंन्द्र कुमार जैन | पुष्पेन्द्र कुमार जैन पुत्र कुलवन्त राय जैन | सड़क रेल-958,959 |
| 4. | प्रभात रंजन जैन पुत्र पुष्पेन्द्र कुमार जैन | पुष्पेन्द्र कुमार पुत्र कुलवन्त राय व प्रभात रंजन जैन पुत्र पुष्पेन्द्र कुमार जैन | नेचलगड़-368,369 |
| 5. | रोबिन जैन पुत्र प्रभात रंजन जैन | रोबिन जैन पुत्र प्रभात रंजन जैन व प्रभात रंजन जैन पुत्र पुष्पेन्द्र कुमार जैन | बाजार कलां-185 |
| 6. | मौ. दानिश पुत्र चांद मियां, मौ. सिकन्दर, मौ. हारून पुत्रगण चांद मियां | चांद पुत्र अब्दुल हफीज कुरैशी | लहसवाड़ा-623 |
| 7. | रोमी पुत्री सुशील | याकूब पुत्र बशीर हसन व अकबरी पत्नी याकूब | कायस्थवाड़ा-क-443 |
| 8. | मौ. वसीम पुत्र नसीर अहमद | कलवा पुत्र यामीन | कायस्थवाड़ा-क-523 |
| 9. | अब्दुल कादिर, जुनैद पुत्रगण मौ. नौशाद | फूलवती पत्नी गंगादास | बडजियाउलहक-299 |
| 10. | नसीम पुत्र युनुस | प्रधुमन वर्मा पुत्र मोती लाल व कमलेश पत्नी प्रधुमन वर्मा | मटकोटा-8/28,29 |
| 11. | उमर फारूक पुत्र जमीर अहमद व रूबीना गुलजार पत्नी उमर फारूक | रागिब हसन पुत्र इदरीस हसन | अबुलमाली-65 |
| 12. | मौ. शकील पुत्र स्व. जमील | जमील उर्फ सल्लू पुत्र रोशन, खातून पत्नी जलील | रविदास मार्ग-668,832 |
| 13. | आसमा पत्नी मौ. सलीम | अफरोज पत्नी मौ. अहमद | बडजियाउलहक-344/9 |
| 14. | रिजवान इलाही पुत्र इनाम इलाही व आयशा पत्नी रिजवान इलाही | नाजिर हसन पुत्र पीरू | बडजियाउलहक-72 |
| 15. | मौ. रमीज पुत्र मुजीबुलहसन | आसमा पत्नी अली हसन, मौ. सुयान, मौ. उस्मान पुत्राण अली हसन | अब्दुलहक-322 |
| 16. | निशात अन्जुम पत्नी मुजीबुलहसन | फरहत इलाही पुत्र अफजाल इलाही | खानकाह-1311 |
| 17. | राशिद पत्नी स्व. इमरान बेगम, शिबली बेगम, हारी बेगम व साद मिर्जा पुत्रगण सव. इमरान बैग | इमरान बैग पुत्र सुभान बैग | पठानपुरा-क-1671 |
| 18. | मुजीबुलहसन व महबूबहसन पुत्रगण स्व. वाजिदहसन | हसीना पत्नी वाजिद हसन | कायस्थवाड़ा-क-841 |
| 19. | सरवरी पत्नी मौ. अरशद | विक्रेता सनव्वर हसन, मौहम्मद मनव्वर, रिजवान, फुरकान, पुत्रगण मौ. मंजूर | सरायपीरजादगान |
| 20. | मौ. सुफियान पुत्र मौ. रिजवान | सलमा गोरी पत्नी इसरा गोरी, नूर जहां पत्नी मौ. इकराम | सरायपीरजादगान-443 व 443 |
| 21. | मदन मोहन शर्मा, कुलदीप कुमार शर्मा, राकेश शर्मा व संदीप शर्मा पुत्रगण स्व. राम कुमार शर्म | राम कुमार शर्मा पुत्र शोभाराम शर्मा | कायस्थवाड़ा-क-437 |
| 22. | आयशा पत्नी मौ. मुस्तफा | विक्रेता अब्दुल्लाह पुत्र मुन्फैत अली | बडजियाउलहक |
| 23. | सायरा बानो पत्नी इस्लाम उददीन | मांगेराम पुत्र फग्गू | पठानपुरा-क-1406 |
| 24. | महराना पत्नी मौहम्मद शकील | सुगरा बानो पत्नी अमीर हसन | पठानपुरा-क-2523 |
| 25. | मोहन लाल शर्मा पुत्र घनश्याम शर्मा | प्रमोद कुमार मित्तल पुत्र दुर्गा प्रसाद | कायस्थवाड़ा-क-79 |
| 26. | अरशद हसन पुत्र आबिद हसन | आबिद हसन पुत्र हामिद हसन | अब्दुलहक-334 |
| 27. | दीवाकर जोशी व सुधाकर जोशी पुत्रगण लक्ष्मीदत्त जोशी उर्फ लक्ष्मीदत्त शर्म | लक्ष्मीदत्त पुत्र नारायण शर्मा | शिक्षक नगर-1650 |
| 28. | मौ. हिलाल अहमद व अमजद अहमद पुत्रगण बिलाल अहमद | मौ. अय्यूब पुत्र मौ. उमर | कायस्थवाड़ा-ख-203 |
| 29. | शहनाज पत्नी मौ. रिहान | रूखसाना बेवा स्व. नसीम अहमद, कु. सलमा पुत्री स्व. नसीम अहमद | अब्दुलहक-294 |
| 30. | नीतू कुमारी पत्नी राजेश | गुरूबख्श पुत्र मोहनलाल | सड़क रेल-938 |
| 31. | रिजवाना अनीस पत्नी मौहम्मद अनीस | विक्रेता सय्यद इसा रजा नकवी पुख सय्यद इकरार हुसैन तोहीद हुसैन पुत्र मौ. अकरम | फौलादपुरा |
| 32. | नरगिस पत्नी शहने आलम | शमीम खानम पत्नी मसरूर खां | पठानपुरा-ख-893 |
| 33. | नीतू पत्नी अमरीश कुमार व विजय लक्ष्मी पत्नी संजय | ओम प्रकाश पुत्र मान सिंह | सड़क रेल-845 |
| 34. | चांद मियां पुत्र यासीन | मौहम्मद इमतयिाज पुत्र मौ. यासीन | लहसवाड़ा-736 |
| 35. | काशिफ अख्तर पुत्र शमीम अहमद | विक्रेता रीना गुप्ता पत्नी आशु गुप्ता | जनकपुरी |
| 36. | मन्तशा पत्नी मौ. बाबर | ताहिर हसन पुत्र मीर हसन | पठानपुरा-क-995/1 |
| 37. | राम कुमार पुत्र कंवरपाल सिंह | मुकेश कुमार पुत्र रामश्वेर प्रसाद | कायस्थवाड़ा-क-582 |

दैनिक शाह टाइम्स
समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें 9837487334

# राहुल की फिफ्टी: भारत ने पूरी की जीत की औपचारिकता

**● भारत ने वेस्टइंडीज को दूसरे टेस्ट में सात विकेट से हराकर सीरीज में 2-0 से क्लीन स्वीप कर लिया है**




**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत ने वेस्टइंडीज को दूसरे टेस्ट में मंगलवार को सात विकेट से हराकर सीरीज में 2-0 से क्लीन स्वीप कर लिया है। पांचवें दिन के खेल में उन्हें जीत के लिए सिर्फ 58 रनों की जरूरत थी, जिसे उन्होंने केएल राहुल के अर्द्धशतक की मदद से पांचवें दिन एक घंटे के भीतर ही हासिल कर लिया। हालांकि इस दौरान उन्हें अपने दो विकेट गंवाने पड़े। दिन की शुरूआत में राहुल और साई सुदर्शन (39) आराम से लक्ष्य की तरफ बढ़ रहे थे। राहुल ने दिन के पांचवें ओवर में जोमेल वारिकन की गेंद पर आगे निकलकर मिड ऑफ के ऊपर से चौका लगाया और दिन की पहली बाउंड्री अपने नाम की। इसके बाद उन्होंने खारी पिएर के ओवर में कदमों का इस्तेमाल कर छक्का और चौका भी हासिल किया। वहीं सुदर्शन पूरी तरह शांत रहें और जब उन्होंने रॉस्टन चेज की एक फुलर गेंद को ड्राइव लगाने की कोशिश की, तो गेंद ने उनके बल्ले का बाहरी किनारा लिया और स्लिप में शाई होप ने दायीं ओर डाइव लगाकर एक बेहतरीन कैच लपका। इसके बाद आए भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने चेज को निशाना बनाते हुए कदमों का इस्तेमाल कर छक्का और चौका लगाया, लेकिन उसी ओवर में एक और छक्का मारने के चक्कर में गेंद को हवा में खेल बैठे और जस्टिन ग्रीव्स ने मिडविकेट से पीछे दौड़कर एक खूबसूरत कैच अपने नाम किया। हालांकि इसके बाद आए ध्रुव जुरेल ने कोई गलती नहीं की। इस बीच राहुल ने वारिकन की गेंद को फाइन लेग की ओर दो रनों के लिए खेल अपना अर्द्धशतक पूरा किया और वारिकन के अगले ओवर में मिडविकेट पर चौका मारकर जीत की औपचारिकता पूरी की। सीरीज में क्लीन स्वीप के बाद भारतीय टीम सीमित ओवर सीरीज के लिए

## घर में सर्वाधिक टेस्ट जीत तीसरे नंबर पर पहुंचा भारत

**● भारत ने अब किसी एक विपक्षी के खिलाफ लगातार सबसे ज्यादा सीरीज जीतने का रिकॉर्ड दक्षिण अफ्रीका के साथ साझा किया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत ने दिल्ली टेस्ट के पांचवें दिन सुबह जीत के लिए आवश्यक 58 रन आसानी से हासिल कर लिए और सीरीज 2-0 से अपने नाम कर ली। वेस्टइंडीज यह देखकर संतुष्ट हो सकता है कि उन्होंने इस साल का अपना सबसे मजबूत बल्लेबाज़ी प्रदर्शन करते हुए मैच को पांचवें दिन तक खींचा, लेकिन भारत की जीत पर कभी कोई खतरा नहीं था। इसके साथ ही भारत ने सीरीज स्वीप के साथ कई रिकॉर्ड्स भी बनाए।

एक नजर मैच से जुडे अहम आंकड़ों पर। भारत अब अपने घरेलू मैदानों पर कुल 122 टेस्ट मैच जीत चुका है। इस मामले में भारत अब दक्षिण अफ्रीका (121) को पीछे छोड़ते हुए तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। अब भारत से आगे सिर्फ इंग्लैंड (241) और ऑस्ट्रेलिया (262) हैं। भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ अब लगातार 10 सीरीज जीत हासिल कर ली है। यह क्रम 2002 से चला आ रहा है। भारत ने अब किसी एक विपक्षी के खिलाफ लगातार सबसे ज्यादा सीरीज जीतने का रिकॉर्ड दक्षिण अफ्रीका के साथ साझा कर लिया है। दक्षिण अफ्रीका ने भी वेस्टइंडीज के खिलाफ 10-0 का रिकॉर्ड बनाया था। यह भारत का वेस्टइंडीज के खिलाफ लगातार 27वां टेस्ट रहा, जिसमें उसे हार का सामना नहीं करना पड़ा। किसी एक टीम के खिलाफ भारत का यह सबसे लंबा अपराजेय सिलसिला है। आखिरी बार भारत को वेस्टइंडीज ने 2002 में हराया था। दिल्ली में भारत लगातार 14 टेस्ट मैचों से अपराजेय है। आखिरी बार भारत यहां 1987 में वेस्टइंडीज से हारा था। 1993 के बाद से भारत ने दिल्ली में 14 टेस्ट खेले हैं, जिनमें 12 जीते और दो ड्रॉ रहे हैं। इस नतीजे के साथ दिल्ली ने मोहाली (1997 से 13 टेस्ट) और मुंबई के ब्रेबॉर्न स्टेडियम (1948-1965 के बीच 13 टेस्ट) को पीछे छोड़ते हुए भारत के सबसे लंबे अपराजेय घरेलू मैदानों में शीर्ष पर जगह बनाई। ध्रुव जुरेल अब तक जितने भी टेस्ट खेले हैं, उन सभी में भारत विजेता रहा है। उन्होंने 2024 की शुरुआत में राजकोट टेस्ट (इंग्लैंड के खिलाफ) में डेब्यू किया था। इससे पहले भुवनेश्वर कुमार अपने पहले छह टेस्ट तक हर बार विजेता टीम का हिस्सा रहे थे। इस सीरीज में भारत ने कुल 13 विकेट गंवाए।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### पेरिस 2024 फेयर प्ले अवाड्र्स के विजेताओं की घोषणा

**स्विट्जरलैंड, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने सोमवार को पेरिस 2024 फेयर प्ले अवाड्र्स के विजेताओं की घोषणा की। यह पुरस्कार मैत्री, खेल भावना और एकजुटता के प्रतीक हैं। नॉर्वे के डेकाथलीट सैंडर स्कोथीम, स्पेन के एंटोनियो रोजास और जर्मन ओलंपिक खेल परिसंघ ने ओलंपिक संग्रहालय में आयोजित समारोह में ये पुरस्कार प्राप्त किए। आईओसी द्वारा मान्यता प्राप्त अंतर्राष्ट्रीय फेयर प्ले समिति ने स्कोथीम का चयन इसलिए किया क्योंकि उन्होंने पोल वॉल्ट में एक निश्चित ऊंचाई तक पहुंचने में असफल रहने के बावजूद पुरुषों की डेकाथलॉन प्रतियोगिता में भाग लेना जारी रखा।

### पर्थ वनडे में नहीं खेलेंगे जम्पा और जॉश इंगलिस

**मेलबर्न, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के लेग स्पिनर एडम जम्पा पितृत्व कारणों से पर्थ में भारत के खिलाफ पहला वनडे मिस करेंगे। उनकी जगह मैथ्यू कुनमन को टीम में शामिल किया गया है, जबकि जॉश फिलिपे को जॉश इंगलिस के कवर के रूप में पर्थ बुलाया गया है क्योंकि एलेक्स केरी एशेज की तैयारी के तहत एक शेफील्ड शील्ड मैच खेल रहे हैं। जम्पा की पत्नी हैरियट अपनी दूसरी संतान के अंतिम गर्भावस्था चरण में हैं और डिलीवरी की तारीख नजदीक होने के कारण जम्पा ने उत्तरी न्यू साउथ वेल्स के अपने घर पर ही रहने का फैसला किया है, क्योंकि पर्थ से लौटना अपेक्षाकृत कठिन है। वह एडिलेड और सिडनी में होने वाले दूसरे और तीसरे वनडे में वापसी कर सकते हैं, क्योंकि इन दोनों शहरों से घर लौटना आसान है। वह पूर्वी तट पर खेले जाने वाले पांच मैचों की टी-20 सीरीज में भी शामिल रहेंगे।

# गिल ने इंग्लैंड में कप्तानी की परीक्षा पास कर ली थी: गंभीर



**● व्यस्त क्रिकेट कैलेंडर होना खिलाड़ियों के लिए बहुत कठिन है खासकर उनके लिए जो तीनों फॉर्मेट में खेलते है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय कोच गौतम गंभीर का कहना है कि भले ही क्रिकेट कैलेंडर बहुत व्यस्त है, लेकिन फिर भी जिस तरह से खिलाड़ी टेस्ट क्रिकेट को महत्व दे रहे हैं और उसकी तैयारी के लिए घरेलू क्रिकेट और ए सीरीज खेल रहे हैं, उसे देखना सुखद है। गौरतलब है कि वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज से ठीक पहले भारतीय टेस्ट दल के 15 सदस्यों में से आठ ने ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ अनाधिकृत टेस्ट सीरीज में हिस्सा लिया था। जबकि इसके अलावा कप्तान शुभमन गिल और अनुभवी जसप्रीत बुमराह सहित कुछ अन्य खिलाड़ी उस समय एशिया कप में व्यस्त थे। 2-0 से सीरीज जीत के बाद पत्रकारों से बात करते हुए गंभीर ने मंगलवार को कहा कि व्यस्त क्रिकेट कैलेंडर होना खिलाड़ियों के लिए बहुत कठिन है, खासकर उन खिलाड़ियों के लिए जो तीनों फॉर्मेट खेल रहे हैं। लेकिन जिस तरह से इस सीरीज की तैयारियों के लिए कुछ टेस्ट खिलाड़ियों ने ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ ए सीरीज खेली, वह बहुत महत्वपूर्ण है। इसी तरह से इन खिलाड़ियों का दक्षिण अफ्रीका सीरीज से पहले रणजी ट्रॉफी खेलना बहुत महत्वपूर्ण हो जाता है। यह कुछ ऐसी चीज है, जिसे इन खिलाड़ियों ने बहुत ही बेहतरीन ढंग से अपने ऊपर लागू किया है। वे टेस्ट क्रिकेट की तैयारी सही ढंग से कर रहे हैं और वह परिणामों में भी दिख रहा है। मुझे लगता है कि जो भी खिलाड़ी सिर्फ टेस्ट क्रिकेट का हिस्सा हैं, उनके लिए घरेलू क्रिकेट खेलना बहुत जरूरी है, बजाय इसके वह सिर्फ एनसीए जाए और अपने स्किल पर काम करें।

### हर्षित राणा पर सवाल उठाना शर्मनाक है: गंभीर

**नई दिल्ली, वार्ता।** हर्षित राणा के तीनों फॉर्मेट में चयन पर लगातार हो रही आलोचनाओं पर भी भारतीय कोच गौतम गंभीर ने कठोरता से जवाब दिया है। राणा घरेलू टेस्ट सीरीज में भारतीय दल का हिस्सा तो नहीं थे, लेकिन वह ऑस्ट्रेलिया दौरे पर वनडे और टी-20 दोनों टीमों का हिस्सा हैं। पूर्व भारतीय कप्तान और पूर्व प्रमुख चयनकर्ता क्रिस श्रीकांत सहित कई अन्य लोगों ने राणा के चयन की अपने यूट्यूब चैनल पर आलोचना की थी और कहा था कि उनका चयन सिर्फ इसलिए हुआ है क्योंकि वह गंभीर के बहुत करीब हैं। गंभीर ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि यह शर्मनाक है। आप अपना यूट्यूब चैनल चलाने के लिए किसी 23-वर्षीय बच्चे को निशाना नहीं बना सकते। राणा के पिता चयनकर्ताओं के कोई पूर्व चेयरमैन या कोई पूर्व क्रिकेटर या कोई एनआरआई नहीं हैं। आप किसी की आलोचना उसके प्रदर्शन पर करिए और इसके लिए भी कोच और चयनकर्ता बैठे हुए हैं।

## गंभीर ने टेस्ट क्रिकेट में बेहतर पिचों की वकालत की

**● भारत ने अहमदाबाद और दिल्ली दोनों जगहों पर सपाट पिचें बनाई, अहमदाबाद में विंडीज की दो बार खराब बल्लेबाजी हुई**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत ने पांचवें दिन के पहले घंटे में ही 2-0 से सीरीज अपने नाम कर ली, लेकिन मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा कि दिल्ली की पिच बेहतर हो सकती थी।

न्यूजीलैंड के हाथों घरेलू मैदान पर 3-0 से मिली करारी हार के बाद, जहां काफी स्पिन मिल रही थी, भारत ने अहमदाबाद और दिल्ली दोनों जगहों पर सपाट पिचें बनाईं। अहमदाबाद में, वेस्टइंडीज को दो बार खराब बल्लेबाजी का सामना करना पड़ा, जहां टीम 44.1 और 45.1 ओवर में ढेर हो गई। लेकिन दिल्ली पहुंचने पर उन्होंने कुछ सबक सीखे और एक ऐसी पिच पर बेहतर प्रदर्शन किया जो और भी सपाट लग रही थी। गंभीर ने इस पर ज्यादा रन न बनाने पर कड़ी आपत्ति जताई। गंभीर ने कहा कि मुझे लगा था कि यहां हमें बेहतर विकेट मिल सकता था। हां, हमें पांचवें दिन नतीजा जरूर मिला, लेकिन मुझे लगता है कि किनारों को स्लिप में पहुंचने की जरूरत है। भारत ने दिल्ली में दोनों पारियों में कुल 200-4 ओवर खेले, जिनमें से 118-5 ओवर दूसरी पारी में खेले, जब शुभमन गिल ने फॉलो-ऑन दिया। बुमराह ने इस मैच में 31-5 ओवर फेंके,

जबकि सिराज ने 24 ओवर डाले। उन्होंने फिर भी बिना किसी रुकावट के शानदार मौके बनाए, लेकिन अक्सर बल्लेबाजों ने गेंद की लाइन के पीछे आसानी से पहुंचकर उन्हें नाकाम कर दिया। गंभीर ने कहा कि मुझे लगता है कि तेज गेंदबाज़ों के लिए भी कुछ होना चाहिए।मुझे पता है कि हम स्पिनरों की अहम भूमिका के बारे में बात करते रहते हैं, लेकिन जब आपके पास दो अच्छे तेज गेंदबाज़ हों।

### इंग्लैंड की नजरें संघर्षरत पाकिस्तान के खिलाफ लगातार चौथी जीत पर

**कोलंबो, वार्ता।** लगातार तीन जीत के साथ, इंग्लैंड महिला टीम कल यहां आर प्रेमदासा अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में आईसीसी महिला विश्व कप 2025 के 16वें मैच में पाकिस्तान महिला टीम के खिलाफ अपनी जीत की लय को बरकरार रखने की कोशिश करेगी। कप्तान नैट शिवर-ब्रंट की अगुवाई में, इंग्लैंड ने पूरे टूर्नामेंट में प्रभावशाली प्रदर्शन किया है, जिसमें शक्तिशाली बल्लेबाजी और अनुशासित गेंदबाजी का संयोजन अपने विरोधियों को मात देने के लिए किया गया है। श्रीलंका के खिलाफ पिछले मैच में 117 रनों की शानदार पारी खेलने वाली शिवर-ब्रंट और केवल 17 रन देकर चार विकेट लेने वाली बाएं हाथ की स्पिनर सोफी एक्लेस्टोन इंग्लैंड की सफलता के केंद्र में रही हैं। उनके मैच जिताऊ प्रदर्शन ने टीम को तालि.

# भरथ थम्मिनेनी 8000 मी. से ऊंची 9 चोटियां फतह करने वाले पहले भारतीय बने

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के पर्वतारोहण इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ गया है। आंध्र प्रदेश के कर्नूल के रहने वाले 36 वर्षीय पर्वतारोही भरथ थम्मिनेनी ने दुनिया की 8,000 मीटर से ऊंची नौ चोटियों पर चढ़ाई कर एक असाधारण उपलब्धि हासिल की है।

सोमवार सुबह चीन के समयानुसार 6:55 बजे भरथ ने चो ओयू (8,188 मीटर)-जो विश्व की छठी सबसे ऊंची चोटी है। के शिखर पर पहुंचकर यह उपलब्धि हासिल की है। भरथ थम्मिनेनी भारत की अग्रणी पर्वतारोहण संस्था बूट्स एंड क्रेम्पोंस के संस्थापक हैं। उन्होंने अब तक दुनिया की 14 एट थाउजेंडर (8,000 मीटर से ऊंची) पर्वत चोटियों में से नौ पर सफलता प्राप्त की है। नेपाल की संस्था क्लीम्बलाया के सहयोग से यह चढ़ाई उन्होंने स्व. समर्थित अभियान के रूप में पूरी की है जिसकी सफलता के साथ वे भारत के सबसे सफल उच्च-ऊंचाई पर्वतारोहियों में शुमार हो गए हैं। इस उपलब्धि को हासिल करने के बाद भरथ ने कहा कि यह चढ़ाई सिर्फ मेरी व्यक्तिगत जीत नहीं है, बल्कि हर उस भारतीय पर्वतारोही को समर्पित है जो दुनिया की सबसे ऊंची चोटियों को छूने का सपना देखता है। मैं यह उपलब्धि अपने परिवार, दोस्तों, बूट्स एंड क्रेम्पोंस की टीम और भारत की उस अदम्य भावना को समर्पित करता हूं जो हर बार मुझे नई ऊंचाइयों तक पहुंचने की प्रेरणा

## भारत के जॉबी मैथ्यू ने पैरा पावर लिफ्टिंग विश्व चैंपियन में जीता कांस्य पदक

**काहिरा, वार्ता।** भारत के अनुभवी पैरा पावरलिफ्टर जॉबी मैथ्यू ने काहिरा, मिस्र में आयोजित पैरा पावरलिफ्टिंग विश्व चैंपियनशिप 2025 में ऐतिहासिक कांस्य पदक जीतकर अपने शानदार करियर में एक और गौरवशाली अध्याय जोड़ दिया। 65 किग्रा लीजेंड (मास्टर्स) वर्ग में प्रतिस्पर्धा करते हुए, जॉबी ने 148 किग्रा और 152 किग्रा का प्रभावशाली भार उठाकर कुल 300 किग्रा का भार उठाया और पोडियम स्थान हासिल किया। थाईलैंड के फोंगसाकोन चुमचाई ने 162 किग्रा (155, 159, 162) उठाकर स्वर्ण पदक जीता, जबकि पेरू के नील ग्रासिया ने 161 किग्रा भार उठाकर रजत पदक जीता। जॉबी का पदक तक का सफर धैर्य और दृढ़ संकल्प की कहानी है। 147 किग्रा का उनका पहला भार अमान्य घोषित होने के बाद, उन्होंने इसे एक व्यक्तिगत चुनौती के रूप में लिया और दूसरे प्रयास में 148 किग्रा तक भार उठाया और इसे त्रुटिहीन तरीके से पूरा किया। इसी गति को आगे बढ़ाते हुए, उन्होंने अपना वजन 152 किलोग्राम तक बढ़ाया और दो महीने पहले बीलजग विश्व कप में हासिल किए गए अपने पिछले व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 150 किलोग्राम को पार करते हुए सफलतापूर्वक भार उठाया। यह पदक जॉबी का दूसरा विश्व चैंपियनशिप पदक है, इससे

# तन्वी शर्मा, उन्नति हुड्डा ने आसान जीत दर्ज की, चारों एकल खिलाड़ी आगे बढ़े





**गुवाहाटी, वार्ता।** पदक की दावेदार तन्वी शर्मा, उन्नति हुड्डा और रक्षिता श्री आर ने मंगलवार को यहां नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप में अपने अभियान की शुरुआत आसान जीत के साथ की, जबकि चारों बालक एकल खिलाड़ी भी अगले दौर में पहुंच गए। शीर्ष वरीयता प्राप्त तन्वी ने पोलैंड की विक्टोरिया कालेत्का को मात्र 11 मिनट में 15-2, 15-1 से हराया, जबकि आठवीं वरीयता प्राप्त उन्नति ने हांगकांग की लियू होई अन्ना को 23 मिनट में 15-8, 15-9 से आसानी से हरा दिया। इसके बाद रक्षिता श्री ने कनाडा की लुसी यांग को 15-5, 15-9 से हराकर अपने अभियान की शुरुआत की। लड़कों के एकल वर्ग में, 11वीं वरीयता प्राप्त रौनक चौहान ने श्रीलंका के थिसाथ रूपाथुंगा को 15-3, 15-6 से हराया, 15वीं वरीयता प्राप्त सूर्याक्ष रावत ने तुर्किये के यिगितकन एरोल को 15-5, 15-8 से हराया, जबकि लालथाजुआला हमार ने अमेरिका के रायलन टैन को 15-11, 15-5 से हराया। कुछ घंटे बाद, ज्ञान दत्तू टीटी ने भी अपने साथियों के साथ राउंड ऑफ 32 में प्रवेश किया और ब्राज़ील के जोआकिम मेंडोंका को 15-10, 15-13 से हराया। अगले दौर में, ज्ञान दत्तू प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए सूर्याक्ष से भिड़ेंगे। भारत के लिए एकल वर्ग में एकमात्र उलटफेर तब हुआ जब एशियाई जूनियर चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता वेन्नाला के अपनी लय नहीं बना पाईं और दूसरे दौर में थाईलैंड की पांचवीं वरीयता प्राप्त टोनरुग साएहेंग से 6-15, 5-15 से हार गईं।

# सही परिस्थितियों में सही विकल्प चुनने की बात है: गिल

**● मैं कोशिश करता हूं कि जिस स्थिति में हम हैं उसमें सबसे सही निर्णय लिया जाए कभी-कभी कुछ कड़े फैसल भी लेने पड़ते है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के कप्तान के तौर पर शुभमन गिल ने अपनी पहली टेस्ट सीरीज जीत दर्ज की। वेस्टइंडीज पर 2-0 की जीत के बाद उन्होंने कहा कि अब वह ष्टीम के सभी खिलाड़ियों को मैनेज करने की आदत डाल रहे हैं। प्रेजेंटेशन समारोह में उन्होंने कहा कि यह सब कुछ सही परिस्थितियों में सही विकल्प चुनने की बात है। मैं कोशिश करता हूं कि जिस स्थिति में हम हैं, उसमें सबसे सही निर्णय लिया जाए। कभी-कभी आपको कुछ कड़े फैसले भी लेने पड़ते हैं।

उस एक्स-फैक्टर को चुनना होता है, जिनसे आपको रन या विकेट मिल सकते हैं। सात टेस्ट में चार जीत किसी भी कप्तान के लिए शानदार शुरुआत है, लेकिन जब आप भारत की कप्तानी करते हैं तो इसके साथ अतिरिक्त जिम्मेदारी भी आती है। दिल्ली टेस्ट में भारत ने 270 रन की बढ़त के बाद वेस्टइंडीज़ को फॉलो-ऑन दिया। इसके बाद दूसरी पारी में जॉन कैंपबेल और शाई होप के बीच 177 रन की तीसरे विकेट की साझेदारी हुई और मैच पांचवें दिन तक पहुंच गया। फॉलो-ऑन के सवाल पर गिल ने कहा कि हम लगभग 300 रन आगे थे और विकेट काफी डेड था। हमने सोचा कि अगर हम 500 रन भी बना लें तो हमें पांचवें दिन छह या सात विकेट लेने होंगे, जो मुश्किल हो सकता था। नीतीश कुमार रेड्डी इस एकादश में तेज गेंदबाज़ी ऑलराउंडर के तौर पर खेलें, लेकिन उन्होंने पूरे मैच में एक भी ओवर नहीं फेंका। गिल ने कहा कि (उन्होंने) इस मैच में ओवर नहीं फेंका, लेकिन हम नहीं चाहते कि खिलाड़ी सिर्फ विदेशों में ही खेलें। इससे उन पर बहुत दबाव पड़ता है। अगर हम कुछ खिलाड़ियों को तैयार करना चाहते हैं, जो हमें विदेशों में जीत दिला सकें, तो हमें उन्हें मौके देने होंगे। इस सीरीज़ में रवींद्र जडेजा और कुलदीप यादव ने एक अहम भूमिका निभाई। इसमें कुलदीप को प्लेयर ऑफ द मैच और जडेजा को प्लेयर ऑफ द सीरीज का अवॉर्ड मिला।

जडेजा ने मज़ाक में हंसते हुए कहा कहा कि मुझे (अश्विन की अनुपस्थिति में) ज्यादा ओवर डालने का मौका मिला। हम एक टीम के रूप में बहुत अच्छा कर रहे हैं। हमें पता है कि पिछले पांच-छह महीनों से हम किस तरह का क्रिकेट खेल रहे हैं। यह हमारे लिए एक अच्छा संकेत है और हम इसे लंबे समय तक जारी रख सकते हैं। जडेजा ने हाल के समय में बल्लेबाज़ी क्रम में ऊपर खेलना शुरू किया है और अब वह नंबर छह पर खेल रहे हैं। इस नंबर पर उनका प्रदर्शन बहुत शानदार रहा है। इंग्लैंड में उन्होंने मैनचेस्टर में एक शतक लगाया था और अब अहमदाबाद में भी उन्होंने ऐसा ही किया है। इसके साथ ही उन्होंने कई और अच्छी पारियां भी खेली हैं। इस बाबत उन्होंने कहा कि पिछले कई सालों से मैं नंबर आठ या नंबर नौ पर बल्लेबाज़ी कर रहा था, तो मेरा माइंडसेट अलग था। लेकिन अब मैं कोशिश करता हूं कि जब भी



मौका मिले तो ज्यादा समय क्रीज पर बिताऊं। अब उन्हें टीम के युवा स्पिनरों जैसे कुलदीप और वॉशिंगटन सुंदर को गाइड करने का भी मौका मिल रहा है।

# कक्षा 12 की जिला टॉपर निहारिका बनी एक दिन की डीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के अन्तर्गत यूपी बोर्ड में कक्षा 12वीं की जिला टॉपर आर्य कन्या इण्टर कॉलेज की छात्रा कु. निहारिका ने एक दिन की जिलाधिकारी बन जिलाधिकारी के कार्यों को समझा एवं जनसुनवाई में आए लोगों की समस्याओं को सुन संबंधित अधिकारी को निस्तारण के निर्देश दिए।



जिलाधिकारी द्वारा कु. निहारिका को पुष्प देकर सम्मानित किया गया। जनसुनवाई में शिकायतकर्ता द्वारा ग्राम प्रधान के संबंध में शिकायत पर जिला पंचायती राज अधिकारी को शिकायत मार्क करते हुए आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। गोवंश के संबंध में शिकायती पत्र को मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को मार्क किया। थाना क्षेत्र बडगांव से आई शिकायतकर्ता की पारिवारिक विवाद पर संबंधित थाना से वार्ता कर न्याय दिलाने की बात कही। एक बुजुर्ग महिला का मशीन में हाथ आने से चोटिल होने पर मुख्य चिकित्साधिकारी को आयुष्मान भारत योजना से जुडे चिकित्सालय में चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की बात कही। जिलाधिकारी मनीष बंसल ने कहा कि मिशन शक्ति एवं बेटी बचाओ - बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत एक दिन की नायिका कार्यक्रम आयोजित किया गया। अभियान के अन्तर्गत कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में अच्छा प्रदर्शन करने वाली जनपद की छात्राओं को विभिन्न पदों पर एक दिन की अधिकारी बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से छात्राओं का उत्साह वर्धन होता है तथा उन्हें अधिकारियों के दायित्वों एवं कार्यों को समझने का मौका मिलता है। इससे आने वाले जीवन में और अच्छा कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम के तहत सरस्वती सदन, इण्टर कॉलेज, सबदलपुर की छात्रा नूतन पुत्री योगेश कुमार, निवासी ग्राम सबदलपुर, को एक दिन की सांकेतिक वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नियुक्त किया गया। नूतन पुत्री योगेश कुमार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी द्वारा पुष्प देकर सम्मानित किया गया। बालिका नूतन द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक का पदभार ग्रहण करने के पश्चात पुलिस लाईन में जनसुनवाई की गयी। मुख्य विकास अधिकारी के पद पर सांके. तिक अधिकारी नायिका के रूप में श्री जगन्नाथ सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज, गंगोह की छात्रा कु0 इशु पांचाल पुत्री नीरज कुमार, निवासी ग्राम रादौर, सहारनपुर को नियुक्त किया गया। बालिका कु. इशु पांचाल को मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन द्वारा पुष्प भेंट कर सांकेतिक मुख्य विकास अधिकारी का पदभार ग्रहण कराया गया।

# 50 हजार रुपये की रिश्वत लेता पीब्डलूडी का अभियंता पकड़ा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** एंटी करप्शन टीम ने बुधवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए लोक निर्माण विभाग पीडब्लूडी के अभियंता नीरज कुमार को 50,000 की रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार किया।

जानकारी के अनुसार नकुड़ कस्बे के ग्राम साबा मजारा निवासी ठेकेदार धीर सिंह ने बताया कि उसने अप्रैल माह में विभाग का एक कार्य 4,23,000 के एस्टीमेट पर पूरा किया था। जब वह भुगतान के लिए कार्यालय पहुँचा तो अभियंता नीरज कुमार ने बिल घटाकर 3,23,000 कर दिया और शेष 1 लाख रुपये का भुगतान पास करने के लिए 50,000 की रिश्वत की मांग की। ठेकेदार धीर सिंह ने इस संबंध में एंटी करप्शन टीम को सूचना दी। टीम ने योजना बनाकर जाल बिछाया और अभियंता नीरज कुमार को कार्यालय में ही 50,000 की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार कर लिया।

टीम के अधिकारियों ने बताया कि आरोपी अभियंता के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। रिश्वतखोरी के इस मामले ने विभाग में हड़कंप मचा दिया है।

# पदक विजेताओं का लौटने पर स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** 7 से 10 अक्टूबर तक लखनऊ में आयोजित हुई राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर पदक जीतने वाली छात्राओं का आज लौटने पर भव्य स्वागत किया गया।



इस प्रतियोगिता में सहारनपुर के राजकीय कन्या इंटर कॉलेज की 8 छात्राओं प्रतिभाग किया था जिनमें से सीनियर वर्ग में 2 स्वर्ण और 1 कांस्य पदक प्राप्त किया एवं सब जूनियर वर्ग में 01 छात्रा के द्वारा कांस्य पदक प्राप्त किया। छात्राओं द्वारा कुल 4 पदक प्राप्त किए गए। सीनियर वर्ग की दोनों स्वर्ण पदक विजेताओं का चयन राष्ट्रीय स्तरीय कराटे प्रतियोगिता के लिए किया गया है जो आगामी जनवरी माह के द्वितीय सप्ताह में महाराष्ट्र के पूना में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में ये दोनों छात्राएं उत्तर प्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व करेंगी। इस उपलब्धि पर आज राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में पहुंचने पर छात्राओं व कोच का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर श्रीमती चंचल गर्ग, श्रीमती आशुसिंह, श्रीमती रश्मि गुप्ता, श्रीमती अलक. ारानी, श्रीमती अंजना कश्यप, श्रीमती अलका अग्रवाल, श्रीमती अनीता सिंह, श्रीमती मृदुला, श्रीमती मीनू बाला, श्रीमती मीता शर्मा आदि उपस्थित रही। संयुक्त शिक्षा निदेशक राणा सहस्रांशु कुमार सुमन ने छात्राओं की। इस उपलब्धि टीम कोच श्रीमती सोनिया पंवार एवं टीम मैनेजर श्रीमती रुचिरा लाल को कार्यालय बुलाकर सम्मानित किया।

# देश के लिए हर बहन बेटी बने आत्मनिर्भर: देवेंद्र निम

## ब्लाक बलियाखेड़ी में आयोजित कार्यक्रम में रामपुर मनिहारन विधायक ने महिलाओं को दी प्रेरणा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** विकसित उत्तर प्रद. ेश 2047 समृद्धि का शताब्दी पर्व महाभियान में रामपुर मनिहारान विधायक देवेंद्र निम ने चार करोड 86 लाख रुपये का डेमो चेक सीसीएल हेतु वितरित किया। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों की दीदीयों को आत्मनिर्भर बनने के लिये प्रेरित किया।



ब्लाक बलियाखेडी में विकसित उत्तरप्रदेश 2047 समृद्धि का शताब्दी पर्व महाभियान कार्यक्रम के अंतर्गत मिशन शक्ति 5.0 का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे रामपुर मनिहारान विधायक देवेंद्र निम ने विधायक देवेंद्र निम ने कहा कि हर बहन और बेटी आत्मनिर्भर बने, क्योकि मातृशक्ति ही विकसित भारत और विकसित उत्तर प्रदेश की सबसे बड़ी शक्ति है।

कार्यक्रम को भाजपा महानगर अध्यक्ष शीतल विश्नोई, पद्मश्री प्रगतिशील कृषक सेठपाल, एसडीओ कृषि सुश्री आकांक्षा, ब्रह्मसिंह, संजय चेयरमैन, यशपाल मंडल अध्यक्ष, अमित चौधरी महानगर मंत्री ने अपने विचार रखे। सहायक विकास अधिकारी आईएसबी योगेंद्र सिंह पुंडीर द्वारा ग्राम्य विकास विभाग की प्रमुख योजनाओं मनरेगा, मुख्यमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजी. विका मिशन के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। एडीओ पंचायत पंकज सैनी ने भी अपने विचार साझा किये।

संचालन खण्ड विकास अधिकारी बलियाखेड़ी श्रीमति सो. निका चौधरी के निर्देशन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में राजकुमार प्रधान कांकरकुई, शिवकुमार प्रधान मनानी व बसी बड़ी संख्या में प्रधान व ग्रामीण सम्मिलित हुए।

# दूसरी पत्नी के साथ पति को देख पहली वाली का हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अंबेहटा।** गंगोह रोड पर पारिवारिक विवाद के चलते मुर. सलीम नामक व्यक्ति के साथ मारपीट मुरसलीम अपनी दूसरी पत्नी के साथ सहारनपुर जा रहा था, जब कुछ लोगों ने उन पर हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया जिसको अस्पताल लाया गया।



सूचना मिलते ही मुरसलीन की पहली पत्नी मौके पर पहुंची जिसके बाद जमकर हंगामा हुआ। तनाव बढ़ गया। मुरसलीन ने पांच दिन पहले गंगोह निवासी एक महिला से निकाह किया था। अंबेहटा चौकी प्रभारी विकास चारण ने स्थिति को नियंत्रित किया। और घायल को नकुड सीएचसी इलाज के लिए भेजा। चौकी प्रभारी ने बताया कि मामला पारिवारिक विवाद से जुड़ा पाया है अभी तक कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है।

# गजरथ महोत्सव में कवियों ने सुंदर रचना से मनमोहा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** श्री दिगंबर जैन गजरथ महोत्सव यात्रा के उपलक्ष में जैन धर्मशाला में आयोजित विराट कवि सम्मेलन में कवियों की रचनाओं ने काव्य प्रेमियों का मन मोह लिया।



कार्यक्रम का शुभारंभ मंडलायुक्त अटल राय एवं नगरायुक्त शिबू गिरि के मुख्य आतिथ्य में हुआ। दीप प्रज्वलन अजय जैन, अविरल जैन एवं श्रीमती पिंकी जैन द्वारा किया गया, जबकि चित्र अनावरण श्रीमती सरिता जैन ने किया। मंच का उद्घाटन टोली गुलाबान के चौधरी अवनीश जैन राजा ने किया। मंडलायुक्त अटल राय ने अपने उद्बोधन में कविता की व्याख्या करते हुए कहा कि कविता की उत्पत्ति पीर से होती है, जब हृदय में कोई पीर दिन-रात रोती हैय जब प्रफुल्लित होते हैं भाव और विचार, तब शब्दों में ढलकर कविता बन जाती है। उन्होंने कहा कि जैन धर्म के सिद्धांत जियो और जीने दो तथा अहिंसा परमो धर्म आज के समय में अत्यंत प्रासंगिक हैं। नगरायुक्त शिबू गिरी ने कहा कि जैन धर्म की सरलता, सहजता और अनुशासन उन्हें सदैव प्रेरित करता है। अध्यक्षता महावीर जैन ने की और स्वागताध्यक्ष अविनाश जैन रहे। विशेष अतिथि के रूप में विजय कुमार, नवीन कुमार जैन, चौधरी राकेश कुमार जैन एवं अरुण जैन मौजूद रहे। क्रांति कवि सौरभ सुमन ने वीर रस की कविता राष्ट्रभक्ति के प्रश्नों से तुम भले नाम हटवा देना... सुनाकर सभागार में देशभक्ति की ज्वाला जगा दी। बाल कवित्री सानवी जननी ने अपनी मधुर रचना से सबका दिल जीत लिया। विनोद पाल ने अपनी रचना खो दे जो पहचान तुम्हारी... से लव जिहाद पर प्रहार किया, जबकि हिमांशु शर्मा 'बवंडर' ने भावनात्मक कविता ष्एसी की ठंडक न दे, बूढ़े बरगद की छांव तो दे दो... सुनाकर सभी की आंखें नम कर दीं। वीर रस के प्रख्यात कवि डॉ. मोि. हत संगमनेर ने कहा- हम शब्द के साधक हैं, कविता है जां हमारी, पर कोई भी कविता वतन से बड़ी नहीं।ष् गीतकार दिनेश रघुवंशी ने अपनी मार्मिक कविता अम्मा तेरे हाथों की नरमाहट कहीं नहीं मिलती... से दर्शकों को भावुक कर दिया। श्रृंगार रस की कवियत्री पद्मिनी शर्मा ने कहा- मंदिर तो धूमधाम से बना लिया, मगर कलयुग के रेवानों से अपनी सीता को बचा लो। कार्यक्रम में राजेश कुमार जैन, राकेश जैन, संजीव जैन, विपिन जैन, अरुण जैन, विनोद जैन चौधरी, अनुज जैन, अविनाश राजा, अनिल जैन मंटू, संदीप जैन, डॉ. ए.के. जैन सहित जैन समाज के सैकड़ों गणमान्यजन उपस्थित रहे। रात्रि भर चली काव्य वर्षा में दर्शक 'वंस मोर! वंस मोर! के नारों के साथ कवियों का उत्साहवर्धन करते रहे। पंडाल में सुबह चार बजे तक कविताओं की गूंज और करतल ध्वनि से माहौल उत्सवमय बना रहा।

# बड़ा हादसा टला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अंबेहटा।** कस्बे में आज सुबह एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। लोनी गैस प्लांट से 550 गैस सिलेंडरों से भरा एक ट्रक अंबेहटा गैस एजेंसी में डिलीवरी देने आ रही थी। पूराने बस स्टैंड के पास पहुंचते ही अचानक ट्रक के टायरों में आग लग गई। ड्राइवर ने आग की लपटें देखते ही शोर मचा दिया, जिससे आसपास के लोग हड़बड़ा उठे।

लोगों ने ड्राइवर के शोर सुनते ही आसपास की दुकानों और स्टैंड पर मौजूद अयूब कुरैशी और लोग दौड़े। उन्होंने तुरंत उपलब्ध बाल्टियों, और टंकी के पाइप से पानी डालकर करीब 15-20 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। लोगों की बहादुरी और सूझबूझ से एक बड़ा हादसा टल गया। जिसके बाद ट्रक चालक ने टायर बदलकर गैस गोदाम चला गया।

# दलितों पर अत्याचार के विरोध में धरना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** दलितों पर हो रहे अत्याचारों के विरोध में कांग्रेसियों ने बाबा साहब डा.भीमराव अंबेडकर स्मारक पर धरना दिया।



इस दौरान कांग्रेसजनों ने भाजपा शासन में दलितों पर बढ़ रहे अत्याचारों के लिए भाजपा और आरएसएस को दोषी ठहराया। अनुसूचित जाति विभाग के जिला अध्यक्ष मुनीश सहगल ने कहा कि आज भाजपा राज में दलितों के प्रति अपराधों में उत्तर प्रदेश पूरे देश में पहले स्थान पर होना अत्यंत शर्मनाक है। दलितों के प्रति बढ़ रहे अपराधों पर लगाम लगाने की भाजपा सरकार से अपील करते हुए कहा कि बाबासाहेब ने संविधान में सबको समानता का अधिकार दिया था, लेकिन भाजपा ने हमारे इन मौलिक और संवैधानिक अधिकारों का हनन करते हुए इन्हें नेस्तनाबूद कर दिया।

अरविंद पालीवाल, महानगर अध्यक्ष मनीष त्यागी व जिला उपाध्यक्ष वरुण शर्मा, पूर्व प्रदेश सचिवों अशोक सैनी, प्रवीण चौधरी व सत्यम सैनी, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष श्वेता सैनी, जिला प्रवक्ता गणेश दत्त शर्मा ने भी अपने विचार रखे।

# किस्तों के पैसे मांगने पर साथियों के साथ मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** नगर निवासी एक महिला ने मोहल्ले के युवक पर उसके पुत्र को बहला फुसलाकर उसके नाम लोन पर बुलेट बाईक निकलवाकर किस्तें न देने व किस्तों के पैसे मांगने पर साथियों सहित उसके पुत्र के साथ मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाया है।

मंगलवार को नगर के मोहल्ला गढी निवासी रानी पत्नी स्वर्गीय प्रमोद ने मोहल्ले के ही एक युवक पर आरा. ेप लगाते हुए बताया है कि उसके बेटे ऋषभ को विपक्षी युवक बहला फुसलाकर आधार कार्ड व बैंक की कॉपी सहित सहारनपुर ले गये थे। जहां बेटे की आईडी के आधार पर बुलेट मोटरसाइकिल फाइनेंस पर निकलवा ली। आरोप है कि अब विपक्षी ने मोटरसाइकिल की किस्तें देनी बन्द कर दी, जिस कारण फाइनेंस कर्मचारी लोन का पैसा लेने पीड़िता के घर पहुंचे। पीड़िता के बेटे ऋषभ ने विपक्षी के घर जाकर फाइनेंस के पैसे चुकाने को कहा तो विपक्षी ने ऋषभ को मन्दिर के पीछे मिलने व रूपये ले जाने को कहा।

लेकिन जब ऋषभ मन्दिर के पीछे गया तो आरोपी ने अपने अन्य साथियों सहित मिलकर ऋषभ के साथ मारपीट करते हुए गंभीर रूप से घायल कर दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार ने बताया है कि घायल अवस्था मे थाना पहुंचे ऋषभ को मेडिकल जांच के लिए भेजा गया है।

परिजनों की ओर से कोई लिखित तहरीर अभी तक नही मिली है। तहरीर मिलने पश्चात अग्रिम कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

# सीएम से आशीर्वाद लेने पहुंचे मांगेराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** जनपद में शारदीय नवरात्र शाकम्बरी देवी मेला सकुशल संपन्न होने पर जिला पंचायत अध्यक्ष चौधरी मांगेराम ने मुख्यमन्त्री योगी आदित्यनाथ के लखनऊ स्थित आवास पर भेंट कर उनको प्रसाद, अंगवस्त्र एंव स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन प्राप्त किया।



भेंट वार्ता की जानकारी देते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष ने बताया कि मुख्यमन्त्री ने जनपद में जिला पंचायत द्वारा कराये जा रहे विकास कार्यों एंव राजनीतिक गतिविधियों के बारे में भी जानकारी ली। जिला पंचायत अध्यक्ष ने क्षेत्र के विकास एवं जनकल्याण के लिए विभिन्न मांगो को लेकर एक मांग पत्र दिया गया।जिसमें बजाज शुगर मिल गांगनौली द्वारा गन्ना किसानों के भुगतान को समय से न करने की समस्या। ब्लाक रामपुर मनिहारान के ग्राम सोना अर्जुनपुर में मिनी स्टेडियम, सिद्ध पीठ श्री बाबा सिद्ध महाराज का सौंदर्य करण एवं मां शाकंभरी देवी परिक्षेत्र के गांव जहानपुर में चल रहे अवैध मुर्गी फार्म को बंद कराना आदि शामिल रहे। मुख्यमंत्री ने उन्हे आश्वस्त किया कि सभी समस्याओ का शीघ्र ही समाधान कराया जायेगा। इस दौरान उनके साथ जिला पंचायत सदस्य रामेन्द्र राणा, मुकेश चौहान भी मौजूद रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में लगी आग

**चिलकाना।** गांव पटनी मे बन्द पडे हुए एक मकान में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लगने से घर का सभी सामान जलकर राख हो गया। स्थानीय पुलिस व दमकल कर्मियों ने आग पर बामुश्किल काबू पाया।

मिली जानकारी के मुताबिक गांव पटनी निवासी शोकिन पुत्र मुर्सलीन अपने मकान का ताला लगाकर परिवार सहित सोमवार की रात्रि को अपनी रिश्तेदारी में चला गया था। मंगलवार को सुबह के समय लोग नमाज पढ़कर जब मस्जिद से बाहर निकले तो शौकीन मकान से आग की लपटें निकलती हुई दिखाई दी। लोगों द्वारा घटना की जानकारी डायल 112 को दी गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार सहित पुलिस टीम व दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंच गयी। तथा भारी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

# एक समस्या का कराया तत्काल समाधान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जनसुनवाई में आज आयी आठ समस्याओं में से सफाई सम्बंधी एक समस्या का तत्काल समाधान कराया गया। बाकि सभी समस्याओं के समाधान के लिए नगरायुक्त शिपू गिरि द्वारा सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए।




नगरायुक्त शिपू गिरि ने सफाई सम्बंधी समस्याओं पर ध्यान देकर उनके निस्तारण में और तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने वार्ड 15 शारदा नगर निवासी प्रदीप सेठी के प्रार्थना पत्र पर सम्बंधित सफाई निरीक्षक व सफाई मित्र को भेजकर तत्काल नाली की सफाई कराते हुए समस्या का समाधान कराया। इसके अलावा वार्ड 13 चकहरेटी निवासी हिमांशु यादव, वार्ड 28 जनकनगर निवासी बी आर मृत्युंजय, वार्ड 32 खानआलमपुरा निवासी इनाम अंसारी व वार्ड 06 बालपुर निवासी प्रमोद सैनी ने भी साफ सफाई व एंटी लार्वा छिड़काव के लिए प्रार्थना पत्र दिए जिस पर नगरायुक्त ने सम्बंधित सफाई निरीक्षकों को स्थलीय निरीक्षण कर साफ सफाई कराते हुए समस्याओं का समाधान कराने को कहा। इसके अलावा वार्ड 46 निवासी संजीव कुमार ने श्री भूतेश्वर मंदिर रोड पर सीवर का ढक्कन ठीक कराने तथा वार्ड 31 मानकमऊ निवासी जंग बहादुर ने महाड़ी पर वाटर कूलर का पाइप ठीक कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिए। जिस पर नगरायुक्त ने सम्बंधित अधिकारियों को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई के निर्देश दिए। जनसुनवाई में अपर नगरायुक्त प्रदीप यादव, मृत्युंजय व सहायक नगरायुक्त जेपी यादव आदि मौजूद रहे।

# राकेश टिकैत का मौहम्मदपुर गुर्जर में स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**तीतरों।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत का गांव मोहम्मदपुर गुर्जर पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इससे पूर्व राकेश टिकैत कस्बे में पहुंचे तो किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने माला पहनकर उनका स्वागत किया।




उन्होंने पूर्व कृषि मंत्री चौधरी यशपाल सिंह तथा उनके पिता चौधरी धीरज सिंह की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की। इसके बाद उन्हें ट्रैक्टर पर बिठाकर कार्यक्रम स्थल तक ले जाया गया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि फसलों के उचित दाम किसानों को मिलने चाहिए। एमएसपी न मिलना किसानों के लिए धोखा है। आवारा पशु, स्मार्ट मीटर पूरे देश की समस्या बन गए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की पॉलिसी पुलिस प्रशासन की कलम में दिखती है। सरकार नहीं चाहती कि किसान हित में आंदोलन हो इसलिए आंदोलन को दबाया जा रहा है। उन्होंने आह्वान किया कि सभी देशवासियों को मोटे अनाज का प्रयोग अधिक से अधिक करना चाहिए। सपा महासचिव चौधरी रूद्र सेन ने कहा कि देश में दो लोग ऐसे हैं जो किसानों के हित में अपनी आवाज बुलंद करते हैं। एक अखिलेश यादव तो दूसरे राकेश टिकैत।

इस दौरान शेखर चौहान को मंडल उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। पूर्व जिला पंचायत सदस्य चौधरी विक्रम सिंह, शेखर चौहान, मुस्तकीम, चौधरी नक्षत्र सिंह, कर्मवीर, चौधरी भूपेंद्र सिंह, हिमांशु, देवी दयाल, रक्षित, सत्य कुमार, प्रीतम सिंह, श्याम सिंह, रण धोल सिंह, केहर सिंह, मुर. सलीन आदि उपस्थित रहे।

# सम्पादकीय

बुधवार, 15 अक्टूबर 2025

## पीएम की प्रशंसा

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार फिर पीएम मोदी की चर्चा की है। उन्होंने भारत को महान देश बताते हुए पीएम मोदी की जमकर तारीफ की। उनका यह बयान मिस्र के शहर शर्म अल शेख में हुए विश्व नेताओं के शिखर सम्मेलन के दौरान आया है। यह सम्मेलन गाजा में युद्ध विराम समझौते के बाद आयोजित किया गया था। जिसमें पाक प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ भी मौजूद थे। जब वह पीएम मोदी की तारीफ कर रहे थे, तब ट्रम्प ने अपने पीछे खड़े शहबाज शरीफ की ओर देखा, जिस पर शरीफ ने भी उनकी हां में हां मिलाई। इस सम्मेलन में भाग लेने के लिए भारत से विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह भी शरीक हुए। वहां उन्होंने ट्रम्प से मुलाकात भी की। भारत ने अपने वही पुराने स्टेंड को दोहराया और कहा कि भारत इजरायल और हमास के बीच युद्ध विराम और गाजा में शांति के लिए समझौते का स्वागत करता है। देर रात भारतीय विदेश मंत्रालय ने भी इस ऐतिहासिक समझौते का स्वागत किया। विदेश मंत्रालय प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत आशा करता है कि इससे क्षेत्र में स्थायी शांति होगी। भारत ने राष्ट्रपति ट्रम्प की गाजा शांति योजना का पूरी तरह समर्थन किया और इस शांति के मार्ग को आगे बढ़ाने में मिस्र और कतर की भूमिका की सराहना की। पाकिस्तान ने एक बार फिर अमेरिकी राष्ट्रपति को नोबेल पुरस्कार से नवाजने की बात कही है। पाक पीएम शहबाज शरीफ ने कहा कि मध्य पूर्व में शांति स्थापित होने का श्रेय ट्रम्प व उनकी टीम का है। उनका कहना था कि पाक ने पहले भी ट्रम्प को शांति के नोबेल के लिए नामित किया था और अब वह दोबारा नामित करना चाहते हैं। ट्रम्प ने अपने बयान में उम्मीद जताई कि तीसरा विश्वयुद्ध नहीं होगा। उन्होंने यह भी कहा कि अगर होता भी है तो यह मध्य पूर्व में शुरू नहीं होने वाला है। अपने बयान में उन्होंने यह भी कह डाला कि उन्हें लगता है कि भारत–पाक अब बहुत अच्छे से साथ रहेंगे। अब ऐसा उन्हें क्यों लगता है यह तो वही जानें। भारतीय सैनिक अधिकारियों के हवाले से जो बयान आ रहे हैं वह तो इस तरफ इशारा नहीं करते, क्योंकि मंगलवार को प. सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मनोज कटियार ने पत्रकारों से बात करते हुए स्पष्ट कहा कि पाक की हजार घावों से भारत को कमजोर करने की नीति अभी भी जारी है और उन्होंने पाक से सतर्क रहने की बात कही। उन्होंने कहा कि पाक भारत से लड़ने की स्थिति में नहीं है लेकिन वह पहलगाम जैसी कायराना हरकतों की फिर से कोशिश कर सकता है, लेकिन भारतीय सेना पूरी तरह सतर्क है और किसी भी हमले को नाकाम करने के लिए पूरी तरह तैयार है। मतलब साफ है कि पाक की तरफ से अभी कुछ बदलता दिखाई नहीं दे रहा है। जबकि ट्रम्प कह रहे हैं कि भारत और पाकिस्तान अच्छे से साथ रहेंगे। भले ही ट्रम्प पीएम मोदी की प्रशंसा कर रहे हों, और अपना अच्छा मित्र बताते हो, लेकिन यह भी मानना पड़ेगा कि जमीनी स्तर पर उनकी तरफ से ऐसा कुछ भी दिखाई नहीं देता, क्योंकि जिस तरह के फैसले उन्होंने भारत के प्रति टैरिफ के रूप में लिए हैं और उससे भी पहले जिस तरह उन्होंने अप्रवासी भारतीयों को वापस भेजा था, इसे देखकर तो ऐसा नहीं लगता।

### ऊंचे पदों पर भी दलित समाज के लोग सुरक्षित नहीं



आत्महत्या करने वाले हरियाणा के आईपीएस अधिकारी वाई पूरन कुमार के परिवार के सदस्य न्याय पाने के लिए दर दर भटक रहे हैं, लेकिन उनकी कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है, आईपीएस अधिकारी की आत्महत्या के लिए जिम्मेदार लोगों को दंडित किया जाना चाहिए, लेकिन परिवार के लोगों को न्याय नहीं मिल रहा है, वे दर–दर की ठोकरें खा रहे हैं, मगर उनकी बात को नहीं सुना जा रहा है, यह पूरा प्रकरण इस बात का सबूत है कि भाजपा राज में ऊंचे पदों पर पहुंचकर भी दलित समाज के लोग सुरक्षित नहीं हैं और न ही उनके लिए न्याय है, ऐसी शर्मनाक घटनाएं देश और समाज के लिए कलंक हं।

**–प्रियंका गांधी वाड्रा, महासचिव, कांग्रेस**

## बिहार विधानसभा चुनावः पीके को नजरअंदाज करना भूल होगी





यशोदा श्रीवास्तव

बिहार में विधानसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के बाद बीस साल पुराने मामले में लालू परिवार के खिलाफ आरोप तय होने का न्यायालईय फरमान आया है। इसमें लालू यादव,उनकी पत्नी राबड़ी देवी, उनके पुत्र पूर्व उपमुख्यमंत्री और बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव सहित कुछ बड़े होटल मालिक और अफसरों के खिलाफ आरोप तय हुआ है। काफी संभावना है कि अक्टूबर बीतते–बीतते इन सभी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई और तेज हो। ऐन चुनाव के वक्त इस कार्रवाई को दो नजरिए से देखा जा रहा है। एक यह कि कानून अपना काम कर रहा है और दूसरा यह कि चुनाव के वक्त भाजपा विरोधियों के साथ ऐसा करती रहती है। ए दोनों तर्क अब बिहार की जनता की कसौटी पर है।

इस बीच यदि बिहार की राजनीति में लालू परिवार के राजनीतिक दबदबे को देखें तो पता चलता है कि 2014 के बाद जब जब इस परिवार पर कानूनी शिकंजा कसा गया है तब तब यह परिवार राजनीतिक रूप से बहुत कमजोर नहीं हुआ है। चाहे 2015 का चुनाव रहा हो या 2020 का। दोनों ही बार गठबंधन में रहकर चुनाव में आए और गठबंधन के प्रमुख सहयोगियों से अधिक सीटें जीतने में कामयाब हुए। आरजेडी के साथ गठबंधन में लड़े गए 2015 के चुनाव में आरजेडी को 80 सीटों पर कामयाबी मिली थी जबकि जनता दल यूनाइटेड को 71 सीटों पर जीत हासिल हुई थी। भाजपा 53 सीटों पर जीत हासिल की थी। जदयू और आरजेडी की गठबंधन सरकार सत्ता में आई थी। अधिक सीटें जीतने के बाद भी आरजेडी ने नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री बनाया था। 2020 के चुनाव में आरजेडी को 75 सीटों पर जीत हासिल हुई और जदयू को 49 सीटों पर जीत मिली जबकि भाजपा 74 सीटों पर जीत हासिल की थी। इस चुनाव के शुरुआती दौर में भाजपा और जदयू गठबंधन की सरकार थी।

बाद में आरजेडी और जदयू की सरकार बनी और अब फिर भाजपा और जदयू की सरकार है। 2015 के मुकाबले 2020 में आरजेडी की सीटें घटकर 75 हो गई वहीं जदयू भी 71 से घटकर 49 पर आ गई लेकिन भाजपा आश्चर्यजनक रूप से 53 से बढ़कर 74 सीटों तक पहुंच गई। 2020 में बढ़ी सीटों को पैमाना मानते हुए 2025 के चुनाव में भाजपा ने जदयू के साथ बराबर बराबर सीटों पर समझौता किया है ताकि चुनाव परिणाम बाद सरकार के नेतृत्व का फैसला करने में कोई अड़चन न आए। भाजपा गठबंधन यदि सत्ता में वापसी करता है और वह जदयू से दो चार सीटें भी अधिक पा लिया तो नितीश बखूबी जानते हैं कि उन्हें महाराष्ट्र के एक नाथ शिंदे ही होना है। 2025 का बिहार विधानसभा चुनाव पिछले दो तीन चुनावों से हटकर होने जा रहा है। नीतीश कुमार ने पहले ही बिहार की महिलाओं के लिए ढेर सारी योजनाओं का अंबार लगा दिया है दूसरे प्रधानमंत्री मोदी ने जो 75 लाख महिलाओं के खाते में दस दस हजार नगदी की इमदाद दी है, वह भी कहीं न कहीं चुनाव को प्रभावित करेगा ही।

हालांकि प्रधानमंत्री के इस दस हजार के इमदाद को विपक्ष प्रधानमंत्री के दो लाख के वायदे के सापेक्ष महज झुनझुना करार दिया है लेकिन जनता यह मानें तब न। इसके अलावा 2020 में चिराग पासवान अकेले दम पर चुनाव लड़े थे। माना जा रहा है कि तब वे भाजपा को ही नुकसान पहुंचाए थे इस बार वे 39 सीटों के साथ भाजपा के साथ चुनाव मैदान में हैं। मुमकिन है कि भाजपा के सहयोगी जीतन राम मांझी संतोष जनक समझौता न होने पर भाजपा गठबंधन को थोड़ा बहुत नुक्सान करने की कोशिश करें लेकिन यह कोई गुल खिला पाए,यह मुमकिन नहीं है। इस चुनाव में दूसरा जो बड़ा फैक्टर है वह हैं पीके यानी प्रशांत किशोर। बिहार विधानसभा चुनाव में प्रशांत किशोर की पार्टी जन सुराज को अंडर स्टीमेट करना सत्ता की दौड़ में शामिल किसी भी राजनीतिक दल के लिए भूल होगी।

दो साल में उन्होंने अपनी चुनाव प्रवंधन की विशेष पहचान से अलग एक ईमानदार राजनीतिक चेहरे की पहचान भी स्थापित की है। वैसे भी जो शख्स अपने कुशल चुनावी प्रवंधन से दूसरे को सत्ता दिला सकता है वह क्या अपने लिए थोड़ा बहुत भी नहीं कर पाएगा वह भी उस बिहार में जहां की राजनीति जंगलराज और कथित सुशासन और कुशासन के बीच उलझ कर रह गया हो। कहना न होगा कि बिहार विधानसभा चुनाव में पीके के जन सुराज की इंट्री ने मुकाबला तितरफा बना दिया है। जबसे बिहार में विधानसभा चुनाव की सरगर्मियां बढ़ी है तब से देखा जाए तो यह साफ दिखता है कि पीके की पार्टी आरजेडी गठबंधन और जदयू गठबंधन दोनों को बराबर बराबर नुकसान पहुंचा रही है। और ये दोनों बड़ी पार्टियां इसे लेकर मुंह भले न खोलें अंदर अंदर परेशान बहुत हैं। 35 साल से आरजेडी और जदयू के बीच उलझा बिहार पीके के रूप में एक तीसरे विकल्प को भी देख रहा है। इस चुनाव में पीके अपनी साफ–सुथरी छवि के लिए खासा चर्चित हुए हैं। जाति से ब्राह्मण प्रशांत किशोर खूब जानते हैं कि जाति के जाल में फंसे बिहार की राजनीति को उसी जाल में फंसाकर ही बदला जा सकता है। जन सुराज के अबतक घोषित करीब 140 उम्मीदवारों को देखें तो जातीय समीकरण का ख्याल बहुत सोच–समझकर कर किया हुआ जान पड़ता है। पीके ने ईमानदार छवि के कुछ पूर्व नौकरशाहों पर भी दांव लगाया है तो भोजपुरी फिल्म स्टार पवन सिंह की पूर्व पत्नी ज्योति सिंह को टिकट देकर महिलाओं को आकर्षित करने का इमोशनल कार्ड भी खेला है। बिहार की राजनीति में अन्दर तक पकड़ रखने वाले विशेषज्ञ मान रहे हैं कि वोटों में थोड़ा–सा झुकाव भी चौंकाने वाले परिणाम ला सकता है। चुनाव बाद बिहार के संभावित सरकार में पीके की भूमिका क्या होगी,यह कहना मुश्किल है लेकिन वे खुद कहते हैं यह चुनाव उनकी आगे की राजनीति के लिए अर्श या फर्श जैसा है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## नतीजा वही जो हर युद्ध का होता है और रास्ता वही



हफीज किदवई

लाखों मौतों के बाद गिद्धों ने कहा कि चलो अब पेट भर गया। अब शांति की बात की जाए। वह बात जो ठीक 777 दिन पहले भी हो सकती थी। वह बात जो कोई भी, कभी भी कर सकता था। मगर जब लाखों घर ढह गए, इंसान मर गए, शैतान भी बेरहमी से चीख उठा,बच्चों की लाशें चिंदी चिंदी करके वहशी खा गए, तब बात फिर वहीं पहुंची, बातचीत और शांति। यह सब उस मिस्र में इकठे होकर शांति के समझौते को रख रहे हैं। जिस मिस्र ने गजा में मदद तक न पहुंचने दी थी। यह वह जॉर्डन और मिस्र हैं, यह वह अरब हैं, जिनकी किताबों में दर्ज था कि अगर पड़ोसी भूखा है, तो तुम पर खाना हराम है। इनका पड़ोसी भूखा तो छोड़िए, तबाह हो बर्बाद हो गया, यह अय्याशियों में मस्त रहे। जब इनकी आवाम ने सुर्ख आंखे दिखाई और एक हलचल पैदा हुई कि अगर तुमने हरकत न करी, तो तख्त उलट जाएंगे। तब यह पलटे और मिस्र में इकठे हो गए।

अमरीका के पिछलग्गुओं ने देर ही में सही,कम से कम इतनी तबाही के बाद एक फिक्र को अमली जामा पहनाया। अब कम से कम यहीं से उस मिट्टी पर सुकून आ जाए। अब यहां से ही सही, फलस्तीन एक नई शुरुआत करे। उसे सब मिलकर वैसे ही उसकी जमीन पर रोप दें और मदद करें। जैसे तमाम तबाह हो चुके यहूदियों को एक बार रोपा गया था। फिलिस्तीन नाम का मुल्क अगर जमीन पर उभर आया तो यह मीटिंग का कुछ तो फायदा होगा वरना बस यही है कि जमीन जायदाद और जान छीनकर खामोश कर दिया। यह एक तारीखी पहल हो सकती है। यहीं से उम्मीद के रास्ते बन सकते हैं। इसीलिए दुनिया के तमाम लीडर्स यहां इकट्ठे हैं मगर फिर भी अगर यहां चीन और रूस होते, तो कदम ज्यादा ठोस मालूम देते। यह तो अमरीका के दोस्त इकट्ठे हुए हैं। उसकी नाजायज औलाद इजराइल के किए को लीप रहे हैं। देखते हैं कि पूरा लिप जाता है या नहीं, क्योंकि सबकी नियत में लालच और खोट है, सबकी आंखों में अमरीका का खौफ भी है।



गजा की तबाही हमारी पीढ़ी की देखी सबसे खौफनाक कहानी है। हमने अपनी आंखों से बच्चों, औरतों, नौजवानों, बूढ़ों, जानवरों, इमारतों, स्कूलों, अस्पतालों, फैक्ट्रियों को जमीन में मिलते देखा है। हमने इंसानियत पर सबसे बड़े जुल्म को होते देखा है। भूख से पिचके पेट, धंसी आंखे, सूखे होंठ और बच्चों के गालों पर झुर्रियां देखीं हैं। यह सब एक समझौते से मिट नही जाएंगी, दर्द रहेगा, सदियों रहेगा,बस सुकून आ जाए।

हम शांति चाहते थे। किसी भी हाल में शांति ही हमारा पहला मकसद था। इसलिए जब युद्ध रुका और इन सबों ने शांति के लिए कदम उठाया। सारी दुनिया यहां इकट्ठी हो गई। तो बस यही सुकून है कि चलो, मौत का नंगा नाच तो रुकेगा। बाकी सियासत, कूटनीति और बंदरबाट एक तरफ, कम से कम मौत तो रुकीं। मरना तो रुका। बस इतने के लिए यह कदम ठीक ही लग रहा है। आज से ही सही, उम्मीद और सुकून का रास्ता बन जाए। अरब अपने पड़ोस की इस तबाही को अपनी मदद से भर सकें। जमीन का यह हिस्सा भी अपने हिस्से की सुकून और तरक्की को पा सके। यहीं से ही सही,कम सेकम शांति की बात बढ़ चले। इतना ही बहुत है। आखिर में बस इतना,तमाम मतलबपरस्त मिलकर कोई फैसला ले रहे हैं। इसमे सिर्फ एक बात ही पक्की हो जाए कि अब और मौतें नहीं, अब और तबाही नहीं। दुनिया का हर मसला आखिर में बातचीत की मेज पर ही आता है । यही बात 7 दिन, 77 दिन पर हो सकती थी मगर 777 दिन लग गए। नतीजा वही,जो हर युद्ध का होता है और रास्ता वही, बातचीत। बस अब से यहां सुकून आ जाए,यही दुआ।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## इस दीपावली में लाएं चेहरे पर सोने सा निखार



शहनाज हुसैन

त्योहारों का सिलसिला शुरू हो गया है। दीपोत्सव के पावन दिन हर महिला रंगों की तरह दमकना चाहती है ६ लेकिन इसके बिपरीत पहले नवरात्रों में डांडिया की धूम की बजह से घर से बाहर रहने और फिर दीवाली के लिए घर की साफ सफाई, डेकोरेशन ,लाइटिंग तथा शॉपिंग की जिम्मेदारी की बजह से से त्वचा धूल ,मिट्टी और प्रदूषण के सम्पर्क में आने से करना एकदम खराब हो जाती है। घर की साज सज्जा और मेहमानों की खातिरदारी की तैयारियों की बजह से ज्यादातर महिलाएं अपने लिए समय नहीं निकाल पाती हैं जिसकी बजह से पावन दिन पर उनका चेहरा बुझा, थका और उदास सा दिखने लगता है, लेकिन इसके लिए आपको टेंशन लेने की कोइ बात नहीं है। अगर आप इस त्योहार पर ग्लोइंग स्किन पाना चाहती है तो अभी से अपने लिए कुछ समय निकाल कर नियमित रूप से स्किन केयर रूटीन फॉलो करना शुरू कर दीजिए जिससे आप नेचुरल ग्लो के साथ सब के साथ अलग और खूबसूरत दिखें और आपके चेहरे से प्रकृतिक आभा झलके आपको महज कुछ सौन्दर्य सावधानियां अपनानी होंगी तथा बाजार के महंगे सौन्दर्य प्रसाधनों की बजाय घरेलू ऑर्गेनिक प्रसाधनों का उपयोग करना होगा जोकि आपकी बाटिका तथा किचन कैबिनेट में मौजूद हैं। इस अबसर पर परम्पारिक घाघरा–चोली, साड़ी, कुर्ता, सलवार के साथ आर्गेनिक सौन्दर्य प्रसाधनों से आपके सौन्दर्य को चार चांद लग जाएंगे तथा आप इस खास दिन आकर्षण का केंद्र बन जाएंगी। घरेलू आर्गेनिक नुस्खे अपनाकर न केवल आप त्यौहार में अपनी रंगत निखार कर इस उत्सव की आभा बढ़ा सकती हैं बल्कि आपके चेहरे का आकर्षण त्यौहार में चार चांद लगा सकता है। दिवाली के साथ–साथ मौसम भी करवट लेता है। इस मौसम में ठंडक बढ़ जाने से दिनों दिन बाताबरण में आद्रर्ता की कमी आनी शुरू हो जाती है जिससे त्वचा में रूखापन आना शुरू हो जाता है। आपके होंठ ,चेहरे, त्वचा तथा बालों पर ठंडक की मार साफ झलकने लगती है। पर्वतीय क्षेत्रों में मौसम की पहली बर्फबारी के साथ ही त्वचा का प्रकृति संतुलन बिगड़ना शुरू हो गया है तथा त्वचा में रूखापन आने के साथ ही त्वचा में चकते ,फोड़े, फुन्सिया, मुहांसे पैदा हो जाते हैं तथा बाल रूखे सूखे होकर बेजान तथा निर्जीव लगने लगते है। इसलिए त्वचा में नमी बनाए रखना अत्यन्त महत्वपूर्ण हो जाता है। इस मौसम में सामान्य तथा सूखी त्वचा को जैल के साथ दिन में दो बार साफ करना चाहिए। क्लीनजर से त्वचा की हल्के तरीके से मालिश कीजिए तथा विषैले एवं गन्दे पदार्थो को गीले कॉटन वूल से हटा दीजिए। इसके बाद त्वचा पर कॉटनवूल के मदद से गुलाब जल तथा त्वचा टानिक का प्रयोग कीजिए। इस दौरान वाताबरण में प्रदूषण खतरनाक स्तर को पार कर जाता है तथा वातावरण में रासायनिक वायु प्रदूषण, गन्दगी तथा कालिख एवं मेल विद्यमान रहती है। इन सबसे त्वचा सम्बन्धी विकार पैदा होते है। शहरों में रहने वाली महिलाओं को रात्रि में अपने अंगों की सफाई आवश्यक रूप से करनी चाहिए। रात्रि में सभी प्रकार के सौंदर्य प्रसाधन शरीर में हटा देने चाहिए क्योंकि इनसे त्वचा में रूखापन आ जाता है तथा त्वचा का प्राकृतिक अम्लीय–क्षारीय संतुलन भी बिगड़ जाता है जिससे त्वचा ड्राई हो जाती है। हालांकि मौसम में ठण्डक जरूर आ गई है लेकिन दिन का तापमान 30 डिग्री के आसपास दर्ज किया जा रहा है। यदि आप कामकाजी महिला हैं तथा दिन भर खुले बाताबरण में सफर करती हैं तो सुबह घर से बाहर निकलने से पहले त्वचा पर सनस्क्रीन का उपयोग कीजिए तथा यदि आप घर के अन्दर रह रही है तो त्वचा पर माइस्चराईजर का उपयोग कीजिए। आज कल बाजार में माइस्चराईजर क्रीम तथा तरल रूप में उपलब्ध है। रूखी त्वचा के लिए रात्रि में क्लीजिंग के बाद नरीशिंगध्पौषक लगाकर इसे पूरे चेहरे पर मल लीजिए तथा बाद में कॉटनवूल की मदद से इसे साफ कर लीजिए। जिसके बाद आप त्वचा पर सीरम लगा लीजिए।

तेलीय त्वचा को भी माइस्चराईजर की जरूरत होती है। अगर तैलीय त्वचा पर क्रीम लगाई जाए तो कील मुंहासे उभर आते है। तैलीय त्वचा में नमी प्रदान करने के लिए एक चम्मच शुद्ध गलीसरीन में 100 मिली लीटर गुलाब जल मिलाऐं। इस मिश्रण को फ्रिज में एयरटाईट जार में रखे। इस मिश्रण को क्लीनजिंग के बाद उपयोग कीजिए। उससे त्वचा में तैलीयपन की बजाय नमी का प्रभाव आता है। त्वचा को साफ करने के लिए दूध या फेसवॉश का उपयोग करें। फेसिअल स्क्रब से चेहरे की त्वचा में लालिमा तथा चमक आती है। हफ्ते में दो बार फेसिअल स्क्रब का उपयोग करना चाहिए। पीसे हुए बादाम या चावल पाऊडर को दही तथा थोड़ी सी हल्दी में मिलाईए। आप इसमें सूखा तथा पाऊडर संगतरा व नींबू के छिलके मिला लीजिए। इसे चेहरे पर लगाकर चेहरे की हल्की अहिस्ता से मालिश कर लीजिए तथा बाद में कुछ समय बाद चेहरे को ताजे पानी से धो डालिए। दिन में घर में बाहर निकलने से पहले त्वचा पर सनस्क्रीन जरूर लगा लीजिए। आप अपनी त्वचा की प्रकृति के अनुसार सनस्क्रीन लोशन या क्रीम को उपयोग में ला सकती है। आपको दिन में क्रीम, पौषाहार तथा रात्रि में भी रात्रि क्रीम तथा सीरम का उपयोग करना चाहिए। दीवाली त्यौहार अपने साथ सर्द ऋतु की सौगात लाती है। प्रतिदिन चेहरे पर 10 मिनट तक शहद लगाइए तथा बाद में इसे ताजा स्वच्छ जल से धो डालिए। यदि आप के घर में घृतकुमारी या एलोवेरा का पौधा लगा है तो इसकी आन्तरिक हिस्से की पत्तियों में विद्यमान जैल को चेहरे पर नमी तथा ताजगी प्रदान करने के लिए उपयोग में लाया जा सकता है। गाजर को रगड़कर इसे चेहरे पर 15–20 मिनट तक लगाऐ। गाजर विटामिन 'ए' में भरपूर मानी जाती है तथा सर्दियों में त्वचा को पौषाहार प्रदान करने में काफी सक्षम होती है। यह सभी प्रकार की त्वचा के लिए लाभदायक मानी जाती है। आधा चम्मच शहद में एक चम्मच गुलाब जल तथा एक चम्मच सूखा दूध् का पाऊडर मिलाईए। इन सबका पेस्ट बनाकर चेहरे पर लगा लीजिए तथा 20 मिनट बाद ताजे पानी से धो डालिए। यह मिश्रण सूखी तथा सामान्य दोनों प्रकार की त्वचा के लिए लाभदायक साबित होता है मेयोनेज या अण्डे का योक चेहरे पर लगाने से सभी प्रकार की त्वचा में सूखेपन से राहत मिलती है। सप्ताह में दो बार बालों की तेल से ट्रीटमेंट करें। जैतून के तेल को गर्म करके इसे बालों तथा खोपड़ी पर मालिश करें। इसके बाद तौलिए को गर्म पानी में डुबोए तथा पानी को निचोडने के बाद तोलिए को सिर पर पगड़ी की तरह पांच मिनट तक लपेट लें। इस प्रक्रिया को 3–4 बार दोहराएं तथा इस प्रक्रिया से बालों तथा खोपड़ी पर तेल को सोखने में आसानी होती है। अण्डे का सफेद हिस्सा तैलीय बालों को प्राकृतिक क्लीनजर का अदभुत कार्य करता है था इसके प्रोटिन तत्वों से शरीर को सुदृढ करने में प्रभाव मदद मिलती है। अंडे में सफेद हिससे को बालों को शैम्पू करने से आधा घण्टा पहला लगा लीजिए। बालों को पोषण प्रदान करने के लिए अण्डे के योक से खोपड़ी को हल्की–हल्की मालिश कीजिए तथा इसे आध घंटा तक रहने दीजिए तथा बाद में बालों को ताजे स्वच्छ पानी से धो डालिए। इससे बाल मुलायम हो जाते है। यदि आप दीवाली त्यौहार को यादगार बनाने के लिए घर में कड़ी मेहनत कर रही है तो आपको कुछ टिप्स कापफी मददगार साबित हो सकते है। त्यौहार में पहले आप नरव प्रसाध्न तथा पादचिकित्सा अवश्य कर लीजिए। वास्तव में हाथ तथा पांवों को गर्म पानी में डुबोने के बाद क्रीम से मसाज कर लीजिए ताकि त्वचा कोमल तथा मुलायम बन जाए। हाथों के सौंदर्य के लिए उन्हें चीनी तथा नींबू जूस से रगड़ लें। दीवाली त्यौहार से पहले वैक्सिंग तथा थ्रेडिंग की ओर भी हल्का सा ध्यान देना न भूले।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# गाजा में इजरायल ने मचाई 13 एटम बमों जितनी तबाही

## मलबा हटाने में ही लगेंगे 15 साल, 105800 से अधिक इमारतें पूरी तरह ध्वस्त

**गाजा सिटी।** गाजा पट्टी आज एक भूगोल नहीं, बल्कि बारूद में झुलसे मानवीय त्रास का प्रतीक है। इजरायल ने गत दो वर्षों में करीब 2 लाख टन विस्फोटक बरसाए हैं। यह इतना बारूद है जो 13 परमाणु बमों के साझा असर के बराबर है। हमास की जिद का मूल्य गाजा को एक लाख से अधिक मौतों के रूप में चुकाना पड़ा है। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) की नवीनतम अक्तूबर 2025 की रिपोर्ट रिकंस्ट्रक्शन इंडेक्स ऑफ गाजा के अनुसार, इस तबाही में 105800 से अधिक इमारतें पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी हैं और हर 10 में से 8 इमारतें खंडहर हैं।

गाजा मानव निवास के लिए अयोग्य क्षेत्र है। लगभग 90 प्रतिशत आबादी के घर या तो ढह गए हैं या रहने लायक नहीं बचे। 95 प्रतिशत से अधिक बहु मंजिला इमारतें जमींदोज हो चुकी हैं। यूएनडीपी और विश्व बैंक के साझा सर्वेक्षण कहता है, गाजा में अब 6 करोड़ टन से अधिक मलबा फैला है। यह मात्रा सीरिया के अलेप्पो युद्ध के दौरान हुए कुल विनाश से तीन गुना अधिक है। मलबा हटाने की अनुमानित लागत 24 अरब डॉलर (करीब 2 लाख करोड रुपये) है जो फलस्तीनी वार्षिक जीडीपी से 4 गुना है। इंजीनियरिंग परिषद के आकलन में कहा गया है कि मौजूदा संसाधनों के आधार पर सिर्फ मलबा हटाने में ही 12 से 15 साल लगेंगे और तब जाकर किसी नए निर्माण की शुरुआत संभव होगी। इसलिए गाजा का पुनर्निर्माण एक बड़ी चुनौती है। तबाही का सबसे भयावह पहलू मानव जीवन की हानि है। संयुक्त राष्ट्र मानवीय राहत एजेंसी, डब्ल्यूएचओ और यूएनआरडब्ल्यूए की अक्टूबर 2025 तक की समेकित रिपोर्टों के अनुसार गाजा में करीब 1.52 लाख लोग मारे जा चुके हैं। इनमें से 1.8 लाख मौतों की पुष्टि हुई है व 43 हजार से अधिक लोग मलबे में दबे या लापता हैं। घायलों की संख्या 3.72 लाख से अधिक है, जिनमें 60 प्रतिशत से ज्यादा महिलाएं-बच्चे हैं। मृतकों में 423 स्वास्थ्यकर्मी, 179 पत्रकार और 247 संयुक्त राष्ट्र राहतकर्मी हैं जो कर्तव्य निभाते हुए हमलों का शिकार बने। हमास की तरफ से इजरायल के 20 बंधकों को गाजा युद्धविराम के तहत रेड क्रास को सौंपते ही इजरायलियों में जश्न शुरू हो गया। पश्चिम एशिया समेत पूरी दुनिया को अस्थिर करने वाला दो साल से जारी विनाशकारी युद्ध खत्म होने से गाजा और इजरायल दोनों जगह लोगों ने उत्सव मनाया। लेकिन युद्धविराम और बंधकों की रिहाई संबंधी शांति योजना सिर्फ पहला कदम है। अगले कदमों पर प्रतिस्पर्धी मांगें बरकरार हैं। इस कारण युद्ध की वास्तविक समाप्ति पर अनिश्चितता है। इजरायली बंधकों को रिहा करते वक्त हमास ने कहा कि 1900 से अधिक फलस्तीनी कैदियों के बदले 20 जीवित बंधकों को रिहा किया जा रहा है।




### सांसद कीर्तिवर्धन सिंह गाजा शांति शिखर सम्मेलन में हुए शामिल

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विशेष प्रतिनिधि के रूप में उत्तर प्रदेश के गोंडा लोकसभा सीट से सांसद एवं विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने शर्म अल-शेख में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल सीसी की सह-मेजबानी में आयोजित गाजा शांति शिखर सम्मेलन में हिस्सा लिया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट के माध्यम से मंगलवार को यह जानकारी दी। जायसवाल ने लिखा कि भारत ऐतिहासिक शांति समझौते पर हस्ताक्षर का स्वागत करता है और आशा करता है कि इससे क्षेत्र में स्थाई शांति स्थापित होगी।



चंडीगढ़। हरियाणा के आईपीएस अधिकारी वाई. पूरन कुमार के परिवार के सदस्यों से मिलते लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी।

## ढाका में केमिकल गोदाम-कपड़ा फैक्टरी में भीषण आग, नौ लोगों की मौत

**ढाका।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। मीरपुर इलाके के शियालबाड़ी में मंगलवार को एक रसायनिक (केमिकल) गोदाम और कपड़ा फैक्टरी में भीषण आग लगने से कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई है। वहीं कई अन्य लोग घायल हो गए। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह हादसा अचानक हुआ और आग ने तेजी से पूरे गोदाम को अपनी चपेट में ले लिया। फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। घटनास्थल से कई झुलसे हुए लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकारियों के अनुसार, मृतकों की संख्या और बढ़ सकती है क्योंकि कई लोग गंभीर रूप से घायल हैं। फिलहाल आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। फायर सर्विस एंड सिविल डिफेंस के अधिकारी तल्हा बिन जसीम ने बताया कि आग रूपनगर इलाके में स्थित बांग्लादेश यूनिवर्सिटी ऑफ बिजनेस एंड टेक्नोलाजी (बीयूबीटी) के पास लगी। केमिकल गोदाम से शुरू हुई आग फैक्ट्री तक पहुंच गई। मामले में फायर सर्विस एंड सिविल डिफेंस के ऑपरेशन्स डायरेक्टर लेफ्टिनेंट कर्नल मोहम्मद ताजुल इस्लाम चौधरी ने जानकारी दी कि मृतकों के शव कपड़ा फैक्ट्री की दूसरी और तीसरी मंजिल से बरामद किए गए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### सीओपी ने बहुपक्षवाद को मजबूत करने पर सहमत जताई

**ब्रासीलिया।** ब्राजील में आगामी 2025 संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन (सीओपी30) में भाग लेने वाले देशों के प्रतिनिधिमंडलों ने बहुपक्षवाद को मजबूत करने की आवश्यकता पर व्यापक रूप से सहमति व्यक्त की है। शिखर सम्मेलन के प्रभारी ब्राजील के वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। ब्राजील के विदेश मंत्रालय के जलवायु, ऊर्जा एवं पर्यावरण सचिव तथा सीओपी30 के अध्यक्ष आंद्रे कोर्रिया डो लागो ने ब्रासीलिया में आयोजित प्री-सीओपी30 बैठक के दौरान एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बहुपक्षवाद को सुदृढ़ करने की इच्छा पर स्पष्ट सहमति है और सभी ने इसका उल्लेख किया।

### वेनेजुएला में खदान ढहने से 14 की मौत

**काराकस।** दक्षिण-पूर्वी वेनेजुएला के बोलिवर राज्य में सोमवार को एक सोने की खदान ढहने से कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई। यह जानकारी मंगलवार को राष्ट्रीय जोखिम प्रबंधन प्रणाली ने दी। यह दुर्घटना रोसियो नगरपालि. का के एल कैलाओ शहर में हुई, जहां भारी बारिश के कारण बाढ़ आ गई जिससे खदान की संरचना कमज़ोर हो गई और वह ढह गई। अग्निशमन कर्मी और नागरिक सुरक्षा अधिकारी बाढ़ग्रस्त क्षेत्र से शवों को निकालने का काम कर रहे हैं।

### रूस आर्कान्जेस्क क्षेत्र में मिला 340 कैरेट का हीरा

**मॉस्को।** रूस के आर्कान्जेस्क क्षेत्र में एक भंडार से 340 कैरेट का एक उच्च गुणवत्ता वाला हीरा मिला है। स्थानीय गर्वनर अलेक्जेंडर त्सिबुल्स्की ने सोमवार को यह जानकारी दी। त्सिबुल्स्की ने कहा कि यह हीरा आधुनिक रूस में खोजे गए पांच सबसे बड़े हीरों में से एक है और यह स्थानीय वी. ग्रिब भंडार के औद्योगिक विकास के दौरान मिला। यह अब तक का सबसे बड़ा हीरा है। गवर्नर के अनुसार, यह रत्न न केवल अपने असाधारण आकार के लिए, बल्कि अपनी गुणवत्ता और बाजार के दामों के लिए भी खास है।

### वेनेजुएला का नार्वे दूतावास बंद करने का ऐलान

**काराकस।** वेनेजुएला की विपक्षी नेता मारिया कोरिना माचादो को 2025 का नोबेल शांति पुरस्कार देने से नाराज सरकार ने नार्वे के दूतावास पर ताला लगा दिया है। वेनेजुएला में नोबेल समिति के फैसले की ही कघी आलोचना का ज्वार थम नहीं रहा है। लोग मानते हैं कि वह देश में सत्ता पलटने के लिए विदेशी सैन्य हस्तक्षेप की मांग करती रही हैं और स्वयं भी तख्तापलट के प्रयासों में भागीदार रही हैं। वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने सुमाचादो को धुर दक्षिणपंथी नेता बताते हुए कहा कि वह देश में बाहरी हस्तक्षेप की मांग करती रही हैं।

## डेविड एडियांग दूसरे कार्यकाल के लिए नाउरू के राष्ट्रपति चुने गए

**सिडनी।** नाउरू में शनिवार को हुए राष्ट्रीय चुनावों के बाद वर्तमान राष्ट्रपति डेविड एडियांग दूसरे कार्यकाल के लिए राष्ट्रपति चुने गए है। नाउरू सरकार ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि मंगलवार को माइक्रोनेशियाई राष्ट्र की 25वीं संसद के उद्घाटन सत्र के दौरान एडियांग को निर्विरोध राष्ट्रपति चुना गया। एडियांग अक्टूबर 2023 से नाउरू के राष्ट्रपति के रूप में सेवा दे रहे हैं और 2001 से संसद सदस्य हैं। वह शनिवार को हुए राष्ट्रीय चुनावों में 25वीं संसद में नाउरू के आठ बहु-सदस्यीय निर्वाचन क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुने गए 19 सांसदों में से एक हैं।

## दोस्तों को बचाकर खुद हमास के चुंगल में फंसा था बिपिन

**तेल अवीव।** इजरायल और हमास के बीच युद्धविराम के बाद अब बंदियों की अदला-बदली का दौर शुरू हो चुका है। हमास ने 20 जीवित बंदियों को रिहा किया। इसी के साथ दूसरी तरफ हमास की सशस्त्र शाखा अल-कसम ब्रिगेड्स ने 4 मृत इजरायल बंधकों के नाम सार्वजनिक कर, उनके शव सौंप दिए हैं, जिनमें से एक हिंदू छात्र बिपिन जोशी का शव भी शामिल है, जिनकी मौत की पुष्टि कर दी गई है। हमास ने अपहृत बंदी बिपिन जोशी का शव दो साल से ज्यादा समय के बाद इजरायल को लौटा दिया गया है। 7 अक्टूबर 2023 के हमले के दौरान बिपिन जोशी को उनकी बहादुरी के लिए जाना जाता था। उन्होंने बड़ी बहादुरी के साथ उसके 4 दोस्तों को बचाया था। बिपिन जोशी, जो कि नेपाली छात्र थे, हमास के हमले के समय 22 वर्ष के थे और गाजा सीमा के पास किबुत्ज़ अलुमिम में एक कृषि प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए नेपाल से आए थे। माना जाता है कि वह गाजा में जीवित बचे एकमात्र गैर-इजरायली और हिंदू बंधक थे। सोमवार देर रात हमास ने उनका शव इजरायली अधिका. रियों को सौंप दिया।

**■ इजरायल को सौंपा गया बंधक बिपिन जोशी का शव**

## भारत में 3 कफ सिरप के खिलाफ WHO की चेतावनी

### इन सिरप से जान को खतरा, कोल्ड्रिफ भी शामिल, MP में इससे 25 बच्चों की मौत हुई

**नई दिल्ली।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने भारत में तीन मिलावटी कफ सिरप को लेकर चेतावनी जारी की। इनमें श्रीसन फार्मास्यूटिकल की कोल्ड्रिफ, रेडनेक्स फार्मास्यूटिकल्स की रेस्पिफेश टीआर और शेप फार्मा की रीलाइफ की खेप शामिल हैं। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि तीनों सिरप गंभीर जोखिम पैदा कर सकते हैं। ये जान के लिए खतरा पैदा करने वाली बीमारी का कारण भी बन सकते हैं।

डब्ल्यूएचओ ने दुनियाभर के देशों से कहा है कि अगर उनके यहां ये दवाओं मिल रही हैं तो हमें इसकी जानकारी दें। कोल्ड्रिफ वही सिरप है, जिससे मध्य प्रदेश में सितम्बर से अब तक 5 साल से कम उम्र के 25 बच्चों की मौत हुई है। सिरप में डाइएथिलीन ग्लाइकाल (डीईजी) की मात्रा तय सीमा से लगभग 500 गुना ज्यादा थी, जिससे बच्चों की जान गई। डब्ल्यूएचओ ने 9 अक्टूबर को भारत से पूछा था कि क्या कोल्ड्रिफ कफ सिरप विदेशों में भी निर्यात किया गया था। भारत में दवाओं की निगरानी करने वाली अथारिटी, सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड कंट्रोल आर्गनाइजेशन (सीडीएससीओ) ने कहा था कि कोई भी मिलावटी दवा बाहर नहीं भेजी गई। न ही अवैध निर्यात का कोई सबूत मिला है। तमिलनाडु के कांचीपुरम स्थित फैक्ट्री से सोमवार रात अधिकारियों ने कोल्ड्रिफ के सैंपल जब्त किए। श्रीसन फार्मा का लाइसेंस रद्द, कंपनी भी बंद तमिलनाडु स्थित कांचीपु. रम में श्रीसन फार्मास्युटिकल कंपनी कोल्ड्रिफ सिरप बना रही थी। तमिलनाडु ड्रग्स कंट्रोल डिपार्टमेंट ने श्रीसन फार्मा का लाइसेंस रद्द कर दिया और कंपनी को आधिकारिक रूप से हमेशा के लिए बंद कर दिया। कंपनी के मालिक रंगनाथन गोविंदन (75 साल) को 9 अक्टूबर को चेन्नई के कोडम्बक्कम स्थित उसके अपार्टमेंट से गिरफ्तार किया गया था। मध्य प्रदेश पुलिस की एक स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (सीट) ने उसे पकड़ा था। उसे 10 दिन की पुलिस रिमांड (20 अक्टूबर तक) पर भेजा गया है। कोल्ड्रिफ में किडनी खराब करने वाला 48 प्रतिशत जहर एमपी में बच्चों की मौत के बाद श्रीसन फार्मा की यूनिट से कोल्ड्रिफ सिरप (बैच नंबर एसआर-13) जब्त की गई थी।




सिरप में डाइएथिलीन ग्लाइकाल की मात्रा तय सीमा से लगभग 500 गुना ज्यादा थी

## अफगानिस्तान के साथ दुश्मनी भरा माहौल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने चेतावनी दी है कि अफगान के साथ दुश्मनी भरा माहौल है। इस्लामाबाद और काबुल में किसी भी वक्त संघर्ष शुरू हो सकता है। उन्होंने कहा कि फिलहाल दोनों देशों में कोई झड़प नहीं हो रही है, लेकिन दोनों देशों के बीच संबंध ठंड पड़ गए हैं। आसिफ ने आगे कहा संघर्ष की संभावना को नकारा नहीं जा सकता।

अगर अफगानिस्तान धमकी देता है, तो हमें तुरंत प्रतिक्रिया देने का अधिकार है। दरअसल 9 अक्टूबर को अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में तहरीक-ए- तालिबान पाक (टीटीपी) के ठिकानों पर हवाई हमले हुए थे। तालिबान का कहना था कि ये हमले पाकिस्तान ने किए थे। इसके जवाब में अफगानिस्तान ने 11 अक्टूबर को देर रात पाकिस्तान की 25 सैन्य चौकियों पर हमला कर दिया था। बार्डर पर दोनों देशों की सेनाएं अलर्ट पर रहीं। इस दौरान दोनों देशों के बीच व्यापार और यात्रियों का आना-जाना बंद रहा। बार्डर बंद होने से सैकड़ों अफगान लोग पाकिस्तान में फंसे हुए हैं। वे अपने मुल्क नहीं लौट पा रहे हैं।

**■ पाक पाकिस्तानी रक्षामंत्री बोले: संघर्ष फिर से शुरू हो सकता है, दोनों देशों की सेनाएं अलर्ट पर**

## यूएन महासभा में बोले भाजपा सांसद: पाकिस्तान उपदेश न दे

**न्यूयार्क।** भाजपा नेता और लोकसभा सांसद निशिकांत दुबे ने संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान की आलोचना की। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर में उसकी हार का हवाला दिया। पाकिस्तान पर बच्चों और आतंकवाद पर संयुक्त राष्ट्र के एजेंडे (सीएएसी) के गंभीर उल्लंघन का आरोप लगाया।

संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में बाल अधिकारों के संवर्धन और संरक्षण के एजेंडे पर एक सेशन को संबोधित कर रहे थे। निशिकांत ने कहा कि पाकिस्तान को खुद को आईने में देखना चाहिए, इस मंच पर उपद. ेश देना बंद करना चाहिए, अपनी सीमाओं के भीतर बच्चों की सुरक्षा के लिए कदम उठाना चाहिए और अपनी सीमाओं के पार महिलाओं और बच्चों को निशाना बनाना बंद करना चाहिए। निशिकांत ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा और विकास के लिए बेहतर वातावरण बनाना राष्ट्रीय महत्व का विषय है। भारत के प्रयासों की सराहना करने के लिए हम विशेष प्रतिवे. दक का धन्यवाद करते हैं। उन्होंने भारत में चल रही चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 जैसी पहलों का उल्लेख किया। यह हेल्पलाइन खतरे में पड़े बच्चों को इमरजेंसी सर्विस प्रोवाइड करती है। हमारी उज्ज्वला योजना तस्करी और यौन शोषण से बच्चों के बचाव और पुनर्वास पर केंद्रित है। दुबे ने कहा कि दूसरी ओर, पाकिस्तान में बिल्कुल उलटा है। वह एक ऐसा देश है जो सीएएसी एजेंडे के सबसे गंभीर उल्लंघनकर्ताओं में से एक है।



**■ पहले आईने में चेहरा देखे, महिलाओं-बच्चों को निशाना बनाना बंद करे**

## भारत में एशिया का सबसे बड़ा डेटा सेंटर बनाएगा गूगल

**नई दिल्ली।** टेक दिग्गज गूगल भारत में बड़ा निवेश करने जा रहा है। गूगल ने मंगलवार को घोषणा करते हुए कहा कि कंपनी अगले पांच वर्षों में भारत में 15 अरब डॉलर का निवेश करने जा रही है।

इस निवेश के तहत कंपनी आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में एक विशाल डेटा सेंटर और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) हब स्थापित करेगी। गूगल के मुताबिक, यह अमे. रिका के बाहर दुनिया का सबसे बड़ा एआई सेंटर होगा। गूगल क्लाउड के सीईओ थामस कुरियन ने दिल्ली में आयोजित समझौता कार्यक्रम के दौरान कहा कि यह हमारे लिए अमे. रिका के बाहर सबसे बड़ा एआई हब निवेश है। भारत अब ग्लोबल टेक हब बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस कार्यक्रम में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू और राज्य के आईटी मंत्री नारा लोकेश भी मौजूद रहे। यह समझौता आंध्र प्रदेश में तेजी से बढ़ती डिजिटल इकानमी को गति देने वाला माना जा रहा है।

**■ कंपनी अगले पांच वर्षों में भारत में 15 अरब डॉलर का निवेश करने जा रही: थामस कुरियन**

## सबसे ताकतवर रॉकेट स्टारशिप का 11 वां टेस्ट कामयाब

### दूसरी बार आठ डमी सैटेलाइट अंतरिक्ष में छोड़े, स्टारशिप की हिंद महासागर में लैंडिंग

**टेक्सास।** दुनिया के सबसे ताकतवर राकेट स्टारशिप का 11वां टेस्ट कामयाब रहा। इसे मंगलवार (14 अक्टूबर) को सुबह 5:00 बजे टेक्सास के बोका चिका से लान्च किया गया। ये टेस्ट 1 घंटे 6 मिनट का था, जिसमें सुपर हैवी बूस्टर की अमेरिका की खाड़ी में वाटर लैंडिंग कराई गई।

वहीं स्टारशिप की हिंद महासागर में वाटर लैंडिंग कराई गई। इस फ्लाइट का मकसद भविष्य में राळकेट को उड़ान भरने वाली जगह पर वापस लाने से जुड़े टेस्ट करना था। दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स ने इस राकेट को बनाया है। स्टारशिप स्पेसक्राफ्ट (ऊपरी हिस्सा) और सुपर हैवी बूस्टर (निचला हिस्सा) को कलेक्टिवली 'स्टारशिप' कहा जाता है। इस व्हीकल की ऊंचाई 403 फीट है। ये पूरी तरह से रीयूजेबल है। स्टारशिप को भारतीय समय के अनुसार सुबह 5:00 बजे टेक्सास के बोका चिका से लान्च किया गया। फ्लाइट एक्सपेरिमेंट्स से नेक्स्ट-जनरेशन बूस्टर के लिए जरूरी जानकारी इकट्ठा की गई। व्हीकल के संवे. दनशील हिस्से को टेस्ट करने के लिए वहां से कुछ टाइल्स हटा दी गई थीं। बूस्टर के लैंडिंग बर्न के दौरान एक खास इंजन कॉन्फिगरेशन का प्रदर्शन किया गया। लैंडिंग के अंतिम चरण में तीन सेंटर इंजनों में से एक को जानबूझकर बंद किया गया, ताकि यह जांचा जा सके कि मिडिल रिंग का बैकअप इंजन लैंडिंग को पूरा कर सकता है या नहीं। मिशन में आठ डमी सैटेलाइट अंतरिक्ष में छोड़ी गई। अंतरिक्ष में एक रैप्टर इंजन को दोबारा चालू करने का टेस्ट भी किया गया, जो कामयाब रहा। स्टारशिप के सुपर हेवी बूस्टर की अमे. रिका की खाड़ी में वाटर लैंडिंग कराई गई। स्टारशिप का 10वां टेस्ट 27 अगस्त को किया गया था, जो कामयाब रहा था। राकेट को सुबह 5:00 बजे टेक्सास के बोका चिका से लान्च किया गया। ये टेस्ट 1 घंटे 6 मिनट का था। इस मिशन में स्टारलिंक सिम्युलेटर सैटेलाइट को अंतरिक्ष में छोड़ने से लेकर इंजन चालू करने जैसे सभी आब्जेक्टिव पूरे हुए। स्टारलिंक सिम्युलेटर सैटेलाइट असली स्टारलिंक सैटेलाइट्स के डमी हैं। इनका इस्तेमाल स्टारशिप की सैटेलाइट डिप्लायमेंट क्षमता को परखने के लिए किया जाता है।



**■ दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स ने इस राकेट को बनाया**

## मंगोलिया के नागरिकों को मिलेगा नि:शुल्क ई-वीजा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को मंगोलिया के विकास में मजबूत और विश्वसनीय साझेदार बताते हुए दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों के 70 वर्ष पूरे होने के मौके पर मंगो. लिया के नागरिकों के लिए निशुल्क ई-वीजा की घोषणा की और कहा कि दोनों के बीच आध्यात्मिक संबंधों तथा परंपराओं को मजबूत बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं।

मोदी ने भारत की यात्रा पर आए मंगोलिया के राष्ट्रपति हुरेलसुख उखना के साथ यहां द्विपक्षीय वार्ता के बाद संयुक्त वक्तव्य में कहा कि भारत मंगो. लिया के विकास में एक दृढ़ और विश्वसनीय साझेदार रहा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति हुरेलसुख की यात्रा ऐसे समय पर हो रही है जब भारत और मंगोलिया के बीच राजनयिक संबंधों के 70 वर्ष और रणनीतिक भागीदारी के 10 वर्ष पूरे हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर दोनों देशों ने संयुक्त डाक टिकट भी जारी किया जो साझा विरासत, विविधता और गहरे सत्यतागत संबंधों का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि छह वर्ष के बाद मंगोलिया के राष्ट्रपति का भारत आना अपने आप में एक विशेष अवसर है। प्रधानमंत्री ने इस मौके पर महत्वपूर्ण निर्णय की घोषणा करते हुए कहा कि भारत मंगोलिया के नागरिकों को निष्शुल्क ई-वीजा देगा और हर वर्ष मंगोलिया से युवा 'कल्चरल एम्बेसडर्स' की भारत यात्रा की भी व्यवस्था करेगा।

**■ भारत मंगोलिया के विकास में मजबूत और विश्वसनीय साझेदार: मोदी**

